नई दिल्ली

शुक्रवार, 12 जुलाई 2024

आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष, षष्ठी वर्ष : 28, अंक : 92

पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 37
न्यून. 29

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




11 पीवी सिंधु के स्मैश की रफ्तार जेना के थ्रो का मना जश्न

# एआईपी तकनीक से लैस पनडुब्बियां बनाएगा भारत, परीक्षणों का अंतिम दौर जारी

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

देश की पूर्वी और पश्चिमी दोनों सीमाओं पर चीन-पाकिस्तान से मिल रही युद्ध की साझा चुनौती के बीच भारतीय नौसेना के लिए एक अच्छी खबर है।

इसमें प्रोजेक्ट-75 (इंडिया) के तहत किसी विदेशी सामरिक भागीदार की मदद से एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन सिस्टम (एआईपी) और फ्यूल सेल से लैस 6 डीजल इलेक्ट्रिक हमलावर पनडुब्बियों के स्वदेश में निर्माण करने की प्रक्रिया त्वरित गति से जारी है। रक्षा सूत्रों ने बताया कि नौसेना द्वारा परियोजना के लिए अनुरोध (आरएफपी) जारी करने के बाद सामने आई रक्षा क्षेत्र की दो भारतीय कंपनियों लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) और मझगांव डॉकयार्ड लिमिटेड (एमडीएल) ने अपने चयनित विदेशी सामरिक भागीदारों (क्रमशः स्पेन के नवांतिया, जर्मन शिपबिल्डर टीकेएमएस) के साथ मौजूदा उत्पाद परीक्षण के दो महत्वपूर्ण चरण पूरे कर लिए हैं। अब इसका तीसरा और अंतिम चरण जारी है। इसके बाद समझौते पर हस्ताक्षर से जुड़ी ▶▶ शेष पेज 7 पर

### अंतिम परीक्षण में लगेंगे 60 से 90 दिन

सूत्रों ने बताया कि दोनों कंपनियों ने शुरुआती तकनीकी आकलन परीक्षण के बाद इसी साल जून के अंत और जुलाई के पहले सप्ताह में फील्ड परीक्षण पूरे किए हैं। अंतिम स्टॉफ आकलन परीक्षण को पूरा करने में दो से तीन महीने का समय लगेगा। इसके बाद समझौता तैयार कर उस पर हस्ताक्षर करने की प्रक्रिया शुरू होगी। दोनों में से न्यूनतम धनराशि के साथ बिड सौंपने वाली कंपनी संग रक्षा मंत्रालय द्वारा समझौते पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। हालांकि इससे पहले प्रस्ताव को केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति (सीसीएस) को भेजा जाएगा। एक बार समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद पहली एआईपी युक्त पनडुब्बी को बनाने में चार से पांच साल का वक्त लगेगा।

### एआईपी-फ्यूल सेल से होगा यह लाभ



उन्होंने बताया कि एआईपी और फ्यूल सेल तकनीक की मदद से पनडुब्बियों को ज्यादा समय तक समुद्र के अंदर विचरण करने की क्षमता मिलती है। जिससे वह युद्ध या किसी संघर्ष जैसी स्थिति में सतह पर आए बिना दुश्मन के ठिकानों पर सटीक वार कर उन्हें नेस्तनाबूद कर सकती है। नौसेना के बेड़े में वर्तमान में शामिल परंपरागत पनडुब्बियां केवल 48 घंटे तक समुद्र के अंदर विचरण कर सकती हैं। इसके बाद उन्हें सतह पर आकर बैटरी चार्ज करनी पड़ती है। लेकिन एआईपी तकनीक से लैस होने पर कोई पनडुब्बी करीब दो सप्ताह तक समुद्र के अंदर आसानी से विचरण कर सकती हैं। स्कॉर्पीन पनडुब्बियों के लिए एआईपी तकनीक को डीआरडीओ द्वारा विकसित किया जा रहा है।

### क्षेत्र में चीन के पास सर्वाधिक 78 पनडुब्बियां

आंकड़ों के हिसाब से देखें तो भारतीय नौसेना के पास वर्तमान में 16 परंपरागत डीजल चालित पनडुब्बियां हैं। इसमें स्कॉर्पीन श्रेणी की पांच पनडुब्बियां नौसेना को सौंपी जा चुकी हैं। जबकि एक अन्य इस साल के अंत में बल को सौंपी जाएगी। इसके अलावा 10 अन्य पनडुब्बियां नौसेना में करीब तीन दशक का कार्यकाल पूरा चुकी हैं। क्षेत्र में चीन के पास सर्वाधिक 78 पनडुब्बियां हैं। जबकि पाकिस्तान के पास 9 पनडुब्बियां हैं।

## केंद्र सरकार बिहार के लिए बजट में कर सकती है विशेष प्रावधान

# आंध्र प्रदेश को मिली केंद्र की बड़ी सौगात बिहार में शोर, विशेष राज्य के दर्जे पर जोर

### केंद्र ने आंध्र के लिए 60 हजार करोड़ की योजना को दी मंजूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। दोनों नेताओं की मुलाकात के 5 दिन ही बीते हैं कि केंद्र ने आंध्र प्रदेश को विशेष सौगात दे दी है। 60,000 करोड़ रुपए के निवेश से तेल रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल हब स्थापित करने की प्रमुख मांग को स्वीकार किया गया है। इससे पहले नायडू ने बुधवार को राज्य में रिफाइनरी स्थापित करने की व्यवहार्यता पर चर्चा करने के लिए भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात भी की। नायडू की इच्छा पूरी होते ही बिहार में एक बार फिर विशेष राज्य के दर्जे की मांग जोर पकड़ने लगी है। यह आंध्र प्रदेश के ▶▶ शेष पेज 7 पर

2015 में केंद्र सरकार ने 1.25 लाख करोड़ रुपए का विशेष पैकेज बिहार को दिया था

यदि आवंटित धनराशि खर्च नहीं की जाती है तो वह समाप्त नहीं होती है

◆ विशेष श्रेणी का दर्जा मिलने पर केंद्र सरकार उस राज्य को केंद्र प्रायोजित योजनाएं लागू करने के लिए 90 प्रतिशत धनराशि देती है



हाल ही में पीएम मोदी से मिले थे नायडू

### बिहार ने मांगा विशेष राज्य का दर्जा और 200 अरब का थर्मल पावर प्लांट

बिहार के मंत्री और जेडीयू नेता और मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा या विशेष पैकेज की आवश्यकता है क्योंकि बिहार के पास प्राकृतिक संसाधनों की कमी है। उन्होंने कहा कि, इस संसाधनों की कमी के ऐतिहासिक या भौगोलिक कारण हैं, न कि बिहारवासियों की वजह से। हमारे यहां न तो खदानें ▶▶ शेष पेज 7 पर

### बजट में हो सकती है घोषणा

श्रीकाकुलम, मछलीपट्टनम और रामायपट्टनम में रिफाइनरी स्थापित की जा सकती है। बताया जा रहा है कि रिफाइनरी की औपचारिक घोषणा 23 जुलाई को पेश किए जाने वाले बजट में किए जाने की संभावना है। स्थानों का मूल्यांकन किया जाएगा और फिर उन्हें अंतिम रूप दिया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि इस प्रक्रिया में कम से कम दो महीने ▶▶ शेष पेज 7 पर

### 3 कारण जो दिला सकते हैं बिहार को विशेष राज्य का दर्जा

**कारण- 1**

बिहार में विधानसभा चुनाव के बिगुल बजने में अब 14 महीने का वक्त ही बचा है। अगर अभी बिहार को केंद्र यह दर्जा देगी, तभी धरातल पर चुनाव तक इसका प्रभाव दिखेगा। विशेष राज्य के तहत टैक्स में छूट और अन्य लाभ मिलते हैं, जिसका फायदा वित्त वर्ष में ही होता है।

**कारण- 2**

नीतीश कुमार की पार्टी केंद्र में बड़ी भूमिका में है। केंद्र में भाजपा की सरकार नीतीश कुमार के सहयोग से ही चल रही है। नीतीश ने अब तक सत्ता को लेकर कोई निगोसिएशन नहीं किया है। ऐसे में अटकलें हैं कि नीतीश की पार्टी का पूरा ध्यान विशेष राज्य के दर्जा पर ही है।

**कारण- 3**

2015 में विधानसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार ने 1.25 लाख करोड़ रुपए का स्पेशल पैकेज बिहार को दिया था, लेकिन इसके बाद भी बिहार की स्थिति नहीं सुधरी। आर्थिक सर्वेक्षण की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक बिहार में एक तिहाई परिवार गरीबी रेखा के नीचे है।

### किसानों और कृषि क्षेत्र के हित में बिहार को हर संभव सहायता देगा केंद्र : चौहान

- बिहार के कृषि मंत्री मंगल पांडे ने उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ की केन्द्रीय कृषि मंत्री के साथ बैठक
- केंद्रीय मंत्री ने आश्वासन दिया कि केवीके के कामकाज की करेंगे समीक्षा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बृहस्पतिवार को नई दिल्ली स्थित कृषि भवन में बिहार के कृषि मंत्री मंगल पांडे सहित एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की। चौहान ने बिहार के कृषि मंत्री पांडे से ▶▶ शेष पेज 7 पर

## नीट यूजी पेपर लीक केस में सीबीआई को मिली बड़ी सफलता

# गिरोह के सरगना रॉकी को दबोचा, 10 दिन की रिमांड पर

सीबीआई सूत्रों के मुताबिक रॉकी इस गिरोह का किंगपिंन, मामले की तह तक जाने के लिए रॉकी से होगी पूछताछ



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीट पेपर लीक मामले में जिस शख्स की तलाश सीबीआई को सबसे ज्यादा थी। आखिरकार उस आरोपी रॉकी उर्फ राकेश रंजन को झारखंड से गिरफ्तार कर लिया है। जिसे गुरुवार को पटना कोर्ट में पेश किया गया।

कोर्ट ने सीबीआई को रॉकी की 10 दिनों की रिमांड दी है। इससे पहले रॉकी के भारत छोड़ नेपाल भागने की खबर थी। जिसे सीबीआई ने धर दबोचा है। दरअसल रॉकी ही वो कड़ी है। जिसकी मदद से मुख्य सेटर तक सीबीआई पहुंच सकती है। जिसकी भूमिका प्रश्न-पत्र को आउट कराने में सबसे अहम है। सीबीआई सूत्रों के मुताबिक रॉकी इस गिरोह का किंगपिंन है। सीबीआई इस मामले की तह तक जाने के लिए रॉकी से कई सवाल पूछ सकता है। सीबीआई ने ▶▶ शेष पेज 7 पर

### संजीव मुखिया का करीबी सहयोगी है

रॉकी को कथित नीट घोटाले के मुख्य साजिशकर्ता संजीव मुखिया का करीबी सहयोगी माना जाता है। फिलहाल सीबीआई इस मामले की छानबीन कर रही है। इसी क्रम में सीबीआई ने रॉकी को 10 दिन की रिमांड पर लिया है। सीबीआई इस केस से संबंधित कई इलाकों में छापेमारी कर रही है।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### तबीयत बिगड़ी, राजनाथ सिंह एम्स में भर्ती



नई दिल्ली(ब्यूरो)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दिल्ली एम्स के न्यूरो सर्जरी विभाग में भर्ती हैं। सूत्रों के अनुसार बैक पेन की शिकायत के बाद उन्हें एम्स में भर्ती कराया गया। फिलहाल उनकी स्तिथि बेहतर है। एम्स ने आधिकारिक तौर पर उनके स्वास्थ्य को लेकर कोई बयान जारी नहीं किया है।राजनाथ सिंह कमर में दर्द की वजह से बुधवार देर रात को दिल्ली के एम्स में भर्ती हुए थे।

## बच्चों में बढ़ती आत्महत्या से चिंतित सुप्रीम कोर्ट

# ये बहुत ही गंभीर सामाजिक मुद्दा, केंद्र से मांगा जवाब

2014 से 2018 के बीच दिल्ली में 18 वर्ष से कम आयु के 400 से अधिक छात्रों ने आत्महत्या की



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में बच्चों में बढ़ती आत्महत्या की प्रवृति पर मुख्य न्यायधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने चिंता जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने भारत में आत्महत्या की रोकथाम के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों को लेकर हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि बच्चों द्वारा की जा रही ▶▶ शेष पेज 7 पर

### सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को दिया निर्देश

मुख्य न्यायाधीश और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने वकील और याचिकाकर्ता गौरव कुमार बंसल की दलीलों पर ध्यान दिया कि आत्महत्या के बढ़ते मामलों से निपटने के लिए प्रभावी कदम उठाने की जरूरत है और केंद्र से एक व्यापक हलफनामा दाखिल करने को कहा। शीर्ष अदालत ने 2 अगस्त, 2019 ▶▶ शेष पेज 7 पर

## आतंकियों पर करारे प्रहार की तैयारी में सेना

# हिरासत में लिए 26 संदिग्ध जंगल में उतरे पैरा कमांडो

सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ के जवान आतंकवादियों को पकड़ने चलाया तलाशी अभियान



एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के कठुआ में 8 जुलाई को हुए सेना के काफिले पर आतंकवादी हमला का जवाब देने के लिए सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ जवानों ने तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। घटना की जांच से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि जब भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ▶▶ शेष पेज 7 पर

### एनआईए की टीम भी मदद कर रही

एक अधिकारी ने कहा कि एनआईए की एक टीम घात स्थल पर पहुंच गई है और जांच में पुलिस की सहायता कर रही है। सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस, सीआरपीएफ और पैरा कमांडो के जवान आतंकवादियों को पकड़ने के लिए क्षेत्र के बीहड़ इलाकों और जंगलों की तलाशी ले रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई भी पकड़ा या मारा नहीं ▶▶ शेष पेज 7 पर

## सेवामुक्त किए जाने वाले 75 फीसदी अग्निवीर जवानों को मिलेगा लाभ

# रक्षा मंत्रालय के ऐलान के बाद अग्निवीरों के लिए अर्धसैन्य बलों में शुरू हुई नौकरी में दस फीसदी आरक्षण देने की प्रक्रिया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अग्निपथ योजना को लेकर सड़क से संसद तक मचे राजनीतिक घमासान के बीच रक्षा मंत्रालय द्वारा पूर्व में किए गए एक बड़े ऐलान के बाद अब अर्ध सैन्यबलों ने पूर्व अग्निवीरों (सशस्त्र सेनाओं में चार साल की सेवा अवधि पूरी करने के बाद सेवामुक्त किए जाने वाले 75 फीसदी अग्निवीर जवान) को नौकरी में दस फीसदी आरक्षण देने की प्रक्रिया ▶▶ शेष पेज 7 पर



### सरकार पर हमलावर हैं राहुल गांधी

गौरतलब है कि कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अग्निवीरों के मामले को लेकर बेहद आक्रामक अंदाज में सरकार पर हमलावर हैं। बीते दिनों संसद में उन्होंने अग्निवीरों को पेंशन लाभ न दिए जाने का मुद्दा उठाया था और अब वह ड्यूटी के दौरान जान गवाने वाले कई अग्निवीरों के परिवारों से मुलाकात कर भी इस मामले को पूरी मजबूती से उठा ▶▶ शेष पेज 7 पर

### 2022 में शुरू की गई अग्निपथ योजना

अग्निपथ योजना के तहत चार साल के लिए अग्निवीर के रूप में जवानों की भर्ती योजना की शुरुआत केंद्र सरकार ने वर्ष 2022 में की थी। इसमें सशस्त्र सेनाओं के तीनों अंगों में सालाना कुल 46 हजार जवानों की भर्ती की जाएगी। इसमें सेना में 40 हजार और बाकी दोनों बलों में क्रमशः तीन-तीन हजार जवान भर्ती किए जाएंगे। अब तक सेना, वायुसेना ▶▶ शेष पेज 7 पर

### सीआईएसएफ, बीएसएफ ने बताया लाभदायक


सीआईएसएफ की महानिदेशक नीना सिंह ने बताया कि आगामी भर्तियों में पूर्व अग्निवीरों को 10 फीसदी आरक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा शारीरिक मानदंड और आयु में भी इन्हें छूट दी जाएगी। पहले वर्ष अग्निवीरों को आयु में पांच साल की छूट दी जाएगी। इसके अगले वर्ष आयु में तीन साल की छूट मिलेगी। उन्होंने कहा ▶▶ शेष पेज 7 पर




## आबकारी नीति घोटाले के मामलों में जमानत याचिकाओं पर नए सिरे से विचार करने का अनुरोध

# सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश ने सिसोदिया की याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग किया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली





सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय कुमार ने आम आदमी पार्टी के नेता एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की उन याचिकाओं पर सुनवाई से बृहस्पतिवार को खुद को अलग कर लिया जिनमें आबकारी नीति घोटाला मामलों में उनकी जमानत याचिकाओं पर नए सिरे से विचार करने का अनुरोध किया गया था। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने कहा कि आबकारी नीति घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दायर मामलों में सिसोदिया की जमानत याचिकाओं पर नए सिरे से विचार करने के लिए उनकी दो अलग-अलग याचिकाओं पर एक ऐसी पीठ सुनवाई करेगी जिसके सदस्य न्यायमूर्ति कुमार नहीं हों। जैसे ही मामले की सुनवाई शुरू हुई न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि हमारे भाई को कुछ परेशानी है। वह व्यक्तिगत कारणों से इस मामले की सुनवाई नहीं करना चाहते। सिसोदिया की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने पीठ से मामले को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि दोनों मामलों में अभी तक सुनवाई शुरू नहीं हुई है।

### एक अन्य पीठ 15 जुलाई को मामले पर विचार करेगी

पीठ ने कहा कि एक अन्य पीठ 15 जुलाई को इस मामले पर विचार करेगी। शीर्ष अदालत ने आठ जुलाई को सिसोदिया की याचिका को सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई थी। इससे पहले सिंघवी ने कहा था कि एक निस्तारित याचिका को फिर से दायर करने के लिए आवेदन दायर किया गया है। वह याचिका भी मामलों में जमानत की मांग करते हुए दायर की गई थी। याचिका में कहा गया है कि जांच एजेंसियों की ओर से पेश हुए विधि अधिकारी ने पीठ को बताया था कि मुख्य आबकारी नीति मामले और इससे जुड़े धनशोधन मामले में आरोपपत्र और अभियोजन शिकायत 3 जुलाई को या उससे पहले दायर की जाएगी। सिंघवी ने कहा कि मनीष सिसोदिया मामले में 16 महीने से जेल में हैं। अदालत ने कहा कि मुकदमा समाप्त होना चाहिए, यह शुरू नहीं हुआ है। मैंने विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दायर की, उन्होंने 3 जुलाई के बाद नए सिरे से दायर करने की छूट दी। अदालत ने सूचीबद्ध करने की छूट दी। शीर्ष अदालत ने कथित शराब नीति घोटाले के संबंध में सीबीआई और ईडी द्वारा दर्ज मामलों में सिसोदिया की जमानत याचिकाओं पर विचार करने से चार जून को इनकार कर दिया था। आप नेता सिसोदिया ने दिल्ली हाईकोर्ट के 21 मई के फैसले को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया था, जिसमें उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। सिसोदिया ने निचली अदालत के 30 अप्रैल के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमें अब रद्द कर दी गई दिल्ली आबकारी नीति के निर्माण और क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं से जुड़े मामलों में उनकी जमानत याचिकाओं को खारिज कर दिया गया था। सीबीआई ने सिसोदिया को शराब नीति मामले में उनकी कथित भूमिका के लिए 26 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया था। ईडी ने उन्हें नौ मार्च 2023 को सीबीआई की प्राथमिकी पर आधारित धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया था।

## ईडी के समन के खिलाफ केजरीवाल की अर्जी पर सुनवाई नौ सितंबर को

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली हाईकोर्ट ने बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका को नौ सितंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया, जिसमें उन्होंने कथित शराब घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से जारी समन को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की पीठ ने ईडी के जवाब पर प्रत्युत्तर दाखिल करने के लिए केजरीवाल को चार हफ्ते का अतिरिक्त समय भी दिया। पीठ ने कहा कि प्रत्युत्तर चार हफ्ते में दाखिल किया जाए। केजरीवाल की पैरवी कर रहे वरिष्ठ वकील ने यह कहते हुए प्रत्युत्तर दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय देने की अपील की थी कि परिस्थितियों में कुछ बदलाव हैं और उन्हें उचित कानूनी विवरण नहीं दिया गया है, जिसके लिए एक याचिका हाईकोर्ट में लंबित है। वहीं, ईडी की तरफ से पेश वकील ने कहा कि हाईकोर्ट के केजरीवाल को गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण देने से इनकार करने के बाद जांच एजेंसी द्वारा 21 मार्च को उन्हें गिरफ्तार किए जाने के पश्चात यह याचिका निरर्थक थी। हाईकोर्ट ने 22 अप्रैल को केजरीवाल को अपना प्रत्युत्तर दाखिल करने के लिए दो हफ्ते का समय दिया था। मई में अगली सुनवाई के दौरान अदालत ने उन्हें अपना पक्ष रखने के लिए चार हफ्ते का समय और दे दिया। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने ईडी से नौवां समन मिलने के बाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, जिसके तहत उनसे 21 मार्च को जांच एजेंसी के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया था। हाईकोर्ट की पीठ ने 20 मार्च को ईडी को इस संबंध में अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था कि याचिका सुनवाई योग्य है या नहीं। अगले दिन हाईकोर्ट ने ईडी से गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण देने के अनुरोध वाली केजरीवाल की याचिका पर अपना पक्ष रखने को कहा था। अदालत ने कहा था कि वह इस स्तर पर केजरीवाल को कोई अंतरिम राहत देने की इच्छुक नहीं है। उसी दिन शाम को ईडी ने केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया था।

## दिल्ली के किडनी कांड की जांच गौतमबुद्ध नगर के सीएमओ कार्यालय तक पहुंची, रिकॉर्ड तलब

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली/नोएडा

दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा द्वारा गुर्दा प्रतिरोपण (किडनी ट्रांसप्लांट) रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए एक डॉक्टर समेत सात लोगों को गिरफ्तार किए जाने के बाद गौतम बुद्ध नगर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से बुधवार को रिकार्ड तलब किये गए। सूत्रों के अनुसार, अब तक की पुलिस की जांच में पता चला है कि इस रैकेट के तार नोएडा, दिल्ली से लेकर बांग्लादेश तक जुड़े हुए हैं। गौतम बुद्ध नगर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील कुमार शर्मा ने बृहस्पतिवार को बताया कि दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की टीम ने अंग प्रतिरोपण की अनुमति से जुड़े दस्तावेज तलब किये जो उन्हें उपलब्ध करवा दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि अंग प्रतिरोपण की अनुमति जिला स्तरीय अंग प्रतिरोपण समिति देती है। यह अनुमति रिकॉर्ड की जांच के बाद कानूनी तरीके से दी जाती है। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस की जांच में उनका कार्यालय पूरा सहयोग कर रहा है। दिल्ली अपराध शाखा की टीम ने वर्ष 2022 से अब तक गुर्दा प्रतिरोपण के लिए दी गई तमाम अनुमतियों की जांच शुरू कर दी है। बीते दो सप्ताह में, बांग्लादेश और दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में कथित तौर पर अंग प्रतिरोपण गिरोह संचालित करने के सिलसिले में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की एक चिकित्सक समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# जिम संचालक की ताबड़तोड़ चाकू से वार कर हत्या

## भजनपुराः मृतक के शरीर पर मिले 17 जख्म के निशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- हत्या के मामले में कोर्ट ने ठहराया था दोषी, आजकल जमानत पर था बाहर

नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के भजनपुरा इलाके में बुधवार रात एक जिम संचालक की चाकू से हमला कर हत्या कर दी गई। मृतक सुमित (28) के चेहरे, गर्दन, सीने, पेट पर लगभग 17 बार चाकू से वार किए गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला कि मृतक भी हत्या के मामले में दोषी ठहराया जा चुका था। आजकल वह जमानत पर बाहर था। डीसीपी जॉय टिर्की ने बताया कि वारदात बुधवार रात लगभग साढ़े 11 बजे गली नंबर 15, गामड़ी एक्सटेंशन, भजनपुरा में हुई। सुमित गली में बैठा था, तभी तीन ये चार की संख्या में युवक वहां पहुंचे। उनके बीच किसी बात को लेकर बहस हुई और फिर उस पर चाकू से हमला किया गया। इस घटना के बाद घायल को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को जांच में पता चला कि सुमित ई 420 पांचवा पुश्ता, क्षेत्र में रहता था। वह शदीशुदा था। उसका तीन साल का बेटा है। सुमित पर 2015 में हत्या की कोशिश का एक मुकदमा दर्ज हुआ था। इस केस में उसे कोर्ट ने दोषी भी ठहराया था। हालांकि बाद में दिल्ली हाईकोर्ट ने उसे मामले में जमानत दे दी थी।

### सीसीटीवी कैमरों की जांच

सुमित टूर एंड ट्रैवल्स का बिजनेस करने के साथ ही जिम भी चलाता था। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल फरार हमलावरों का सुराग तलाश रही है।

## लूट व हत्या की कोशिश के केस में बदमाश धरा

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने लूट और हत्या की कोशिश के मामले में वांछित एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। इसके पास से एक पिस्टल, चार कारतूस और एक चोरी की बाइक बरामद हुई। आरोपी का नाम फरीदाबाद निवासी मोहम्मद राजा (31) बताया गया है। डीसीपी अमित गोयल के अनुसार गत दिनों सनलाइट कालोनी थाना इलाके में पीड़ित अपने ड्राइवर के साथ कुछ सामान खरीदने के लिए टेंपो से आजादपुर मार्केट जा रहे थे। दोपहर के समय जब वे आश्रम फ्लाईओवर पर पहुंचे तो दो अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल पर आए और उनकी गाड़ी रोक ली। उन्होंने ड्राइवर के साथ बहस शुरू कर दी और इस बीच एक ने उनकी तरफ पिस्टल तान दी। पीड़ित से उसका बैग मांगा गया। देने से इनकार करने पर आरोपी ने फायरिंग कर दी। इसके बाद बदमाश तीन लाख रुपए से भरा बैग लेकर फरार हो गए। साजिशकर्ता में से एक को पहले ही अरेस्ट किया जा चुका था, जबकि मुख्य आरोपी फरार था। अब पुलिस टीम ने आरोपी को एक सूचना पर मालवीय नगर इलाके से पकड़ा। यह नौ जघन्य अपराधों में शामिल रहा है। इस पर हत्या, हत्या की कोशिश और रेप जैसे मुकदमे दर्ज थे। आरोपी ने चार महीने पहले बरामद की गई पिस्टल एटा, यूपी से खरीदी थी। बाइक ओखला औद्योगिक क्षेत्र से चोरी की थी। आरोपी पहली बार साल 2013 में मर्डर केस में अरेस्ट हुआ था। जमानत पर 2015 में बाहर आकर वह फिर आपराधिक गतिविधियों में लिप्त हो गया था। 2020 में छेड़छाड़ और रेप का केस इस पर दर्ज हुआ था।

## ख्यालाः युवक की हत्या का मामला खुला, दो नाबालिग पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- झगड़े का बदला लेने के लिए की थी हत्या

ख्याला थाना इलाके के रघुवीर नगर क्षेत्र में मंगलवार रात 21 साल के लक्ष्य की चाकू से गोदकर हुई सनसनीखेज हत्या के मामले में पुलिस ने 20 घंटे के भीतर दो नाबालिग आरोपियों को पकड़ लिया है। मृतक युवक से इनका पहले झगड़ा हुआ था। उसी का बदला लेने के लिये युवक को घर से बाहर बुलाकर वारदात अंजाम दी गई थी। डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि तिलक नगर एसीपी सुरेंद्र सिंह राठी, एसएचओ विनोद अहलावत, चौकी इंचार्ज अमरजीत राणा की टीम ने कई सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। इसके बाद संदिग्धों के बारे में सुराग हाथ लगा। पूछताछ में पता चला कि मृतक लक्ष्य का दो लड़कों से कुछ दिन पहले किसी बात पर झगड़ा हुआ था। उसी का बदला लेने के लिए इन दोनों ने प्लान बनाकर मंगलवार की रात लक्ष्य को पहले घर से बुलाया और गली में ले जाकर उस पर चाकुओं से वार किये गये। वहीं परिवार वालों का कहना है कि चार लड़कों ने लक्ष्य पर हमला किया था। एक लड़का उसे बुलाकर घर से बाहर ले गया था। लक्ष्य रघुवीर नगर में परिवार के साथ रहता था। वही घर का इकलौता कमाने वाला था और ब्यूटी अकादमी में काम करके परिवार का भरण पोषण करता था।


### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **मंजू @लंगड़ी**, पत्नीः दिनेश, पताः झुग्गी नं. 214, जेजे कैम्प मजबूर नगर, दिल्ली ने **FIR No. 125/2024, U/s 302/212/120B/34 IPC**, थानाः मधू विहार, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मंजू @लंगड़ी**, मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मंजू @लंगड़ी**, फरार हो गयी है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 125/2024, U/s 302/212/120B/34 IPC**, थानाः मधू विहार, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **मंजू @लंगड़ी**, से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.08.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री उदभव कुमार जैन
महानगर दंडाधिकारी–04
कमरा नंबर 13,
शाहदरा, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/9004/ED/2024
(Court Matter)

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आदित्य गबरानी**, **पुत्रः** अमुल गबरानी, **पताः** मकान नं. एफबी–26, टैगोर गार्डन, नई दिल्ली ने **FIR No. 36/2018, U/s 406/420/120B IPC,** थानाः ईओडब्ल्यू, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आदित्य गबरानी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आदित्य गबरानी** फरार, हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 36/2018, U/s 406/420/120B IPC,** थानाः ईओडब्ल्यू, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **आदित्य गबरानी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.08.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दीप्ति देवेश
मुख्य महानगर दंडाधिकारी
कमरा नं. 516, जिला दक्षिण–पूर्व
साकेत कोर्ट, दिल्ली

DP/8988/EOW/2024
(Court Matter)


## पेट में सात करोड़ रुपये की कोकीन छुपा कर ला रही अंगोला की महिला एयरपोर्ट पर पकड़ी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अंगोला की एक महिला को पकड़ा गया है जो 34 कैप्सूल में करीब सात करोड़ रुपये मूल्य की कोकीन पेट में छिपा कर लाई थी। बृहस्पतिवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। विज्ञप्ति के मुताबिक महिला को दो जुलाई को तब पकड़ा गया जब वह दोहा से इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंची। सीमा शुल्क विभाग की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि एक यात्री की तलाशी के दौरान उसके पास से आठ अंडाकार कैप्सूल मिले। उस महिला यात्री ने अधिकारियों को बताया कि उसने पेट में मादक पदार्थ छुपाया है। बयान के मुताबिक यात्री को चिकित्सा प्रक्रिया से मादक पदार्थ निकालने के लिए सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया। इसमें कहा गया कि सफदरजंग में भर्ती रहने के दौरान महिला के पेट से मादक पदार्थ से भरे 34 कैप्सूल निकाले गए। विज्ञप्ति के मुताबिक इन कैप्सूल (हवाई अड्डे पर बरामद कैप्सूल सहित) में कुल 515 ग्राम कोकीन छिपाई गई थी जिसकी कीमत 7.04 करोड़ रुपये आंकी गई है। आरोपी यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया है और कोकीन जब्त कर ली गई है। एक अन्य मामले में एक भारतीय को 1.2 करोड़ रुपये के चरस की तस्करी के आरोप में हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया गया है। यात्री को छह जुलाई को तब पकड़ा गया जब वह शारजाह के रास्ते बैंकॉक से यहां पहुंचा था। विज्ञप्ति में बताया गया कि यात्री के सामान की तलाशी के दौरान सीमा शुल्क अधिकारियों ने उसके बैग से 2.4 किलोग्राम चरस बरामद की।


### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका नांगल चौधरी | एम.सी. नांगल चौधरी में गांव नोलायजा डम्प साइट पर लीगेसी वेस्ट डम्प्ड हेतु बायो रिमिडिएशन + 1 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 22.07.2024 | 135.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996613540 secy-NangalC@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2025/40/27697/I/88/7 दि. 11.07.24


# सेना की योजना बताकर महिला से हड़पे 11 लाख, जालसाज गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



सेना के नाम पर एक महिला से लगभग 11 लाख की ठगी में शामिल जालसाज को द्वारका साइबर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के पकड़े जाने पर इस तरह की धोखाधड़ी के सात मामले सुलझाने का दावा पुलिस ने किया है। सागर गुप्ता (40) नामक आरोपी पटना, बिहार का रहने वाला है। पुलिस के मुताबिक एक महिला ने धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज करायी थी। पीड़िता ने बताया कि वह एयरलाइंस अपार्टमेंट सेक्टर 23 द्वारका में रहती है। वह बैटरी की दुकान चलाती है। उन्हें अज्ञात नंबर से कॉल आई, जिसमें आर्मी जीप बैटरी 10 नंबर की मांग की गई। कॉलर ने अपना आर्मी आई कार्ड और कैंटीन कार्ड भेजा। पीड़ित ने बताये गए पते पर बैटरी भेज दी, लेकिन जब भुगतान की बारी आई तो आरोपी ने कहा कि पेमेंट आपके बैंक खाते के सत्यापन के बाद होगी। इसके लिए उसे पांच रुपए भेजने के लिए कहा गया। ऐसा करने पर दो तीन मिनट बाद पीड़िता के बैंक अकाउंट में 10 रुपए आ गए। पीड़ित महिला को बताया गया कि यह सेना की योजना है। पहले उन्हें पेमेंट करे जिसके बाद उनके अकाउंट में डबल रकम आ जाएगी। इस तरह जालसाज ने डिफेंस ए और डिफेंस बी के बैंक खाते के नाम पर उनसे 10,96,855 रुपए हड़प लिए और बाद में पेमेंट करने से इनकार कर दिया। पुलिस की जांच आरोपी के बैंक खाते पर केंद्रित हुई। उसके मोबाइल की लोकेशन पटना में मिली। इसके बाद पुलिस टीम ने आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी ने एचडीएफसी बैंक में ऑनलाइन खाता खोला था। बैंक किट उसके घर के पते पर आई और उसने अपना अकाउंट कमीशन के आधार पर अपने सहयोगी को बेच दिया था।

## चीटिंग केस का आरोपी 10 साल बाद दबोचा

**नई दिल्ली।** दक्षिण जिले की स्पेशल स्टाफ टीम ने चीटिंग केस में 10 साल से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसका नाम जयनाथ महतो बताया गया है। आरोपी को कोर्ट द्वारा भगौड़ा भी घोषित किया जा चुका था। सीआर पार्क पुलिस ने भी एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वह झपटमारी के 14 मामलों में शामिल रहा है। पुलिस के अनुसार आरोपी मूलरूप से मोतिहारी बिहार का रहने वाला है। इसके खिलाफ 2009 में साकेत थाने में चीटिंग केस दर्ज हुआ था। बाद में साकेत कोर्ट ने 2014 में इसे भगौड़ा घोषित किया था। हाल ही में स्पेशल स्टाफ को इसके बारे में इनपूट मिला था, जिसके बाद मुखबिर की निशानदेही पर इसे मोतिहारी, बिहार से ही पकड़ा गया। दूसरी तरफ चितरंजन थाने की पुलिस ने झपटमारी की 14 वारदातों में शामिल रहे एक बदमाश को अरेस्ट किया है। इसके पास से छीना गया मोबाइल और चोरी की बाइक मिली है। आरोपी का नाम देवराज उर्फ डीजे है।


### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प सोनीपत | सोनीपत जिले में गन्नौर और राई निर्वाचन क्षेत्र में यमुना नदी पर हरियाणा और उत्तर प्रदेश की सीमा पर चारदिवारी पिल्लर्स का निर्माण और स्थापना। | 09.07.2024 22.07.2024 | 513.74 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव डूडीवाला किसानपुरा ब्लॉक बाढड़ा, जिला चरखी दादरी में सार्वजनिक पार्क का विकास + 3 कार्य। | 08.07.2024 16.07.2024 | 80.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9417527275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 3 | पंचायती राज पिंजौर, पंचकूला | कंडियाला – गांव नागल बग्गा, जी.पी. कंडियाला, ब्लॉक पिंजौर (पीकेएल) में आंगनवाड़ी की मरम्मत + 7 कार्य। | 08.07.2024 15.07.2024 | 41.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466110204 kumar.satish.9417@gmail.com |
| 4 | लोनिवि भ व प करनाल | कैथल में विश्राम गृह में स्थापित एयर कंडीशनर को बदलना + 6 कार्य। | 10.07.2024 16.07.2024 | 45.05 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-kamal@hry.nic.in |
| 5 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा चण्डीगढ़ | सिटी बस सेवाओं हेतु हिसार, हरियाणा में बस डिपो के विकास हेतु ऑनलाइन निविदा। | 27.06.2024 18.07.2024 | | https://etenders.hry.nic.in https://hartrans.gov.in | 1722710371 dtcpndhr@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज कैथल | सोलु माजरा – गांव सोहलु माजरा में शमशान घाट में शैड का निर्माण + 4 कार्य। | 10.06.2024 16.07.2024 | 59.5 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 7 | स्वास्थ्य विभाग हरियाणा नूह मेवात | अल आफिया सिविल हॉस्पीटल मंडीखेड़ा जिला नूह (मेवात) में औषधि सेवाएं। | 11.07.2024 24.07.2024 | ईएमडी 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9910983848 dhs.csmwt@hry.nic.in |
| 8 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | गुरुग्राम जिले में जी.ए. रोड (सोहना) से सांपकी नांगली पर पैचवर्क हेतु विशेष मरम्मत (जोखिम व लागत)। | बंद होने की तिथि 17.07.2024 | 1.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 9 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | गुरुग्राम जिले में निमोट घंघोला रोड से जुलाका बिलाका रोड के मजबूतीकरण का प्रावधान (रोड आईडी 3098) (कार्य कार्यक्रम 2023-2024)। | बंद होने की तिथि 17.07.2024 | 38.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 10 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | गुरुग्राम जिले में सोहना ढाणी से मोहम्मदपुर गुज्जर कि.मी. 0.00 से 3.27 तक रोड पर मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत (कार्य कार्यक्रम 2023–2024)। | बंद होने की तिथि 17.07.2024 | 43.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज गन्नौर, सोनीपत | गांव पांची, राजलू गढ़ी, और भोगीपुर, ब्लॉक गन्नौर में एसडब्ल्यूएम शैड का निर्माण + 8 कार्य। | बंद होने की तिथि 16.07.2024 | 98.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015771521 sdoprganaur1@gmail.com |
| 12 | पंचायती राज पंचकूला | ब्लॉक पिंजौर (गांव बाघरानी खोई, डेरागुरु फतेहपुर दीवानवाला और तोरण) के शिवधाम नवीनीकरण योजना कार्य + 9 कार्य। | 09.07.2024 15.07.2024 | 167.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467628236 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 13 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में हांसी में पुराना न्यायालय परिसर में सीसीटीवी कैमरा सिस्टम का प्रावधान। | 10.07.2024 16.07.2024 | 9.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2025/260/27724/I/88/7 दि. 11.07.24

हरियाणा सरकार



"गांवों के विकास से जुड़े हर कार्य में पंचायत की अहम भूमिका होती है। सशक्त पंचायतें हमारे समृद्ध गांवों की पहचान हैं। हमारा ध्येय इनके अधिकारों में वृद्धि करके इन्हें और सक्षम बनाना है।"

**- नायब सिंह**

"हमारी सरकार पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत बनाने और लोगों के सपनों को पंख देने के लिए काम करती रहेगी।"

**- नरेन्द्र मोदी**



# ग्रामीण विकास में सशक्त पंचायतें बन रही आधार

## राज्य स्तरीय पंचायत सम्मेलन

**दिनांक** - 12 जुलाई, 2024 । **समय** - दोपहर 2:00 बजे
**स्थान** - इन्द्रधनुष ऑडिटोरियम, सेक्टर-5, पंचकूला



मुख्य अतिथि
## श्री नायब सिंह
मुख्यमंत्री, हरियाणा

अध्यक्षता
## श्री महिपाल ढांडा
राज्य मंत्री, विकास एवं पंचायत (स्व.प्र.), हरियाणा

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

**विकास एवं पंचायत विभाग, हरियाणा**

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipprharyana

## खबर संक्षेप


### भूपेंद्र सिंह बने जाट सभा के महानगर अध्यक्ष



**गाजियाबाद।** गोविंदपुरम आई ब्लाक (मढैया) में राष्ट्रीय जाट महासभा (भारत) की बैठक हुई। जिसमें भूपेंद्र सिंह (बॉबी) को जाट समाज का महानगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन सरोहा ने कहा कि सभी जाट संगठन को एकजुट होकर समाज हित में संयुक्त जाट मोर्चे का गठन कर लड़ाई लड़नी चाहिए।

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले दो गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** महिला थाना बल्लबगढ़ की टीम में नाबालिग लड़कियों के साथ दुष्कर्म की



वारदात को अंजाम देने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में हिमांशु उर्फ लड्डू तथा मनोज का नाम शामिल है। आरोपी हिमांशु पलवल के मानपुर गांव का रहने वाला है जो गांव जवां में अपनी बुआ के पास आया था। वहीं आरोपी मनोज जवां गांव का निवासी है।

### नशा तस्करी के मामले में आरोपी काबू



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा बॉर्डर की टीम ने नशा तस्करी के मामले में एक को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम साहिल है और दिल्ली के जैतपुर में रह रहा है जो दिल्ली फरीदाबाद बॉर्डर पर स्थित है। क्राइम ब्रांच सूचना के आधार पर आरोपी को सराय एरिया से अवैध नशे सहित काबू किया है।

### देसी पिस्तौल सहित पुलिस ने आरोपी को किया काबू

**फरीदाबाद।** अपराध शाख 30 की टीम ने देसी पिस्तौल सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी



पीयूष आगरा का रहने वाला है जो फिलहाल फरीदाबाद के खेड़ीपुल एरिया में रह रहा था। आरोपी को अपराध शाखा टीम ने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर खेड़ीपुल एरिया से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से एक देसी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद हुई है।

### फर्जी वेबसाइट बनाकर विदेश भेजने वाला काबू

**फरीदाबाद।** साइबर थाना बल्लबगढ़ की टीम फर्जी वेबसाइट बनाकर विदेश भेजने वाले एक




आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम सुशील कुमार है । 30 जून को साइबर थाना बल्लबगढ़ में धोखाधड़ी की धाराओं के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी सुशील ने जेसी बोस यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी की एक फर्जी वेबसाइट बनाई थी ।

### ट्रक ने बाइक सवार युवक को कुचला, मौत

**गुरुग्राम।** आईएमटी मानेसर में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को कुचल दिया। हादसे में युवक की



मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक चालक पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। सूरत सिंह ने कहा कि उसके गांव का युवक दीपक उससे किसी काम से मानेसर में मिला था। दीपक बाइक और वह अपनी कार से घर के लिए चल दिए। मानेसर के पास हाईवा ट्रक ने दीपक की बाइक को कुचल दिया।

---

### पर्यावरण संतुलन बनाए रखने महिलाओं को पौधे देकर पौधरोपण की सलाह दी गई

# गन्ना विकास परिषद के अध्यक्ष ने सहजन के पौधे रोपे, एकीकृत खेती पद्धति अपनाने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

कृषि विज्ञान केंद्र परिसर मुरादनगर में पौधरोपण कार्यक्रम का उद्घाटन एवं 5 दिवसीय कृषक महिलाओं को रोजगार परक प्रशिक्षण का समापन के मुख्य अतिथि गन्ना विकास परिषद के अध्यक्ष मोदीनगर अमरजीत सिंह बिड्डी थे। उन्होंने केंद्र परिसर में सहजन का पौधा रोप कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए महिलाओं को पौधे वितरित कर पौधरोपण करने की सलाह दी। मुख्य अतिथि ने महिलाओं प्रशिक्षणार्थीयो को प्रमाण पत्र वितरित कर महिलाओं को आम के विभिन्न उत्पाद बनाकर रोजगार सृजन करने की सलाह दी।



- केंद्र प्रभारी अधिकारी डॉ. प्रमोद कुंडू ने केंद्र की योजनाओं पर चर्चा करते हुए अधिक लाभ लेने को प्रेरित किया

#### महिला समूह बनाकर उद्यम लगाने पर दिया बल

केंद्र प्रभारी अधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार कुंडू ने केंद्र की योजनाओं पर चर्चा कर अधिक से अधिक लाभ लेने को प्रेरित किया तथा कृषकों की आय बढ़ाने के लिए एकीकृत खेती पद्धति को अपनाने तथा कृषि विविधिकरण के लिए कृषि तकनीकी अपनाने पर बल दिया। गृह वैज्ञानिक डॉक्टर सरिता जोशी ने आम के मूल्य वर्धन करने का विस्तृत प्रशिक्षण दिया। नीतू कुंडू ने महिला समूह बनाकर उद्यम लगाने पर बल दिया कार्यक्रम की अध्यक्षता सुबोध चौधरी द्वारा तथा संचालन डॉक्टर सीपी गुप्ता द्वारा किया गया। पीके राठी, डॉक्टर तुलसी रानी,संजीव राणा, ममता, रजनी, रश्मित त्यागी, पायल गोस्वामी साधना, जूली आदि सम्मिलित रहीं।

---

### एक बूथ में रखेंगे 1400 मतदाता, 170-180 नए बूथ बनाए जाएंगे

# उपायुक्त ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ नए बूथों के गठन को लेकर किया मंथन

**मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने की लोगों से अपील**

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

हरियाणा विधानसभा चुनावों के दृष्टिगत नए बूथों के गठन व वोट बनवाने के कार्य को लेकर उपायुक्त विक्रम सिंह ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ गंभीरता से मंथन किया। उन्होंने कहा कि लगभग 1400 मतदाताओं तक के बूथ रखे जाएंगे। ऐसे में आवश्यकतानुसार करीब 170-180 नए बूथों का गठन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभी तक फरीदाबाद में करीब 1572 बूथ हैं, जिनमें अब मतदाताओं की सुविधा के लिए बढ़ोतरी की जाएगी। इसके लिए सहायक निर्वाचन अधिकारियों ने आवश्यकता व संभावनाओं को तलाशा है। बूथ युक्तिकरण के तहत बूथों की संख्या में वृद्धि की जाएगी, ताकि मतदाताओं को बूथों पर लंबी लाइन से राहत मिल सके।

> *उपायुक्त ने कहा कि अभी तक फरीदाबाद में करीब 1572 बूथ हैं, जिनमें अब मतदाताओं की सुविधा के लिए बढ़ोतरी की जाएगी। इसके लिए सहायक निर्वाचन अधिकारियों ने आवश्यकता व संभावनाओं को तलाशा है। बूथ रेशनेलाइजेशन के तहत बूथों की संख्या में वृद्धि की जाएगी।*

**खास बातें**

- झुग्गियों के नजदीक भी मतदाताओं के लिए बूथ बनाए जाएंगे
- मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए




#### 154 ग्रुप हाउसिंग सोसायटी की सूची

*उपायुक्त ने जानकारी दी कि डीटीपी के माध्यम से करीब 154 ग्रुप हाउसिंग सोसायटी की सूची तैयार की गई है। इनमें मतदाताओं की संख्या तथा बूथ के लिए आवश्यक स्थान की उपलब्धता की जांच कर सोसायटी में ही नए बूथ बनाए जाएंगे। इसके लिए आरडब्ल्यूए से भी सुझाव आमंत्रित किए है। उन्होंने बताया कि झुग्गियों के नजदीक बूथ बनाएंगे, जिससे लोगों को मतदान के लिए दूर-दराज न जाना पड़े। इसके अलावा उन्होंने बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत 25 जुलाई से 9 अगस्त के बीच शनिवार व रविवार को विशेष कैंप लगाकर वोट बनाने तथा मतदाता सूची में संशोधन का कार्य भी किया जाएगा। जिन मतदाताओं के नाम सूची में नहीं है या डिलिट हो गए है, वे भी सूची में अपना नाम जोड़ सकते हैं। साथ ही जिन युवाओं की आयु 18 वर्ष की हो चुकी है वे भी अपनी मतदाता पत्र जरूर बनवाएं। इस दौरान दावे तथा आपत्तियां भी दर्ज की जाएगी, जिसके बाद 20 अगस्त को सूची का प्रकाशन किया जाएगा।*

#### मतदाताओं को उनके बूथों की जानकारी अवश्य दें

उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि यदि एक ही स्थान पर तीन बूथ हैं, जिनमें दो बूथों में 1400-1400 मतदाता से अधिक की संख्या है और तीसरे बूथ में कम है तो ऐसे में तीसरे बूथ में दोनों बूथों से निर्धारित संख्या से ऊपर के मतदाताओं को हटाकर तीसरे बूथ में शामिल करेंगे। इससे तीसरे बूथ में दोनों बूथों के समान संख्या होगी। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे मतदाताओं को उनके बूथों की जानकारी अवश्य दें। इस कार्य में प्रशासन को सहयोग प्रदान करें।

---

### शिविर को लेकर लोगों का रूझान बढ़ा

# शिविर में आई 37 शिकायतें 17 का मौके पर समाधान पीड़ितों को दी राहत



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

जिला व उपमंडल स्तर पर प्रत्येक कार्यदिवस पर समाधान शिविर लगाकर मौके पर ही लोगों की शिकायतों का समाधान किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में आज वीरवार को सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय के कमरा नंबर 106 में सुबह 9 से 11 बजे तक समाधान शिविर लगाया गया।

उपायुक्त विक्रम सिंह ने शिविर में आए लोगों की शिकायतें सुनकर उनका समाधान करवाया। उपायुक्त ने बताया कि समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित 37 शिकायतें आई, जिनमें से 17 का मौके पर ही समाधान करवा दिया गया। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में लोगों की शिकायतों का जल्द से जल्द समाधान करवाया जाता है। इसके अलावा जो शिकायतें लंबित रह जाती हैं, उन्हें संबंधित विभाग के अधिकारी से जल्द समाधान करवाने के निर्देश दिए जाते हैं।

#### पेंशन व फैमिली आईडी शिकायतें अधिक

उन्होंने बताया कि समाधान शिविरों में ज्यादातर शिकायतें पेंशन और फैमिली आईडी से संबंधित आ रही है। इसके लिए संबंधित विभाग के अधिकारी को समस्या के जल्द समाधान के लिए निर्देशित किया जाता है। नीतिगत मामलों से संबंधित शिकायतों के लिए मुख्यालय को रिपोर्ट किया जाता है। शिविर को लेकर नागरिकों का रूझान बढ़ा है तथा नागरिक अपनी अर्जी लेकर उनका समाधान करवाने के लिए समाधान शिविर में पहुंच रहे हैं।

---

## फौजी व युवती को बंधक बनाकर मारपीट व जान से मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

सेक्टर-10 थाना एरिया में एक फौजी व युवती को कमरे में बंधक बनाकर मारपीट करने व उन्हें जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। फौजी छुट्टी पर अपने किराए के मकान में रहने आया था। हमले में घायल फौजी व मकान मालकिन की बेटी को उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया है। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस को दी



शिकायत में कैथल निवासी प्रदीप ने कहा कि भारतीय सेना में पठानकोट में तैनात है। वह बीती 25 जून को 37 दिन की छुट्टी आया और अपने गांव चला गया। इसके बाद 6 जुलाई को वह गुरुग्राम के गांव गाडोली में अपने किराए के मकान में आ गया। मकान के नीचे वाले कमरे में मकान मालकिन कमलेश व उसकी बेटी संजू रहती है। बुधवार की सुबह करीब दस बजे प्रदीप अपने कमरे में सो रहा था तो किसी ने दरवाजा खटखटाया। प्रदीप ने जब दरवाजा खोला तो किसी ने उसके सिर में चोट मारी। प्रदीप बेहोश हो गया। कुछ समय बाद जब उसे होश आया तो उसके हाथ पैर बंधे हुए थे और कमलेश का बेटा गौरव और दामाद आशू उसके साथ मारपीट कर रहे थे। वहीं वे संजू के साथ भी मारपीट कर रहे थे। संजू के चचेरे भाईयों ने आकर संजू व प्रदीप को उनसे छुड़वाया। वहीं गौरव व आशू ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। प्रदीप व संजू को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है।

## गाजियाबाद में ऑटो-कार में जोरदार भिड़ंत एक की मौत व चार लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र के वसुंधरा फ्लाईओवर के नीचे बृहस्पतिवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे ऑटो और अर्टिगा कार में टक्कर हो गई। हादसे में ऑटो




सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि चार लोग घायल हो गए। आरोपित चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस जांच में जुटी है।

#### टक्कर लगते ही ऑटो पलटा

पुलिस के मुताबिक, सौर ऊर्जा मार्ग की ओर से एक अर्टिगा कार आ रही थी। मोहन नगर से वैशाली की ओर सवारियों से भरा ऑटो जा रहा था। फ्लाईओवर के नीचे कार व ऑटो में टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही ऑटो पलट गया। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि चार सवारियां घायल हो गईं। आस -पास के लोग मौके पर पहुंचे। ऑटो को सीधा कर घायलों को संजयनगर स्थित संयुक्त जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### पुलिस की ओर से चिन्हित 222 डार्क पॉइंट रोशन

## गाजियाबाद ननि के 311 एप पर 1860 शिकायतों का निपटारा

**4 माह में एप पर 2061 शिकायतें**

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

नगर निगम ने पिछले चार माह में गाजियाबाद 311 पर 2061 शिकायत में से 1860 का निस्तारण कराया है। साथ ही पुलिस विभाग द्वारा चिन्हित 235 डार्क पॉइंट मे से 222 प्रकाशयुक्त कराए गए। प्रभारी प्रकाश आस कुमार ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम प्रकाश विभाग ऐसी डार्क पॉइंट को चिन्हित किया गया है। वहां भी लाइट आवश्यकता अनुसार लगवाई गई है। इसी के साथ-साथ क्षेत्रीय पार्षदों तथा गाजियाबाद 311 एप पर आने वाली प्रकाश संबंधित समस्याओं का निस्तारण भी नियमित किया जा रहा है।

समस्त जोन में औसतन 150 से 200 लाइटों की मरम्मत का कार्य किया जाता है। इसी के साथ पुलिस विभाग द्वारा सेफ सिटी के अंतर्गत बताए गए ऐसे डार्क पॉइंट जहां अंधेरा था, उन पर भी तेजी से कार्य कराया गया। प्रमुख रूप से वसुंधरा जोन विजयनगर तथा मोहन नगर जोन में चिन्हित डार्क प्वाइंटों पर कार्य किया गया 235 में से 222 पर कार्य पूर्ण हो चुका है अन्य पर



कार्रवाई भी तेजी से चल रही है । आवश्यकता अनुसार पोल भी लगाए गए हैं। जिसकी निगरानी की जा रही है, वर्तमान में सेक्टर 3 वैशाली, सेक्टर 3 राजेंद्र नगर, गुलमोहर ग्रीन रोड राजेंद्र नगर, करेड़ा रोड मोहन नगर पर पोल तथा लाइट लगाने का कार्य, पुलिस विभाग द्वारा चिन्हित डार्क स्थलों पर किया जा रहा है। गाजियाबाद 311 एप पर 4 माह में 2061 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 1860 का निस्तारण कराया जा चुका है ।

---

### प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन अपर कलेक्टर को सौंपा

## जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर फाउंडेशन ने कलेक्ट्रेट पर दिया धरना



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

जनसंख्या समाधान फाउंडेशन की जिला इकाई ने जनसंख्या नियंत्रण कानून को लेकर कलक्ट्रेट पर धरना दिया। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि अंधाधुंध संतानोत्पत्ति करने की प्रवृत्ति पर जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाकर अंकुश लगाने में एक-एक पल की देरी भारत और भारतीय संस्कृति के लिए पूर्व की भांति ही विघटनकारी साबित हो सकती है।

#### अनुपात बनाए रखने के लिए जरूरी

भारत जनसंख्या में धार्मिक असंतुलन के कारण हुए विघटन के दंश का प्रत्यक्ष भुक्तभोगी है, परंतु पूर्व की सरकारों की विभाजन के तुरन्त बाद से जारी तुष्टिकरण की नीति के चलते अब फिर से वैसी ही परिस्थितियां निर्मित होती दिखाई दे रही हैं। ज्ञापन में कहा गया कि सामाजिक वर्गों के बीच जनसंख्या का अनुपात वर्तमान अनुपात के अनुसार बनाए रखने के उद्देश्य से 'जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की माँग को लेकर जनसंख्या समाधान फाउंडेशन द्वारा विगत लगभग 11 वर्षों से हजारों छोटी-बड़ी सभाएं, धरना-प्रदर्शन, सांसद-संवाद कार्यक्रम, राष्ट्रपति सहित महत्वपूर्ण लोगों से भेंट आदि के रूप में राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं संगठन के मुख्य संरक्षक डॉ. इन्द्रेश कुमार एवं केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह सहित 125 सांसदों का समर्थन प्राप्त है।

### फिंगरप्रिंट की टीमों ने घटनास्थल पर निरीक्षण किया

## इंस्टाग्राम पर लड़की से बात करने पर दोस्त की चाकू से गोद कर दी हत्या

**बियर पीने के बहाने घर से बुलाया हत्यारोपित नाबालिग काबू**

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम



सेक्टर- 40 एरिया में इंस्टाग्राम पर लड़की से बात करने पर नाबालिग ने अपने ही 16 वर्षीय दोस्त की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। आरोपी ने दोस्त को बीयर पीने के लिए बुलाया था। मामले में पुलिस ने हत्यारोपित को कुछ ही घंटे के दरमियान रेवाड़ी से काबू कर लिया है।

पुलिस ने वारदात को अंजाम देने में प्रयोग किया गया चाकू भी बरामद कर लिया। दरअसल, एमपी के छतरपुर का रहने वाला 16 वर्षीय निखिल गुरुग्राम के झाड़सा गांव में परिवार सहित रहता था। उसके पिता राजकुमार पिछले 15 साल से गुरुग्राम में श्रमिक हैं। जबकि निखिल एक टेंट हाउस में वेटर का काम करता था। किशोर का शव सेक्टर 40 स्थित एक मकान के बाहर मिला। उसके गले और पेट पर चाकुओं के निशान थे। गली में मौजूद गार्ड ने बताया कि युवक काफी दूर से दौड़ता हुआ आ रहा था और मकान के बाहर गिर गया। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सेक्टर-40 थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। वहीं पुलिस के ऑला अधिकारी, पुलिस की सीन-ऑफ-क्राइम, एफएसएल व फिंगरप्रिंट की टीमों ने घटनास्थल पर निरीक्षण किया। सेक्टर-40 थाना पुलिस ने हत्या की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया। मामले में सेक्टर-40 क्राइम ब्रांच के प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन कुमार, सेक्टर-40 थाना प्रभारी इंस्पेक्टर मनोज वर्मा की पुलिस टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए हत्यारोपित 15 वर्षीय नाबालिग को महज 16 घंटे के दरमियान रेवाड़ी से काबू कर लिया।

# डीएमआरसी ने महिलाओं के लिए आरक्षित डिब्बों में घुसने पर 1900 से अधिक यात्रियों का किया चालान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने महिलाओं के लिए आरक्षित डिब्बों में घुस जाने पर 1900 से अधिक पुरूष यात्रियों पर जुर्माना लगाया है। इस संबंध में आधिकारिक आंकड़ा जारी किया गया है। डीएमआरसी अधिकारियों ने बताया कि महिलाओं के लिए आरक्षित डिब्बे में प्रवेश करने पर पुरूष यात्री पर 250 रुपये का जुर्माना लगाया जाता है। आंकड़े से पता चलता है कि इस साल जनवरी और जून के बीच डीएमआरसी ने



महिलाओं के लिए आरक्षित डिब्बों में घुस जाने पर 1906 पुरूष यात्रियों पर जुर्माना लगाया। मई में सबसे अधिक 443 चालान काटे गये, जबकि अप्रैल में 419, फरवरी में 408, मार्च में 270, जनवरी में 245 और जून में 120 चालान काटे गये। डीएमआरसी के प्रधान कार्यकारी

- महिलाओं के लिए आरक्षित डिब्बे में प्रवेश करने पर पुरूष यात्री पर लगाया जाता है 250 रुपये का जुर्माना

निदेशक अनुज दयाल ने कहा कि दिल्ली मेट्रो महिलाओं के लिए आरक्षित डिब्बे में घुस जाने वाले पुरूष यात्रियों पर नियमित रूप से जुर्माना लगाती है। इसके अलावा इस मुद्दे पर पुरूष यात्रियों को संवेदनशील बनाने के लिए कई जागरूकता पहल भी की जाती हैं। दयाल ने कहा कि इस संबंध में समय-समय पर ट्रेनों के अंदर घोषणाएं की जाती हैं तथा आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर अभियान चलाये जाते हैं। ऐसी घटनाएं रोकने के लिए डीएमआरसी द्वारा विशेष अभियान भी चलाये जाते हैं। दिल्ली मेट्रो में पहला डिब्बा महिलाओं के लिए आरक्षित होता है। डीएमआरसी ने कहा कि प्लेटफार्म पर यह दर्शाने के लिए साइनबोर्ड भी लगे होते हैं कि यह आरक्षित डिब्बा आमतौर पर कहां रूकता है। डीएमआरसी ने कहा कि महिला डिब्बे में सफर कर रहे यात्रियों का पता लगाने के लिए त्वरित कार्रवाई

# दिल्ली सरकार ने 13 साल बाद वाहनों के प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र के लिए बढ़ाया शुल्क : गहलोत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने बृहस्पतिवार को कहा कि दिल्ली सरकार ने लगभग 13 साल के अंतराल के बाद पेट्रोल, सीएनजी और डीजल वाहनों के प्रदूषण नियंत्रण (पीयूसी) प्रमाण पत्र के लिए शुल्क में वृद्धि की है। उन्होंने एक बयान में कहा कि दोपहिया और तीन पहिया वाहनों के पीयूसी प्रमाणपत्र के लिए शुल्क 60 रुपये से बढ़ाकर 80 रुपये और चार पहिया वाहनों के लिए 80 रुपये से बढ़ाकर 110 रुपये कर दिया गया है। गहलोत



ने कहा कि डीजल वाहनों के लिए पीयूसी प्रमाणपत्र शुल्क 100 रुपये से बढ़ाकर 140 रुपये कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि नई दरें सरकार द्वारा अधिसूचित होते ही प्रभावी हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार शहर की वायु गुणवत्ता बनाए रखने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि सभी वाहन आवश्यक प्रदूषण मानकों को

- दोपहिया और तीन पहिया वाहनों के पीयूसी प्रमाणपत्र के लिए शुल्क 60 रुपये से बढ़ाकर 80 रुपये और चार पहिया वाहनों के लिए 80 से बढ़ाकर कर दिया गया है 110 रुपये

पूरा करें। गहलोत ने कहा कि 'दिल्ली पेट्रोल डीलर्स एसोसिएशन' की यह लंबे समय से मांग थी कि प्रदूषण जांच सेवाओं की बढ़ती लागत को ध्यान में रखा जाए। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन के अनुरोध और इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि 2011 से प्रदूषण जांच दरों में संशोधन नहीं किया गया है, दिल्ली सरकार ने दिल्ली में वाहनों की प्रदूषण जांच के लिए दरें बढ़ाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि यह संशोधन आवश्यक है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रदूषण जांच केंद्र कुशलतापूर्वक काम करना जारी रखें और जनता को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान कर सकें। एसोसिएशन प्रदूषण जांच शुल्क में वृद्धि की मांग कर रहा था। इसके प्रतिनिधियों ने पिछले महीने गहलोत से मिलकर दरों में संशोधन किये जाने की मांग की थी।

## खबर संक्षेप

### मेट्रो की पटरी पर यात्री के आ जाने के कारण सेवा में हुआ विलंब

**नई दिल्ली।** कश्मीरी गेट स्टेशन पर यात्री के पटरी पर आ जाने के कारण बृहस्पतिवार को दिल्ली मेट्रो की रेड लाइन पर सेवाओं में कुछ देर का विलंब हो गया। दिल्ली मेट्रो के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रेड लाइन दिल्ली में रिठाला को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में शहीद स्थल (नया बस अड्डा) से जोड़ती है। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन पर एक यात्री के पटरी पर आ जाने के कारण शहीद स्थल (नया बस अड्डा) और रिठाला के बीच सेवाओं में देरी हुई। अन्य सभी लाइनों पर मेट्रो सेवाएं सामान्य हैं। पांच मिनट बाद डीएमआरसी ने बताया कि लाइन पर सामान्य सेवाएं बहाल हो गई हैं।

### दिल्ली सचिवालय के सामने आज विरोध प्रदर्शन करेगी भाजपा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा ने आह्वान किया कि बिजली के बढ़े दामों के खिलाफ आज शुक्रवार, 12 जुलाई को दिल्ली भाजपा दिल्ली सचिवालय के बाहर केजरीवाल सरकार के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रचंड विरोध प्रदर्शन करेगी और सरकार को बढ़ी हुई दरें वापस लेने के लिए मजबूर करेगी। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने गुरूवार को यह जानकारी देते हुए कहा है कि इस विरोध प्रदर्शन में आप सभी भी अपने घर से बिजली बिल लेकर आए और दिल्ली की केजरीवाल सरकार के खिलाफ इस मुहिम में जुड़े।

### बिजली दरों में बढ़ोतरी करके लोगों को लूट रही है दिल्ली सरकार : यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार विभिन्न मदों के तहत बिजली दरों में बढ़ोतरी करके लोगों को लूट रही है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने बिजली दरों में हुई बढ़ोतरी मामले में दिल्ली सरकार को घेरते हुए यह आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार डिस्कॉम को पावर परचेज एग्रीमेंट चार्ज (पीपीएसी) में 8/9 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने की अनुमति देकर राजधानी में बिजली उपभोक्ताओं पर भारी वित्तीय बोझ डाल रही है और इस प्रक्रिया में दिल्ली सरकार चुपचाप लोगों को लूट रही है। उन्होंने कहा कि मुफ्त बिजली और पानी देने का वादा करने वाली केजरीवाल सरकार ने लोगों को केवल धोखा दिया है।





## लोगों की बढ़ी परेशानी

# बवाना में मुनक नहर का तटबंध टूटने से कॉलोनी में भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा की तरफ दिल्ली के हैदरपुर वाटर प्लांट की तरफ आने वाली मुनक नहर का दिल्ली देहात के बवाना इलाके में तटबंध टूटने से बवाना की जेजे कॉलोनी में बाढ़ जैसे हालात हो पैदा गए और यहां जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि रात करीब 12 बजे के आसपास जेजे कॉलोनी में कमर तक पानी भर आया है। जिससे घरों को काफी प्रभावित किया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इसकी वजह से आसपास के लोगों को काफी मुसीबत हो रही हैं। हालांकि हालातों की सूचना जैसे ही नेताओं को मिली तो क्षेत्रीय सांसद योगेंद्र चंदोलिया, दिल्ली सरकार की राजस्व मंत्री आतिशी अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंची और हालातों का जायजा लिया। कॉलोनी वासियों के आरोप लगाते हुए कहा कि लोगों के लिए खाने पीने तक की कोई सुविधा प्रशासन की ओर से नहीं करवाई गई है। वहीं, मंत्री आतिशी ने कहा कि जैसे ही जलभराव की सूचना दिल्ली सरकार और अधिकारियों को लगी तुरंत राहत बचाव के निर्देश दिए गए हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि रात करीब 12 बजे नहर टूटी है जिसके बाद कॉलोनी के सभी ब्लॉकों में पानी भर गया है। लोग कमर तक पानी में चलने को मजबूर है, पूरे रियाइसी इलाके में पानी भरने से यहां जनजीवन अस्त व्यस्त नजर आ रहा है। लोगों का आरोप है कि बाढ़ जैसे हालातों में उनके रहने, खाने और बच्चों के दूध तक की कोई व्यवस्था प्रशासन की ओर से नहीं की गई। बच्चे स्कूल भी नहीं जा पाए।

आतिशी ने साझा किया कि, राजस्व विभाग द्वारा राहत कार्यों का इंतज़ाम हो रहा है। दोपहर का भोजन और रात का खाना इलाक़े के लोगों को उपलब्ध करवाया जा रहा है। साथ ही लोगों की मदद के लिए स्थानीय विधायक और ज़िला प्रशासन मौक़े पर मौजूद है। उन्होंने कहा कि, यहां पानी भरने से करंट का ख़तरा पैदा हो सकता है। ऐसे में सावधानी बरतते हुए बिजली की सप्लाई को काट दिया गया है। जैसे ही यहां से जलजमाव दूर होगा, बिजली की आपूर्ति दोबारा शुरू कर दी जाएगी। प्रभावित इलाक़ों में लोगों की जो भी सहयोग चाहिए उन्हें दिया जा रहा है।

### तटबंध की मरम्मत का युद्धस्तर पर कर रहे हैं कार्य : आतिशी



दिल्ली में मुनक नहर के बवाना एंट्री पॉइंट पर टूटे तटबंध के मरम्मत का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। दिल्ली की जल और राजस्व मंत्री आतिशी ने निरीक्षण कर के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मरम्मत कार्य का जायज़ा लिया। दिल्ली जल बोर्ड और हरियाणा सिंचाई विभाग युद्धस्तर पर तटबंध की मरम्मत का काम कर रहे है, रात तक मरम्मत का काम पूरा होने की उम्मीद है। आतिशी ने बताया कि तटबंध टूटने से बवाना जे.जे. कॉलोनी में पानी घुस गया था। डीडीए, पीडब्ल्यूडी, एमसीडी समेत तमाम एजेंसियां मोबाइल पंपों के जरिए यहां से जल निकासी का काम कर रही है। आतिशी ने कहा कि, एजेंसियों द्वारा जल निकासी का काम जारी है। यहां पानी का स्तर धीरे-धीरे नीचे जा रहा है और रात तक स्थिति सामान्य हो जाएगी। आतिशी ने कहा कि, मुनक नहर का रखरखाव हरियाणा के सिंचाई विभाग द्वारा किया जाता है। हरियाणा सिंचाई विभाग और दिल्ली जल बोर्ड की टीम कल रात से ही यहाँ मौजूद है और युद्धस्तर पर नहर की मरम्मत का काम किया जा रहा है।

### कई इलाक़ों में जलापूर्ति हुई प्रभावित

जलमंत्री आतिशी ने कहा कि, तटबंध के टूटने से दिल्ली के हैदरपुर, बवाना, द्वारका और नांगलोई वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के उत्पादन पर असर पड़ा और कई इलाकों में जलापूर्ति प्रभावित हुई। लेकिन नहर पानी को डाइवर्ट करने के बाद हैदरपुर, बवाना और नांगलोई वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में कुछ घंटों में उत्पादन सामान्य हो जाएगा। उन्होंने कहा कि, द्वारका वाटर ट्रीटमेंट प्लांट कच्चे पानी के लिए पूरी तरह सीएलसी पर निर्भर है ऐसे में सीएलसी के मरम्मत के बाद ही शुक्रवार शाम द्वारका में जलापूर्ति सामान्य हो सकेगी। नहर की मरम्मत के बाद जल बोर्ड और हरियाणा सिंचाई विभाग संयुक्त रूप से तटबंध के टूटने के कारणों की विस्तृत जांच करेगी।

### रिसाव को रोक लिया होता तो यहां बाढ़ जैसे ना होते हालात : चंदोलिया

नई दिल्ली। अगर मुनक नहर के पानी के रिसाव को रोक लिया होता तो शायद आज इतनी बड़ी घटना नहीं होती और लोगों को बेघर नहीं होना पड़ता। क्षेत्रीय सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने आम आदमी पार्टी की सरकार और नगर निमग पर मौके का निरीक्षण करने के बाद यह आरोप लगाये। उन्होंने कहा कि नगर निगम, जलबोर्ड और फ्लड विभाग के अधिकारियों को कॉल किया लेकिन 11 बजे के बाद केवल सात पंप लगाए गए जो काफी नहीं है। उन्होंने कहा कि कम से कम 50 पंप लगने चाहिए। लोग आज सड़कों पर हैं और भाजपा यहां भोजन का प्रबंधन कर रही है। हमने बवाना के आम आदमी पार्टी के विधायक से शिकायत की लेकिन किसी भी प्रकार की मदद नहीं मिली। अगर पानी के रिसाव को रोक लिया होता तो शायद आज इतनी बड़ी घटना नहीं होती और लोगों को बेघर नहीं होना पड़ता।



# हाईकोर्ट ने यमुना के पास से अतिक्रमण और अवैध निर्माण हटाने का दिया आदेश

एजेंसी ⏭ दिल्ली



दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के उपाध्यक्ष को यमुना नदी के तट, नदी तल और नदी में बहने वाले नालों पर से सभी अतिक्रमण और अवैध निर्माण हटाने का निर्देश दिया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने अतिक्रमण और अवैध निर्माण हटाने के कार्य के लिए दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), दिल्ली पुलिस, दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी), सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा वन विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करने के लिए डीडीए उपाध्यक्ष को नोडल अधिकारी नियुक्त किया तथा उनसे एक सप्ताह के भीतर सभी संबंधित अधिकारियों की बैठक बुलाने को कहा। अदालत ने शाहीन बाग के पास यमुना नदी के तट पर कुछ अनधिकृत निर्माणों को ध्वस्त करने के निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए आठ जुलाई को यह आदेश पारित किया था। पीठ ने आदेश दिया कि याचिकाकर्ताओं की मांग को ध्यान में रखते हुए यह न्यायालय डीडीए के उपाध्यक्ष को यमुना नदी के तट, नदी तल और यमुना नदी में बहकर आने वाले नालों पर से सभी अतिक्रमण और अवैध निर्माण को हटाने का निर्देश देता है। पीठ में न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला भी शामिल थे। अदालत ने डीडीए उपाध्यक्ष को छह सप्ताह के भीतर संबंधित कार्य की रिपोर्ट दाखिल करने को कहा। याचिकाकर्ता के वकील ने तर्क दिया कि पारिस्थितिकी दृष्टि से नाजुक यमुना के खादर क्षेत्र को खतरे में डालने और प्रदूषण फैलाने के अलावा नदी के निकट अनियमित निर्माण से मानसून के दौरान लोगों का जीवन भी खतरे में पड़ रहा है।

### प्रभावित लोगों को मुआवजा दे दिल्ली सरकार : यादव

नई दिल्ली। मुनक नहर के तटबंध के टूटने से बवाना के जेजे कॉलोनीवासियों को जो नुकसान हुआ है, उन पीड़ित परिवारों को दिल्ली सरकार जल्द से जल्द मुआवजा दें। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने गुरूवार को बवाना की जेजे कॉलोनी में हुए बाढ़ जैसे हालात देखने के बाद यह मांग की है। उन्होंने दिल्ली बाढ़ नियंत्रण मंत्री और संबंधित विभागों से लोगों को राहत प्रदान करने के लिए तत्काल कदम उठाने की अपील की क्योंकि मुनक नहर के टूटने से उत्तरी दिल्ली के बवाना क्षेत्र में जेजे कॉलोनी के आवासीय इलाकों में पानी भर गया है। उन्होंने कहा कि चाहे पानी की कमी हो, जलजमाव हो या मुनक नहर का टूटना हो, दिल्ली सरकार को स्थिति की गंभीरता का एहसास तब होता है जब नुकसान हो चुका होता है।

### डेंगू की स्थिति होती जा रही है भयावह : इकबाल

नई दिल्ली। दिल्ली में डेंगू की स्थिति भयावह होती जा रही है और निगम महापौर और प्रशासन गहरी नींद में सोया हुआ है। दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष एवं पूर्व महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने गुरूवार को महापौर को डेंगू मामले पर घेरते हुए यह बातें कही। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली में पिछले हफ्ते तक डेंगू के 270 मामले आए, पिछले साल की तुलना में यह मामले दोगुने हो गए हैं। उन्होंने कहा कि दल्ली नगर निगम में आप सरकार के शासन में दिल्ली का बुरा हाल हुआ है और पिछले वर्ष से ही मच्छरजनित रोगों के आंकड़े सार्वजनिक नहीं किए जा रहे हैं।

## महापौर ने गहलोत और निगम अधिकारियों के साथ नजफगढ़ का किया निरीक्षण

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने गुरूवार को दिल्ली सरकार के मंत्री और स्थानीय विधायक कैलाश गहलोत के साथ नजफगढ़ विधानसभा क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने मित्राऊं गांव, गोपाल नगर और सूरखपुर समेत कई इलाकों का दौरा किया और सफाई व्यवस्था व नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान दिल्ली नगर निगम के नजफगढ़ जोन के उपायुक्त बादल कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान महापौर ने क्षेत्र में साफ-सफाई की व्यवस्था को संतोषजनक नहीं पाया। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नालियों की नियमित सफाई की जाएगी ताकि क्षेत्र में जलभराव ना हो। महापौर ने निरीक्षण के दौरान स्थानीय निवासियों की भी बात की और उनकी समस्याएं सुनी। स्थानीय लोगों ने महापौर को क्षेत्र में सफाई कर्मियों की कमी की समस्या से अवगत कराया। स्थानीय लोगों ने महापौर डॉ. शैली



ओबरॉय से सफाई व्यवस्था को दुरुस्त कराने का आग्रह किया।

## आज होगी अकादमिक परिषद की बैठक

# फॉरेंसिक विज्ञान के छात्रों की सुविधा के लिए पुलिस से संपर्क करेगा डीयू

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) से फोरेंसिक विज्ञान की पढ़ाई कर रहे छात्रों को जांचकर्ताओं के साथ अपराध स्थल का दौरा करने की अनुमति मिलने की संभावना है। डीयू इस बाबत दिल्ली पुलिस से संपर्क करने की योजना बना रहा है। डीयू के मानवविज्ञान विभाग ने एक प्रस्ताव तैयार किया है, जिसे मंजूरी के लिए विश्वविद्यालय की अकादमिक परिषद के सामने रखा जाएगा। अकादमिक परिषद की बैठक 12 जुलाई को होनी है। प्रस्ताव में एमएससी (फॉरेंसिक विज्ञान) के अंतिम सेमेस्टर के पाठ्यक्रम में मामूली बदलाव करने का प्रावधान किया गया है, ताकि छात्रों को पुलिस थानों के माध्यम से अपराध स्थलों का दौरा करने का तजुर्बा मिल सके। एक अधिकारी ने बताया कि फॉरेंसिक विज्ञान के छात्रों को अपराध स्थल का जायजा लेने और साक्ष्य जुटाने का अनुभव दिलाने के लिए मानवविज्ञान विभाग दिल्ली के सभी जिलों के पुलिस उपायुक्तों (डीसीपी) को



अनुशंसा पत्र (एलओआर) लिखेगा। अधिकारी ने कहा कि अंतिम सेमेस्टर के छात्र जब अपराध स्थलों का दौरा करेंगे और जांचकर्ताओं को फॉरेंसिक साक्ष्य जुटाते देखेंगे तो एक तरह से उन्हें दिल्ली पुलिस के अधीन प्रशिक्षण हासिल करने का मौका मिलेगा। प्रस्ताव के बारे में और जानकारी देते हुए एक अन्य अधिकारी ने कहा कि छात्रों को फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला में प्रशिक्षण दिया जाएगा और अदालती कार्यवाही तथा मामले के वैज्ञानिक विवरण तक पहुंच से हासिल अनुभव के बारे में प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने को कहा जाएगा। अपराध स्थल का दौरा एमएससी (फॉरेंसिक विज्ञान) के पाठ्यक्रम का हिस्सा है। अंतिम सेमेस्टर के छात्र पहले खुद ही इसकी अनुमति हासिल करने की कोशिश करते थे। लेकिन अब मानवविज्ञान विभाग सभी डीसीपी को औपचारिक रूप से एक एलओआर लिखने की योजना बना रहा है, ताकि छात्रों को अपराध स्थल का दौरा करने और फॉरेंसिक साक्ष्य कैसे एकत्र किए जाते हैं, इसकी वास्तविक जानकारी हासिल करने में मदद मिल सके। अधिकारी ने कहा कि हमने एमएससी (फॉरेंसिक विज्ञान) के पाठ्यक्रम में कोई बदलाव नहीं किया है। हमने सिर्फ मामूली संशोधन करने का प्रस्ताव किया है, ताकि पाठ्यक्रम को लेकर ज्यादा स्पष्टता कायम हो सके और वह प्रक्रिया समझाई जा सके, जिसके जरिये अंतिम वर्ष के छात्र प्रशिक्षण हासिल कर सकते हैं, प्रोजेक्ट रिपोर्ट बना सकते हैं और क्षेत्र में काम करने का अनुभव हासिल कर सकते हैं। अधिकारी के अनुसार, योजना के तहत मानवविज्ञान विभाग शहर के नामी वकीलों से संपर्क कर अपने छात्रों को केस स्टडी उपलब्ध कराने का अनुरोध भी करेगा ताकि उन्हें और बेहतर तजुर्बा मिल सके।

### ग्रामीणों को सभी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए दिल्ली सरकार प्रतिबद्ध : राय



नई दिल्ली। दिल्ली की केजरीवाल सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सभी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। 204 करोड़ रूपए की लागत से नरेला और बवाना के गांवों में विकास कार्य किया जा रहा है। दिल्ली के पर्यावरण एवं विकास मंत्री गोपाल राय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। बता दें कि सरकार ने गांवों में विकास कार्यो को गति देने के लिए दिल्ली सरकार ने नरेला और बवाना विधान सभा में विकास सभा का आयोजन किया। यहां राय ने कहा कि दिल्ली के गॉव के विकास से संबंधित कार्यो के लिए सरकार ने 900 करोड़ रूपए का बजट रखा है। उन्होंने बताया कि आज से पौधा वितरण अभियान नरेला और बवाना विधान सभा से शुरू किया गया है। इसके तहत इस साल लगभग 7 लाख 74 हजार से ज्यादा निःशुल्क पौधे वितरित किए जाएंगे। इस अवसर पर नरेला और बवाना के विधायक शरद कुमार चौहान, जय भगवान और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग और वन विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

जंतु जगत / शिखर चंद जैन

बच्चों, अगर तुमसे पेड़ों पर रहने वाले जीवों के बारे में पूछा जाए, तो तुम्हारे दिमाग में सबसे पहले पक्षियों का नाम आएगा। लेकिन पक्षियों के अलावा भी कई ऐसे जंतु हैं, जो पेड़ों पर रहना पसंद करते हैं। हम यहां तुम्हें ऐसे ही कुछ अनोखे जंतुओं के बारे में बता रहे हैं।

# पक्षियों की तरह इनको भी भाता है पेड़ों पर रहना

बच्चों, पक्षियों को तो तुम एक पेड़ से दूसरे पेड़ की शाखाओं पर फुदकते देखते ही होगे। तुम यह भी जानते होगे कि अधिकांश पक्षी, पेड़ों के झुरमुटों में ही घोंसला बनाकर रहते हैं। लेकिन इनके अलावा भी दुनिया भर में ऐसे कई जंतु हैं, जो पेड़ों पर ही अधिकतर समय रहते हैं। इनमें से कुछ के बारे में हम यहां बता रहे हैं।

## कोआला यूकेलिप्टस पेड़ पर होते हैं निर्भर



**मूल रूप** से ऑस्ट्रेलिया में पाया जाने वाला कोआला, बेहद क्यूट, किसी खिलौने की तरह दिखता है। आमतौर पर ये दक्षिण-पूर्वी और पूर्वी ऑस्ट्रेलिया के यूकेलिप्टस पेड़ों के जंगलों में पाए जाते हैं। अपने भोजन के लिए ये पूरी तरह यूकेलिप्टस पेड़ की पत्तियों पर ही निर्भर होते हैं। कोआला बहुत ही आलसी होते हैं। ये दिन में 18 घंटे तक सोते हैं। ये बहुत ही कम पानी पीते हैं। भोजन के साथ-साथ इनकी पानी की जरूरतें भी यूकेलिप्टस की पत्तियों से ही पूरी हो जाती हैं। *

## स्लॉथ हफ्ते में एक बार उतरता है पेड़ से नीचे



**मध्य और** दक्षिणी अमेरिका के ट्रॉपिकल जंगलों में पाया जाने वाला स्लॉथ, अपने नाम के मुताबिक बेहद आलसी और ढीला-ढाला प्राणी है। यह रोजाना 20 घंटे तक सोता रहता है या जागने पर भी बहुत ज्यादा हिलता-डुलता नहीं है। तुम्हें यह जानकर आश्चर्य होगा कि यह सात-आठ दिनों में एक बार ही पेड़ से नीचे उतरता है, बाकी समय यह पेड़ की डाल पर या तो उल्टा लटका रहता है या फिर पेड़ से चिपका रहता है। यह बिना जमीन पर उतरे, एक पेड़ से दूसरे पेड़ तक उनकी शाखाओं के जरिए चला जाता है। जमीन पर चलना इनके लिए बहुत मुश्किल होता है, क्योंकि इन्हें किसी चीज का सहारा लेकर ही हिलने-डुलने और चलने की आदत होती है। *

## ट्री-कंगारू पेड़ों पर लंबी छलांग लगाने में माहिर



**ट्री-कंगारू**, ऑस्ट्रेलियन कंगारू से अलग प्रकार का जंतु है। ये ऑस्ट्रेलियन कंगारू की तरह जमीन पर नहीं कूदते। ये पेड़ों पर तेजी से चढ़ने और पेड़ों से लंबी छलांग लगाने में माहिर होते हैं। इन्हें ऑस्ट्रेलिया और पापुआ न्यू गिनी के वर्षा वनों में देखा जा सकता है। हालांकि ट्री-कंगारुओं की संख्या अब बहुत कम रह गई है। जीव-विज्ञानियों का मानना है कि पहले ट्री-कंगारू भी आम कंगारू की तरह ही जमीन पर रहते थे। लेकिन बाद में इन्होंने पेड़ों पर रहने की आदत अपना ली। *

## टार्सियर घने पेड़ों में रहना करता है पसंद



**टार्सियर को** दुनिया का दूसरा सबसे छोटा 'प्राइमेट' (मानवाकार वानर की एक प्रजाति) माना जाता है। ये फिलिपींस सहित दक्षिण-पूर्वी एशिया के द्वीपों और जंगलों में पाए जाते हैं। इनकी आंखें बहुत बड़ी-बड़ी होती हैं। ये निशाचर, यानी रात में अधिक एक्टिव रहने वाले प्राणी खुद को घने पेड़ों के बीच अधिक सुरक्षित महसूस करते हैं। इसलिए ये अपना ज्यादातर समय घने पत्तों वाले पेड़ों के बीच ही बिताना पसंद करते हैं। एक पेड़ से दूसरे पेड़ पर छलांग लगाते हुए ये पूरा जंगल घूमते रहते हैं। आराम करते या सोते वक्त पेड़ से गिर ना जाएं, इसके लिए ये अकसर अपनी लंबी पूंछ को पेड़ की शाखा से लपेट लेते हैं। टार्सियर, एकमात्र ऐसे प्राइमेट हैं, जो पूरी तरह मांसभक्षी हैं। *

## स्क्वेरल मंकी खूब करते हैं पेड़ों पर मस्ती



**मध्य और** दक्षिणी अमेरिका के वर्षा वनों में प्यारे-प्यारे स्क्वेरल मंकी (गिलहरी बंदर) को पेड़ों की शाखों पर उछलकूद, मस्ती या आराम करते देखा जा सकता है। नटखट बच्चों जैसे दिखने वाले छोटे आकार के ये अनूठे बंदर, बहुत शरारती होते हैं। दिन हो या रात, इनका ज्यादातर समय पेड़ों पर ही बीतता है। रात के समय ये पेड़ की मोटी शाखाओं पर पेट के बल सो जाते हैं और अपने हाथों से उसे पकड़े रहते हैं। इन्हें काफी स्मार्ट माना जाता है, क्योंकि अन्य बंदर की प्रजातियों की तुलना में इनका ब्रेन, इनकी बॉडी के अनुपात में बड़ा होता है। *

## लेपर्ड पेड़ों पर आराम फरमाना करता है पसंद



**लेपर्ड यानी** तेंदुआ एक मांसाहारी जंगली जंतु है। यह पैंथेरा जीनस यानी बड़ी बिल्ली परिवार का सबसे छोटे आकार का सदस्य होता है। इसे हरे-भरे पेड़ों की शाखों पर आराम करने में बड़ा मजा आता है। यह दिन में ही नहीं रात में भी पेड़ पर ही अधिकतर समय रहता है। यह अपने शिकार का पीछा करते हुए आसानी से पेड़ की ऊंचाइयों तक पहुंच जाता है या फिर पेड़ों के ऊपर छिपकर नीचे अपने शिकार पर नजर रखता है। भारत और चीन समेत मध्य एशिया के कई देशों और अफ्रीका में लेपर्ड बहुतायत में पाए जाते हैं। *

## जीके क्विज-112

1. हाल ही में भारतीय नौसेना की पहली महिला हेलीकॉप्टर पायलट बनने का गौरव किसे हासिल हुआ है?
2. 31 जुलाई को हिंदी के किस प्रसिद्ध लेखक की जयंती मनाते हैं?
3. सात टापुओं का नगर के नाम से किस शहर को जाना जाता है?
4. प्राचीन भारत में मगध साम्राज्य की प्रारंभिक राजधानी कहां थी?
5. इंसुलिन का प्रयोग किस बीमारी के उपचार में होता है?
6. विश्व का सबसे घना जंगल कौन-सा है?
7. सांची के स्तूप किस राज्य में स्थित हैं?
8. 'यक्षगान' किस राज्य का लोक नृत्य है?
9. हल्दी घाटी का युद्ध किस-किस के बीच हुआ था?
10. अरुणाचल प्रदेश की राजधानी का क्या नाम है?



बच्चों, जीके क्विज-112 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-111 का उत्तर :** 1.दक्षिण अफ्रीका, 2.रोहित शर्मा, 3.राजनाथ सिंह, 4.11 जुलाई, 5.4 वर्ष, 6.एम. फातिमा बीबी, 7.सरोजिनी नायडू, 8.आर्कटिक महासागर, 9.यमुना, 10.काला

**जीके क्विज-111 का सही उत्तर देने वाले :** जितेंद्र-बालाघाट, शुभम-बिलासपुर, मानवी मधुकर-बिलासपुर, अजय-कोर्रा, रेणुका धुरंधर-ईमेल से, बिंदा ध्रुव-बलौदा बाजार, कबीर-हिसार, समीर-ईमेल से, आत्रेयन-ईमेल से, रितेश-मटियारी, विशु-मनकी लोरमी, सोनल-रायपुर, आकाश-रोहतक

## हंसगुल्ले



**मोनू :** यार, तुम तो कहते थे, गूगल हर बात की जानकारी दे सकता है, लेकिन ये तो किसी काम का नहीं!
**सोनू :** क्यों, क्या हुआ?
**मोनू :** क्या फायदा इस गूगल का, जो ये भी न बता पाए कि एग्जाम में कौन-कौन से प्रश्न आएंगे?

**-प्रियांश, रोहतक**

**पापा :** गाड़ी का पेट्रोल खत्म हो गया है, अब आगे नहीं जा सकते।
**चिंटू :** कोई बात नहीं पापा! गाड़ी को रिवर्स कर लीजिए, वापस घर चलते हैं।

**-काव्या, रायपुर**

रोहन एक काला और एक सफेद जूता पहनकर स्कूल आया।
**टीचर :** ये क्या है, घर जाओ और जूते बदलकर आओ।
**पप्पू :** कोई फायदा नहीं सर, घर में भी एक काला और एक सफेद जूता ही रखा है।

**-साकेत, दुर्ग**

गुदगुद भालू को जब पता चला कि पेड़ गब्बू हाथी को चोरी-छुपे कहानी सुनाता है तो वह भी मचल उठा कि पेड़ उसे भी कहानी सुनाए। गुदगुद भालू को यह भी जिज्ञासा हुई कि पेड़ इतनी कहानियां लाता कहां से है? पेड़ ने क्या गुदगुद भालू को कहानी सुनाई ? क्या यह भी बताया कि वह इतनी कहानियां कैसे सुना लेता है ? बच्चों, पढ़ो यह मजेदार कहानी।

# कहानी सुनाने वाला पेड़

कहानी
समीर गांगुली



हालांकि यह मुहावरा उस पर जमता नहीं है, फिर भी गुदगुद भालू समझ गया था कि 'दाल में कुछ काला' है। इसलिए वह एक टीले के पीछे छिपकर कुछ देखने और सुनने की कोशिश कर रहा था। उसने सुना, पेड़ डांटते हुए गब्बू हाथी से कह रहा था, 'भाग जा, नहीं तो अपनी टहनियां झुका-झुका कर तुझे पीटूंगा।' लेकिन गब्बू जो असल में आठ महीने का हाथी का बच्चा था, गर्दन और सूंड को जोर-जोर से हिलाते हुए कहे जा रहा था, 'बस एक.. बस एक... फिर चला जाऊंगा।' पेड़ आज गब्बू से बहुत चिढ़ा हुआ था। चिल्ला-चिल्लाकर कह रहा था, 'सवाल ही नहीं उठता! तू रोज अपनी कान फाड़ू आवाज से मुझे कच्ची नींद से जगा देता है। फिर भी नहीं जागूं तो अपने भारी सिर से मेरे धड़ को ठोक-ठोक कर मुझे उठाता है। मेरे तीन सौ सैंतीस पत्ते गिरा दिए, मुझे घायल कर दिया... और फिर कहता है, तुझे कहानी सुनाऊं। जा, नहीं सुनाऊंगा।' 'ओह, तो ये चक्कर है!' अब गुदगुद भालू टीले की आड़ से एक जासूस की तरह बाहर निकल आया। पेड़ के पास जाकर बोला, 'तो आज तुम रंगे हाथों पकड़े गए।' हालांकि पेड़ के लिए यह मुहावरा भी ठीक नहीं था, क्योंकि पेड़ के तो हाथ होते ही नहीं।

पेड़ अब और ज्यादा परेशान हो गया। अब उसके सामने थे दो छंटे हुए नटखट बदमाश- एक भालू का बच्चा, दूसरा हाथी का बच्चा।

पेड़ ने टालने की खातिर कहा, 'मुझे तुम दोनों के नाम पसंद नहीं। पहले घर जाओ, नहाकर और नाम बदलकर आओ।' गुदगुद भालू अपने दोनों हाथ कमर पर रखकर ऐंठते हुए बोला, 'आज पता चला, तुम्हीं हो कहानी सुनाने वाले पेड़। इस गब्बू छोटे हाथी को छिप-छिप कर कहानी सुनाते हो, मेमनों को भी तुम्हारे आस-पास चक्कर लगाते मैंने देखा है। अब तो मैं भी कहानी सुनकर ही जाऊंगा।' पेड़ उन्हें टालने की गरज से बोला, 'अभी मुझे नींद आ रही है, शाम को आना।' इस बार गब्बू हाथी बोला, 'दिन में सोना अच्छी बात नहीं। चलो, शुरू हो जाओ। शैतान शेर, नहीं तो खौफनाक भूत की कहानी सुनाओ।' गुदगुद भालू ने गब्बू हाथी की बात खत्म होते ही पेड़ से पूछा, 'और पहले ये बताओ, इतनी सारी कहानियां तुम्हें मिलीं कहां से?' पेड़ समझ गया कि अब इन दोनों बदमाशों से पीछा छुड़ाना मुश्किल है, इसलिए वह एक बार जोर से झूमा फिर उसने बताना शुरू किया, 'मेरे नीचे या शाख पर जो भी आकर बैठता है, उसके चौदह पुरखों की कहानियां मेरे सामने आ जाती हैं। रोज ही ना जाने कितने पशु-पक्षी मेरी शाखों पर बैठते हैं या मेरी पत्तियां, फल-फूल खाने के लिए यहां आते हैं। दिन-रात कितने ही भले और बुरे आदमी मेरी छांव में बैठकर सुस्ताते हैं। कई बार रात-बेरात भी आकर बैठ जाते हैं। फिर मेरे सामने उनकी और उनके पुरखों के कारनामों की कहानियां जिंदा होकर प्रकट हो जाती हैं। मैं चुपचाप उन्हें देखता हूं। उनमें से जो कहानियां सुनाने लायक होती हैं, बस किसी-किसी को सुना देता हूं, लेकिन सबको नहीं।'

गुदगुद भालू नकली गुस्सा दिखाते हुए पेड़ से बोला, 'जी तो चाहता है, इसकी सजा दूं तुझे। तेरी दो-चार टहनियां तोड़ दूं ऊपर चढ़कर।' गुदगुद की बातें सुनकर पेड़ हंसते हुए बोला, 'कोशिश करके देखो, तुम्हारा भी वही हाल करूंगा, जो तुम्हारे गुस्सेबाज पिता का किया था। घर जाकर पूछना, धक्का देकर नीचे गिराया था और अपनी टहनियों से तड़ातड़ पीटा था।' गुदगुद भालू पेड़ की बात सुनकर झेंप गया। लेकिन गब्बू हाथी पेड़ की बात सुनकर पहले तो खूब हंसा और फिर हंसते हुए बोला, 'भई, मजा आ गया इस कहानी को सुनकर।' गुदगुद भालू पेड़ के मजाक से अभी तक दुखी और नाराज था। गुदगुद को दुखी देखकर पेड़ को भी दुख हुआ, उसने गुदगुद से कहा, 'अरे, मैंने तो मजाक किया था, तुम हो कि बुरा मान गए! अच्छा चलो, मैं तुम्हारी नाराजगी दूर करने के लिए एक गाना गाता हूं।' फिर पेड़, गुदगुद को मनाने के लिए गाने लगा। यह एक डांस-नंबर था, जिसे सुनकर गुदगुद भालू और गब्बू हाथी दोनों नाचने लगे।

पेड़ को पता था कि उसकी डाल पर कुछ पक्षी और जानवर चुपचाप बैठकर सारी बातें सुन रहे हैं। पेड़ ऊंची आवाज में बोला, 'ऊपर छिपे कौव्वे, सांप, बंदर और तोते भी नीचे आ जाएं, नहीं तो मैं अभी सबके पुरखों की पोल खोलता हूं।'

सबके सब नीचे उतर आए और दोस्तों की तरह एक घेरा बनाकर बैठ गए। बोलने वाले पेड़ ने जंगल के जंतुओं को एक मनोरंजक और शिक्षाप्रद कहानी सुनाई। सब कहानी सुनकर बहुत खुश हुए। *

## कविता

गोविंद भारद्वाज



### आई जुलाई

छुट्टियां सकल बीत गईं,
फिर आया माह जुलाई।
हम सभी की विद्यालय में,
जाने की बारी आई।।
कॉपी-पेंसिल संभालो,
बस्ते अब झाड़ो भाई।
फिर से शाला जाने को,
पापा ने बस लगवाई।।
गणवेश सिली शाला की,
मिली एक सुंदर टाई।
जूते, मोजे लिए नए,
विधि पहन-पहन इतराई।।
बेल्ट लगी सुंदर अपनी,
किताबें नई दिलवाई।
स्कूल खुलने की खुशी में,
रीता-गीता इठलाई।

## रंग भरो-154

**रंग भरो-154** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





रितेश, मटियारी



प्रगति, बिलासपुर



पृथ्वीराज, बिलासपुर



देवी, रायपुर



सौम्य, बालोद



आतिया, बहादुरगढ़

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, भूमिका-बागबाहरा, दिशांत-महेंद्रगढ़, लावण्या-बेमेतरा, पलक-धमतरी, सक्षम-रायपुर, युक्ति-धमतरी, दिव्या-रायगढ़, हर्ष-रोहतक, भूमिका-दुर्ग, अंचित-सोनीपत, आर्यन-करनाल, अमन-भोपाल, दीपा-बलौदा बाजार, हंसिका-मटियारी


## रंग भरो 155

बच्चों, गर्मी की छुट्टियों के बाद फिर से स्कूल खुल गए हैं। यहां स्कूल जाते हुए बच्चों का चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।




## सही परछाई बताओ

बच्चों, यहां एक खेलते हुए बच्चे का चित्र दिया गया है। इसके बगल में इस चित्र की कई परछाइयां भी हैं। तुम्हें ध्यान से देखकर बताना है कि बच्चे के चित्र की सही परछाई कौन-सी है?




उत्तर: D

लखनऊ मेट्रो के दूसरे चरण की डीपीआर को मिली मंजूरी

# चारबाग से बसंतकुंज तक पांच साल में दौड़ेगी मेट्रो, करीब 11 किलोमीटर मार्ग पर होंगे 7 भूमिगत और 5 एलिवेटेड स्टेशन

एजेंसी ⏭ लखनऊ

लोकसभा चुनाव के बाद योगी सरकार विकास योजनाओं को गति देने में जुटी हुई है। इसी कड़ी में राजधानी लखनऊ में मेट्रो के दूसरे चरण की परियोजना को मंजूरी दे दी है। इसके तहत अब चारबाग से बसंतकुंज तक पूरब-पश्चिम कॉरिडोर बनाया जाएगा। योगी सरकार ने इसी साल मार्च में मेट्रो प्रोजेक्ट को अंतिम रूप देकर केंद्र सरकार को भेजा था। दिल्ली में नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप (एनपीजी) की मंगलवार (9 जुलाई) को हुई बैठक में इस परियोजना को हरी झंडी दे दी है। प्रदेश सरकार ने इस परियोजना को मार्च में मंजूर कर एनपीजी के पास भेजा था। केंद्र सरकार के औद्योगिक नीति संवर्धन विभाग वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अपर सचिव की अध्यक्षता में एनपीजी की बैठक हुई। इसमें प्रधानमंत्री गति शक्ति (पीएमजी) नेशनल मास्टर प्लान पोर्टल के तहत वाटर पाइप लाइन, ट्रांसमिशन लाइन, सीवर लाइन, रेलवे लाइन, पुरातत्व समेत अन्य विभागों के बीच चर्चा हुई। सभी ने कोई आपत्ति नहीं जताई।

**खास बातें**

- नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप (एनपीजी) ने हरी झंडी दे दी
- नॉर्थ साउथ कॉरिडोर से चारबार मेट्रो स्टेशन जुड़ेगा
- योजना पर करीब 5801 करोड़ रुपए खर्च होंगे
- भूमिगत मार्ग की लंबाई 6.879 किमी और एलिवेटेड की 4.286 किमी




### एनपीजी की बैठक में हुई चर्चा

यूपीएमआरसी के एमडी सुशील कुमार ने बताया कि पीएम गतिशक्ति पोर्टल के जरिए मेट्रो निर्माण के लिए स्थलीय परीक्षण से पहले निर्माण के रास्ते में आने वाली रेलवे लाइन, वाटर पाइप लाइन, सीवर लाइन, नाले, ट्रांसमिशन लाइन, संरक्षित स्मारक, हाईवे, पुल आदि की जानकारी मुहैया हो जाती है। एनपीजी की बैठक में इन विभाग के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में इन पर चर्चा की गई है। सभी ने कोई आपत्ति नहीं जताई।

### केंद्रीय कैबिनेट से मंजूरी मिलना बाकी

सुशील कुमार ने बताया कि लखनऊ मेट्रो परियोजना के फेज-2 के तहत चारबाग से वसंतकुज कॉरिडोर के डीपीआर को मंजूरी मिल गई है। अगला चरण पब्लिक इन्वेस्टमेंट बोर्ड का होता है। यहां से बजट की मंजूरी मिलेगी। इसके बाद केंद्रीय कैबिनेट से डीपीआर को हरी झंडी के बाद रूट निर्माण शुरू होगा। इसके बाद ही इस रूट पर काम शुरू होगा।

### चारबाग मेट्रो स्टेशन इंटरचेंज स्टेशन होगा

सुशील कुमार ने बताया कि लखनऊ मेट्रो के दूसरे चरण के तहत पूरब पश्चिम कॉरिडोर को उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर से जोड़ा जाएगा। पूरब पश्चिम मार्ग में चारबाग से बसंतकुंज के बीच कुल 12 स्टेशन बनाए जाने की योजना है। इसमें सात भूमिगत और पांच एलिवेटेड स्टेशन होंगे। चारबाग मेट्रो स्टेशन इंटरचेंज स्टेशन के तौर पर काम करेगा। इस फेज का काम पांच साल में पूरा होने की उम्मीद है। इस पर करीब 5801 करोड़ रुपए खर्च होंगे। एलिवेटेड लंबाई 4.286 किमी. व भूमिगत लंबाई 6.879 किमी. होगी। मेट्रो कोमल्टी मॉडल कनेक्टीविटी, बस स्टैंड और बड़ी इमारतों से जोड़ा जाएगा।

### ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर के ये होंगे स्टेशन

सुशील कुमार ने बताया कि ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर के 12 स्टेशन चारबाग (भूमिगत), गौतम बुद्ध नगर (भूमिगत), अमीनाबाद (भूमिगत), पांडेयगंज (भूमिगत), सिटी रेलवे स्टेशन (भूमिगत), मेडिकल चौराहा (भूमिगत), चौक (भूमिगत), ठाकुरगंज (एलिवेटेड), बालागंज (एलिवेटेड), सरफराजगंज (एलिवेटेड), मूसाबाग (एलिवेटेड), वसंत कुंज (एलिवेटेड) होंगे। चारबाग से वसंत कुंज तक लखनऊ मेट्रो का ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर पुराने लखनऊ के प्रमुख स्थानों जैसे अमीनाबाद, चौक आदि को कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। यह अपने मार्ग के साथ अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों को भी जोड़ेगा और लखनऊ के लोगों को सुविधा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि मेट्रो के ईस्ट वेस्ट कॉरिडोर को एनपीजी से मंजूरी एक बड़ी उपलब्धि है। लखनऊ की शहरी परिवहन के साथ मौजूदा मेट्रो कॉरिडोर के लिए यह परियोजना बेहद अहम है।

---

**खबर संक्षेप**

### सरयू खतरे के निशान से ऊपर बह रही



**अयोध्या।** अयोध्या में सरयू का जलस्तर खतरे के निशान से 27 सेंटीमीटर ऊपर हो गया है। खेतों में पानी भर जाने के कारण तटवर्तीय इलाकों की काफी फसल नष्ट हो गई हैं। जिला प्रशासन ने जिले में 38 बाढ़ चौकियां बनाई हैं। सबसे ज्यादा निगरानी रुदौली तहसील अंतर्गत पस्ता बाढ़ चौकी पर की जा रही है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र की निगरानी भी लगातार हो रही है। कमिश्नर गौरव दयाल भी जगह जगह का निरीक्षण कर रहे हैं।

### बिजली गिरने से 3 की मौत, 3 अन्य घायल



**सरायकेला।** झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में बिजली गिरने से एक महिला और उसके नाबालिग पुत्र समेत तीन लोगों की मौत हो गई तथा तीन अन्य घायल हो गए। घटना बुधवार की शाम को चांडिल थाना क्षेत्र के भादुडीह गांव में हुई। एक खेत में मवेशी चराने गए लोग तिरपाल के नीचे शरण लिए हुए थे जिस पर बिजली गिर गई। अस्पताल में उपचार के दौरान 35 वर्षीय महिला उसके 10 वर्षीय पुत्र तथा 40 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई।

---

पीलीभीत और लखीमपुर खीरी के बाद सीएम योगी ने बाढ़ प्रभावित श्रावस्ती का किया दौरा

# कहा- युद्ध स्तर पर राहत एवं बचाव कार्य हों किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

एजेंसी ⏭ लखनऊ

सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को श्रावस्ती में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हेलीकॉप्टर से निरीक्षण किया। इस दौरान जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह भी मौजूद रहे। राहत शिविरों में जाकर सीएम ने बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात की और उन्हें राहत पैकेट वितरित किए। इस अवसर पर सीएम ने निर्देश देते हुए कहा कि युद्ध स्तर पर राहत एवं बचाव कार्य संचालित किया जाए। बचाव कार्य में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने बताया कि पूरे राज्य में लगभग एक हजार बाढ़ चौकियां स्थापित की गई हैं। इस बार जुलाई के प्रथम सप्ताह में ही राज्य के कई जनपदों में बाढ़ आ गयी है। विपरीत परिस्थितियों में भी राहत बचाव कार्य चल रहा है। इससे पहले बुधवार को उन्होंने पीलीभीत और लखीमपुर खीरी में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई निरीक्षण करने के बाद मौके पर जाकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें राहत सामग्री मुहैया करवाई थी।

**खास बातें**

- यूपी की 17 लाख से अधिक आबादी बाढ़ की चपेट में
- 35 तहसील के 633 गांव बाढ़ से प्रभावित
- राज्य में एक हजार बाढ़ चौकियों स्थापित
- बाढ़ से कृषि भूमि व फसलें प्रभावित
- जानवरों के लिए चारे की व्यवस्था करें

सीएम योगी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र श्रावस्ती का निरीक्षण किया। बाढ़ से पीड़ितों को राहत सामग्री और सहायता राशि वितरित की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राहत और बचाव कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।




### सराहनीय कार्य के लिए पुरस्कृत किया

सीएम योगी ने कहा कि आधी रात में क्षेत्र में एक स्थान पर पानी भर गया। जहां 11 लोग फंस गए। उन्होंने पुलिस को फोन किया। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और रेस्क्यू कर सभी बचा लिया। इस सराहनीय कार्य के लिए पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत किया गया है। जिन महिला और पुरुषों ने बचाव कार्य में पुलिस की मदद की उन्हें भी पुरस्कार राशि दी जाएगी।

### पीड़ित परिवारों को चार लाख की सहायता राशि

सीएम योगी ने कहा कि आपदा के चलते यदि किसी की जान चली जाती है तो पीड़ित परिवारों को चार-चार लाख रुपए सहायता राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आज भी चार परिवारों को जिन्होंने अपने परिवार के सदस्य खोए हैं, उन्हें चार-चार लाख रुपये का चेक दिया गया। 12 जिलों की 35 तहसील के 633 गांव के 17 लाख से अधिक आबादी बाढ़ की चपेट में हैं। कृषि भूमि भी बाढ़ की चपेट में आई है जिससे फसलों को नुकसान पहुंचा है।

### शाहजहांपुर में मदद के लिए सेना को बुलाया

यूपी में बचाव एवं राहत अभियान में मदद के लिए सेना को बुलाया गया है। मध्य सूर्या कमांड ने बचाव कार्य में मदद के लिए दो टुकड़ियां शाहजहांपुर जिले में भेजी हैं। गर्रा और खन्नौत नदी की धारा में 264 से ज्यादा लोग फंसे हुए हैं। मैलानी जंक्शन को गोंडा से जोड़ने वाला रेल मार्ग जलमग्न हो गया है जबकि बाराबंकी को गोंडा, बहराईच और अन्य नेपाल सीमावर्ती जिलों से जोड़ने वाले एल्गिन रोड पुल में दरारें आ गई हैं। बचाव और राहत टीमों द्वारा 10 हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।

### 923 बाढ़ चौकियां स्थापित की गईं

यूपी के राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने बताया कि प्रदेश के कुल 12 जिले पीलीभीत लखीमपुर खीरी, श्रावस्ती बलरामपुर, कुशीनगर बस्ती,शाहजहांपुर, बाराबंकी सीतापुर, गोंडा, सिद्धार्थनगर और बलिया के 633 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शारदा, राप्ती, घाघरा बूढ़ी राप्ती एवं क्वानो नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। यूपी में अब तक 718 बाढ़ शरणालय, 923-बाढ़ चौकियां और 501 मेडिकल टीम गठित और स्थापित की गई हैं। प्रभावित जनपदों में राहत एवं बचाव के लिए एसडीआरएफ (राज्य आपदा मोचन बल) और पीएसी (प्रादेशिक आर्म्ड कांस्टेबुलरी) की तीन-तीन और एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा मोचन बल) की एक टीम तैनात है। नदियों के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन भी पूरी तरह से अलर्ट हो गया हैं।

---

# केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह की दो टूक जनसंख्या नियंत्रण के लिए लाएं कानून जो न माने खत्म हो वोट का अधिकार



एजेंसीएजेंसी ⏭ लखीसराय

देश की जनसंख्या पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने एक बार फिर बड़ा बयान दिया है। सिंह ने कहा है कि जनसंख्या पर नियंत्रण लगाने के लिए एक सख्त कानून लाने की जरूरत है। यह कानून सभी के सहमति से बनना चाहिए और इस कानून को जो न माने उसे वोट देने के अधिकार से वंचित किया जाना चाहिए। उसे सरकारी सुविधाएं भी नहीं मिलनी चाहिए। उनके इस बयान पर राजनीति भी तेज हो गई है। गुरुवार को बेगूसराय सासंद और केंद्र सरकार के कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह लखीसराय में थे। विश्व जनसंख्या दिवस पर आयोजिक एक कार्यक्रम में उन्होंने भाग लिया। पत्रकारों से चर्चा में कहा कि देश में 147 जिले ऐसे हैं जहां जनसंख्या में बढ़ोतरी की दर बहुत ज्यादा है। इसकी वजह यह है कि हिंदू महिलाओं का कुल प्रजनन दर (टीएफआर) कम है और मुस्लिम महिलाओं का ज्यादा है जो लगभग सवा परसेंट से अधिक है। इस कारण मुस्लिम महिलाएं ज्यादा बच्चे पैदा कर रही हैं।

### चीन की पॉलिसी से सीखना होगा

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत आज दुनिया का सबसे आबादी वाला देश बन गया है लेकिन हमें चीन से कुछ सीखना चाहिए। चीन 1979 में यदि वन चाइल्ड पॉलिसी नहीं लाया होता तो लोगों का मानना है कि उसके पास 60 करोड़ आबादी अतिरिक्त रूप से होती। ये आबादी उसके पास होती तो वह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में नहीं उभरता। सिंह के बयान पर राजनीति तेज हो गई है। विपक्षी इंडिया ब्लॉक के आरजेडी और कांग्रेस ने आलोचना की है। राजद प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने कहा है कि गिरिराज सिंह को अपने कपड़ा मंत्रालय से कोई मतलब नहीं है। उन्हें अपने विभाग का रोडमैप लेकर चलना चाहिए। वहीं भाजपा प्रवक्ता कुंतल कृष्ण और एलजेपी के प्रवक्ता राजेश सिंह ने कहा है कि जनसंख्या नियंत्रण कानून देश की आवश्यकता है।

### ऑर्गनाइजर में बढ़ी आबादी पर चेताया

बता दें, आरएसएस के मुखपत्र 'ऑर्गनाइजर' में 'डेमोग्राफी, डेमोक्रेसी और डेस्टिनी' शीर्षक वाला एक लेख लिखा है। लेख में आबादी पर नियंत्रण के लिए कठोर कानून लाए जाने की वकालत की है। साफ कहा गया है कि जनसंख्या वृद्धि का एक और महत्वपूर्ण आयाम धार्मिक और क्षेत्रीय दोनों ही दृष्टियों से असंतुलन है। राष्ट्रीय स्तर पर जनसंख्या स्थिर होने के बावजूद, यह सभी धर्मों और क्षेत्रों में समान नहीं है। सीमावर्ती जिलों में मुस्लिम जनसंख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

---

## पेज एक का शेष

### एआईपी तकनीक ...

प्रक्रिया की शुरुआत होगी। यहां बता दें कि अभी नौसेना को प्रोजेक्ट-75 के तहत फ्रांस के नेवल ग्रुप के साथ मिलकर 6 स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बियों का निर्माण देश में किया गया है। इनमें से 5 को एमडीएल ने बल को सौंपा दिया है। जबकि छठी पनडुब्बी वागशीर को इस साल के अंत तक नौसेना को सौंप दिया जाएगा।

### आंध्र प्रदेश को...

मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के लिए एक बड़ी जीत है, क्योंकि उन्होंने पीएम मोदी और पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी के साथ अपनी बैठकों के दौरान रिफाइनरी स्थापित करने के लिए जोर दिया था। नायडू के 16 सांसद भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार को बहुत जरूरी समर्थन देते हैं। हालांकि, नायडू स्पष्ट रूप से कह रहे हैं कि उनके मन में अपने राज्य के हित हैं और वे किसी भी मांग पर नाव को हिलाने के लिए तैयार नहीं हैं। नायडू ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट एक्स पर लिखा है कि देश के पूर्वी तट पर रणनीतिक रूप से स्थित हमारे राज्य में पेट्रोकेमिकल की महत्वपूर्ण संभावनाएं हैं। मैंने भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक कृष्ण कुमार के नेतृत्व में इसके प्रतिनिधियों से मुलाकात की। हमने आंध्र प्रदेश में 60-70,000 करोड़ रुपये के निवेश से एक तेल रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स की स्थापना की संभावना पर विचार किया। मैंने 90 दिनों में एक विस्तृत योजना और व्यवहार्यता रिपोर्ट मांगी है। इस परियोजना के लिए लगभग 5,000 एकड़ भूमि की आवश्यकता होगी, जिसे सरकार बिना किसी परेशानी के पूरा करने के लिए तत्पर है।

**विशेष श्रेणी का दर्जा मिलने के फायदे:** विशेष श्रेणी का दर्जा मिलने पर केंद्र सरकार उस राज्य को केंद्र प्रायोजित योजनाएं लागू करने के लिए 90 प्रतिशत धनराशि देती है, जबकि अन्य राज्यों में यह 60 प्रतिशत या 75 प्रतिशत होती है। बाकी धनराशि राज्य सरकार खर्चती है। यदि आबंटित धनराशि खर्च नहीं की जाती है तो वह समाप्त नहीं होती है तथा उसे कैरी फॉरवर्ड यानी आगे ले जाया जाता है। राज्य को सीमा शुल्क, आयकर और कॉर्पोरेट कर सहित करों और शुल्कों में भी महत्वपूर्ण रियायतें मिलती हैं। केन्द्र के सकल बजट का 30 प्रतिशत हिस्सा विशेष श्रेणी वाले राज्यों को जाता है।

**कब दिया जाता है विशेष राज्य का दर्जा:**
- संसाधनों की कमी से जूझ रहा राज्य
- प्रति व्यक्ति निम्न आय
- राज्य की वित्तीय स्थिति व्यवहार्य नहीं होना
- आर्थिक एवं संरचनात्मक पिछड़ापन
- एक बड़ी जनजाति का अस्तित्व
- पहाड़ी और चुनौतीपूर्ण इलाका
- सीमावर्ती क्षेत्र जो रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हैं
- एक विरल आबादी वाला क्षेत्र

### किसानों और कृषि ...

कृषि मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की। केंद्रीय मंत्री ने बिहार को राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अंतर्गत आवंटित धनराशि की समीक्षा करने का आश्वासन दिया तथा इस संबंध में नए प्रस्ताव मांगे। चौहान ने खरीफ सीजन के लिए बीजों की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा रबी सीजन के बीजों की आपूर्ति के लिए शीघ्र योजना बनाने के लिए भी समीक्षा करने का आह्वान किया। चौहान ने कहा कि बिहार के किसानों को केंद्रीय स्तर पर किसी भी तरह की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने जोर देकर कहा कि देश में कृषि क्षेत्र को बेहतर बनाने के लिए केंद्र और राज्य दोनों को एक टीम के रूप में काम करना चाहिए और समन्वित तरीके से समाधान तलाशना चाहिए। बिहार के कृषि मंत्री ने राज्य में कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया और केंद्रीय मंत्री ने आश्वासन दिया कि वे केवीके के कामकाज की समीक्षा करेंगे। पांडे ने राज्य में मक्का और मखाना की उत्पादन क्षमता पर प्रकाश डाला और इसे साकार करने के लिए केंद्र से सहयोग का आह्वान किया। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर के साथ-साथ केंद्र एवं राज्य कृषि विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

### बिहार ने मांगा विशेष ...

हैं, न ही समुद्री तट है। कुछ राज्यों में सोने या हीरे की खदानें हैं, कुछ के पास लंबा समुद्री तट है। यह भौगोलिक वरदान है। हम देश के किसी भी राज्य के मुकाबले तेज़ गति से प्रगति कर रहे हैं। इसके अलावा बिहार में नौ हवाई अड्डे,चार नई मेट्रो लाइन्स और सात नए मेडिकल कॉलेज के साथ 200 अरब का थर्मल पावर प्लांट लगाने के लिए केंद्र से पैसा मांगा है। 20 हजार किलोमीटर अधिक लंबाई की सड़कों की मरम्मत के लिए अलग से मांग रखी है। साथ ही बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिए जाने की मांग की है।

### बजट में हो ...

लगेंगे और बजट में स्थान की घोषणा नहीं की जा सकती है।

### गिरोह के सरगना...

राकेश को पकड़ने के लिए एक तरीका अपनाया। दरअसल, राकेश उर्फ रॉकी को पकड़ने के लिए सीबीआई की टीम ने बेहद एडवांस तकनीक का इस्तेमाल किया। सीबीआई ने राकेश की मेल आईडी को ट्रेस किया, उसके बाद आईपी एड्रेस की मदद से उसका एड्रेस पता किया। कन्फर्म होने के बाद सीबीआई ने रॉकी को गिरफ्तार किया। सीबीआई नीट पेपर लीक मामले में 4 जगहों पर छापेमारी कर रही है, इनमें पटना, पटना के पास 2 लोकेशन और कोलकाता में रेड चल रही है। सीबीआई इस मामले की तह तक जाने के लिए हरसंभव कोशिश कर रहा है।

**अब 18 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई:** सुप्रीम कोर्ट में नीट यूजी मामले को लेकर गुरुवार को होने वाली सुनवाई टाल दी गई। इस मामले में अब अगली सुनवाई 18 जुलाई को होगी। इससे पहले गुरुवार को सीबीआई ने कोर्ट में बंद लिफाफे में अपनी रिपोर्ट दाखिल की है। अब छात्रों की निगाहें शीर्ष अदालत के फैसले पर टिकी हैं कि क्या नीट यूजी परीक्षा कैंसिल होगी और फिर से एग्जाम होंगे? इससे पहले शीर्ष कोर्ट में केंद्र सरकार, एनटीए की ओर से एफिडेविट दाखिल किया जा चुका है।

### ये बहुत ही...

आत्महत्या एक बहुत ही गंभीर सामाजिक मुद्दा है। इसको रोकने के लिए केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को निर्देश दिया कि वह भारत में आत्महत्या की रोकथाम के लिए उनके द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में कोर्ट को अवगत कराए। बच्चों के बीच बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति को रोकने की मांग लेकर एडवोकेट गौरव बंसल ने जनहित याचिका दाखिल की है। वकील गौरव बंसल ने कहा है कि दिल्ली पुलिस द्वारा दिए गए आरटीआई जवाबों के अनुसार, 2014 से 2018 के बीच राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 18 वर्ष से कम आयु के 400 से अधिक छात्रों ने आत्महत्या कर ली।

### सुप्रीम कोर्ट ...

को जनहित याचिका पर केंद्र और सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी किए थे। याचिका में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आत्महत्या के विचार रखने वाले व्यक्तियों को कॉल सेंटर और हेल्पलाइन के माध्यम से सहायता और सलाह प्रदान करने के लिए एक परियोजना शुरू करने का निर्देश देने की भी मांग की गई है।

### हिरासत में लिए...

ने सेना के काफिले पर घात लगाकर हमला किया तो 22 गढ़वाल रेजिमेंट के जवान पहले तो घबरा गए, लेकिन उन्होंने तुरंत खुद को संभालते हुए अपने घायल साथियों की रक्षा की। इसके लिए जवानों ने 5000 से अधिक राउंड गोलियां चलाईं और आतंकवादियों को कठुआ के जंगल में पहाड़ियों पर भागने पर मजबूर कर दिया। आतंकी हमले में 22 गढ़वाल राइफल्स के पांच जवान शहीद हो गए और पांच घायल हुए। वहीं जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के माचेडी-बिलावर इलाके के कम से कम 26 निवासियों को सोमवार को दो ट्रकों वाले सैन्य गश्ती दल पर हुए घातक हमले के सिलसिले में पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

### एएनआई की...

गया है। भारी बारिश ने ड्रोन और हेलीकॉप्टरों के जरिए हवाई निगरानी को मुश्किल बना दिया है। अधिकारियों ने बदनोटा गांव के पास घात लगाकर किए गए हमले की घटनाओं को एक साथ जोड़ना शुरू कर दिया है। जहां और ज्यादा फोर्स के पहुंचने से पहले दो घंटे से अधिक समय तक लगातार गोलीबारी हुई थी। माना जा रहा है कि तीन लोगों का समूह में आतंकवादियों ने पहाड़ी पर दो जगहों पर खुद को छिपा लिया है। बता दें पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के एक सहयोगी समूह कश्मीर टाइगर्स ने घात लगाकर किए गए हमले की जिम्मेदारी ली है।

### रक्षा मंत्रालय के ...

की शुरुआत कर दी है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) सहित अन्य अर्ध सैन्यबलों का कहना है कि इसकी कवायद शुरू हो गई है। पूर्व अग्निवीरों को भर्तियों में दस फीसदी आरक्षण दिया जाएगा। इस दौरान उन्हें चयन प्रक्रिया में शारीरिक मानदंड में भी छूट मिलेगी। वहीं, इस मामले पर बीएसएफ, सीआईएसएफ, एसएसबी, आरपीएफ और सीआरपीएफ जैसे देश के तमाम बलों के महानिदेशकों की प्रतिक्रियाएं भी सामने आई हैं।

**एसएसबी, आरपीएफ महानिदेशक बोले, हम भी हैं अग्निवीरों की भर्ती को तैयार:** सीमा सशस्त्र बल (एसएसबी) के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी ने कहा कि पूर्व अग्निवीरों के लिए एसएसबी में भी कोटा तय है। इसके हिसाब से हमने भर्ती नियमों में संशोधन किया है। पहले बैच को आयु सीमा में पांच साल की छूट मिलेगी। साथ ही उनका शारीरिक मानदंड टेस्ट भी नहीं होगा। आरपीएफ के महानिदेशक मनोज यादव ने कहा कि बल में किसी भी भर्ती में पूर्व अग्निवीरों को दस फीसदी आरक्षण प्रदान किया जाएगा। पहले बैच को आयु में पहले साल पांच वर्ष की छूट दी जाएगी और उसके बाद यह तीन साल हो जाएगी। भर्ती के दौरान शारीरिक मानदंड टेस्ट भी नहीं होगा। हम पूर्व अग्निवीरों का स्वागत करते हैं। क्योंकि यह आरपीएफ की क्षमता को बढ़ाएंगे। सीआरपीएफ के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह ने कहा कि पूर्व अग्निवीरों की भर्ती के लिए बल में सभी जरूरी तैयारियां पूरी हो गई हैं। भर्ती नियमों में संशोधन किया जा चुका है। आयु सीमा में छूट और शारीरिक मानदंड में राहत इनमें मुख्य हैं। यह बल के लिए एक स्वागत योग्य कदम है कि उन्हें तीनों सशस्त्र सेनाओं में सेवा दे चुके प्रशिक्षित कर्मियों को भर्ती का अवसर मिलेगा। वह पहले दिन से ही समर्पण और अनुशासन का प्रदर्शन करेंगे।

### 2022 में शुरू ...

और नौसेना में अग्निवीरों के कुल तीन बैच भर्ती किए जा चुके हैं। जबकि चौथे बैच का भर्ती के लिए प्रशिक्षण जारी है।

### सरकार पर हमलावर...

रहे हैं। कांग्रेस पार्टी संसद के आगामी बजट सत्र के दूसरे भाग में भी इस मामले को संसद में जोरशोर से उठाने की तैयारी में है।

### सीआईएसएफ...

कि इस तरह से सीआईएसएफ को भी प्रशिक्षित सैन्यकर्मी मिल सकेंगे। वहीं, बीएसएफ के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने कहा कि पूर्व अग्निवीरों के पास चार साल का अनुभव तो होगा ही। साथ ही वे पूरी तरह से प्रशिक्षित और अनुशासित भी होंगे। ये बल के लिए काफी मददगार होगा।

## चिंतन

# नेपाल में फिर 'सत्ता बदल' खेल, पैनी नजर रखे भारत


नेपाल में एक बार फिर से राजनीतिक उथल-पुथल की स्थिति है। मौजूदा प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' को आज 12 जुलाई शुक्रवार को विश्वासमत का सामना करना है। प्रचंड की सरकार कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनाइटेड मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) के समर्थन से है। पीएम प्रचंड के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन में सबसे बड़ी पार्टी केपी शर्मा ओली नीत 'सीपीएन-यूएमएल' ने पिछले सप्ताह प्रचंड सरकार से समर्थन वापस ले लिया था और नेपाली कांग्रेस के साथ सत्ता साझेदारी संबंधी समझौता किया था। नेपाली संसद की जो अंकगणितीय स्थिति है, उसमें प्रचंड के लिए विश्वासमत हासिल करना मुश्किल है। सीपीएन-यूएमएल व नेपाली कांग्रेस ने विश्वासमत के खिलाफ मतदान के लिए अपने सांसदों को व्हिप जारी किया है। नेपाल की 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस के पास 89 सीट हैं, जबकि सीपीएन-यूएमएल के पास 78 सीट हैं। निचले सदन में बहुमत का आंकड़ा 138 है। नेपाली कांग्रेस व सीपीएन-यूएमएल के पास कुल 167 का आंकड़ा है, जो बहुमत से ज्यादा है। प्रचंड की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल के पास 32 सीट हैं। प्रचंड को अपनी सरकार बचाने के लिए सदन में 138 सदस्यों का समर्थन चाहिए लेकिन उन्हें 63 सदस्यों का समर्थन मिलने की संभावना है। ऐसे में पीएम दाहाल विश्वास मत हासिल नहीं कर पाएंगे और उनकी सरकार का जाना तय है। मौजूदा संसद का कार्यकाल वर्ष 2027 तक है, नवंबर 2022 के चुनाव में प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस के साथ लड़ा था, उससे पहले वर्ष 2017 के चुनाव प्रचंड ने ओली का पार्टी सीपीएन यूएमएल के साथ लड़ा था। वर्ष 2022 में प्रचंड व शेर बहादुर देउबा के संयुक्त गठबंधन को बहुमत मिला, लेकिन प्रधानमंत्री को लेकर देऊबा के साथ तकरार के चलते प्रचंड ने पाला बदल लिया और ओली की सीपीएन यूएमएल के साथ मिलकर सरकार बना ली। चूंकि जून 2021 में प्रचंड के समर्थन से ही देउबा प्रधानमंत्री बने थे, इसलिए वे वर्ष 2022 के चुनाव में नेपाली कांग्रेस के साथ बहुमत के बाद पीएम बनना चाहते थे और चाहते थे कि इस बार देऊबा समर्थन दें, पर देऊबा ने ऐसा नहीं किया था। 18 महीने में प्रचंड ने चार बार विश्वासमत हासिल किया है, यह पांचवी बार है, जब उनके दांव विफल साबित होंगे। शुरू में प्रचंड चीन समर्थक रहे हैं, पर चीनी की दबाव वाली कूटनीति के चलते वे भारत के करीब आ गए। सीपीएन-यूएमएल के साथ गठबंधन में जल्द ही दरारें उभर आईं, जिससे प्रचंड को मार्च में नेपाली कांग्रेस के समर्थन से एक और विश्वास मत हासिल करने के लिए मजबूर होना पड़ा था। उस विश्वासमत के बाद वे भारत दौरे पर आए थे। नेपाल में अब जो ओली व देऊबा की पार्टी की गठबंधन सरकार बनेगी, उसमें ओली पहले पीएम बनेंगे, वाद में देऊबा बनेंगे। ओली चीन समर्थक माने जाते हैं, जबकि देऊबा का भारत के साथ मधुर संबंध रहा है। प्रचंड बनाम ओली की राजनीतिक अदावत के चलते ही 2021 में संसद भंग कर दी गई थी। फिर मामला सुप्रीम कोर्ट में गया और संसद भंग करने के फ़ैसले को रद कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट के इसी फ़ैसले के बाद देउबा प्रधानमंत्री बने थे। नेपाल में चुनाव में किसी दल को बहुमत नहीं मिलने से राजनीतिक अस्थिरता लंबे समय से है। सत्ता देऊबा, ओली व प्रचंड के बीच घूमती रहती है, जिससे जन विकास की गति धीमी रहती है। ओली के फिर पीएम बनने के बाद भारत को नेपाल पर पैनी नजर रखनी होगी।

## उपलब्धि
कृष्णमोहन झा



# पीएम मोदी के व्यक्तित्व की खूबियों के मुरीद हुए पुतिन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके तीसरे कार्यकाल के लिए जिन विदेशी राष्ट्राध्यक्षों ने बधाई दी है उनमें रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी के निकटतम विदेशी मित्रों में प्रमुखता हासिल कर ली है। हाल में ही रूस की राजधानी मास्को में आयोजित भारत-रूस शिखर वार्ता में भाग लेने के लिए मास्को पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी का जिस गर्मजोशी से स्वागत किया गया वह भारत-रूस संबंधों में प्रगाढ़ता का परिचायक था, जो समय की कसौटी पर न केवल खरे उतरे हैं बल्कि निरंतर मजबूत हुए हैं। राष्ट्रपति पुतिन ने नरेन्द्र मोदी को रूस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द आर्डर आफ सेंट एंड्रयूज द एपोस्टल' से नवाजकर अंतरराष्ट्रीय जगत को यह संदेश दिया कि भारतीय प्रधानमंत्री के लिए रूस की जनता के दिलों में कितना आदर और प्रेम है। प्रत्युत्तर में प्रधानमंत्री मोदी ने रूस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान को भारत की 140 करोड़ जनता का सम्मान निरूपित करते हुए कहा कि मेरे लिए मेरा देश और मेरे देश के लोग सर्वोपरि हैं। प्रधानमंत्री ने मास्को में कहा कि आज से ठीक एक महीने पहले मैंने तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी और प्रण लिया था कि मैं अपने तीसरे टर्म में तीन गुनी ताकत से काम करूंगा।' इसमें कोई संदेह नहीं कि प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल की शुरूआत में लिए गए महत्वपूर्ण फैसलों से यह संकेत मिलने लगे हैं कि देश को प्रगति की आकाशीय ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रबल इच्छा शक्ति है। प्रधानमंत्री मोदी पांच साल बाद रूस के प्रवास पर पहुंचे थे। मास्को विमानतल पर रूस के प्रथम उपप्रधानमंत्री डेनिस मांतुरोव ने उनकी अगवानी की और विमान तल पर ही रूस की सशस्त्र सेनाओं के जवानों द्वारा उन्हें सलामी गारद से सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि राष्ट्रपति पुतिन ने विमान तल पर किसी राष्ट्राध्यक्ष की अगवानी के लिए पहली बार देश के प्रथम उपप्रधानमंत्री को भेजा था। रूस में किसी राष्ट्राध्यक्ष के आगमन पर सामान्यतः द्वितीय उपप्रधानमंत्री द्वारा स्वागत की परंपरा रही है। मास्को विमानतल पर भारतीय प्रधानमंत्री के स्वागत हेतु रूस के प्रथम उपप्रधानमंत्री की उपस्थिति के यह अर्थ लगाए जा रहे हैं कि रूसी राष्ट्रपति के लिए भारत के मैत्री विशेष अहमियत रखती है और प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में रूस के राष्ट्रपति पुतिन भारत के साथ रूस के रिश्तों को नई ऊंचाईयों तक ले जाने के लिए तत्पर हैं। रूस के राष्ट्रपति ने नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार भारत का प्रधानमंत्री चुने पर बधाई देते हुए इसे उनके अनेक वर्षों के अच्छे कार्यों का प्रतिफल बताया। पुतिन ने नरेन्द्र मोदी को ऊर्जावान नेता बताते हुए यह व्यक्त विश्वास व्यक्त किया कि उनमें भारत और भारतीय लोगों के हित में अच्छे नतीजे देने की क्षमता मौजूद है। यह रिजल्ट से स्पष्ट है। पुतिन ने नरेन्द्र मोदी को अपना करीबी मित्र मानते हुए जब उन्हें इलेक्ट्रिक कार में सैर कराई तब ऐसा प्रतीत हो रहा था कि दोनों के बीच वर्षों पुरानी गहरी दोस्ती है। रूस के राष्ट्रपति और भारतीय प्रधानमंत्री के बीच अत्यंत आत्मीय वातावरण में संपन्न हुई वार्ता में उभय राष्ट्राध्यक्षों ने दोनों देशों के सहयोग के नए क्षेत्रों पर चर्चा की। पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी की इस बात की सराहना की कि उनके नेतृत्व में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। पुतिन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपना जीवन लोगों की सेवा के लिए समर्पित कर दिया है। इस पर मोदी ने कहा कि भारत के लोगों ने उन्हें मातृभूमि की सेवा करने का मौका दिया है। रूस के राष्ट्रपति के साथ बातचीत में मोदी ने कहा कि हम विगत दस वर्षों में 17 बार मिल चुके हैं और विगत 25 वर्षों में 22 दोनों देशों के 22 द्विपक्षीय बैठकें हो चुकी हैं। यह हमारे संबंधों की गहराई का परिचायक है। प्रधानमंत्री ने देश में किसानों को उर्वरक की कमी के संकट से निपटने में रूस से मिले सहयोग की सराहना की। प्रधानमंत्री मोदी ने रूस के राष्ट्रपति को आतंकवाद की समस्या पर भारत की चिंताओं से अवगत कराते हुए इस बात पर विशेष जोर दिया कि भावी पीढ़ी के भविष्य के लिए विश्व में शांति कायम करने की बहुत आवश्यकता है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी की इस रूस यात्रा और रूस के राष्ट्रपति के साथ उनकी शिखर वार्ता के प्रति अंतरराष्ट्रीय जगत में विशेष उत्सुकता बनी हुई थी।



(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

# आस्था की आड़ में अंधविश्वास का बढ़ता बाजार

हमारे देश में पौराणिक काल से ही शंकराचार्यों, आचार्यों, गुरुओं, संतों और महात्माओं से शिक्षा और दीक्षा लेने और उन्हे भी ईश्वर तुल्य सम्मान देने की परंपरा रही है। कालांतर में इन धर्मगुरूओं के प्रति लोगों की इतना आस्था और विश्वास होता था कि वे अपनी किसी भी समस्या का समाधान अपने धर्मगुरु से ही पूछते थे। धर्मगुरु भी अपने शिष्यों या अनुयायियों को धर्म सम्मत उपाय बताया करते थे लेकिन आज के कुछ संतों और धर्मगुरूओं का आचरण धर्म के सिद्धांतों के प्रतिकूल है फलस्वरूप लोगों का भरोसा उनसे उठने लगा है।

हाल ही में रिलीज सिनेमा 'महाराज' का एक संवाद 'धर्म भगवान बनने का नहीं बल्कि एक अच्छा इंसान बनने का माध्यम है' वर्तमान परिदृश्य में सौ फीसदी सटीक बैठ रहा है। देश में इन दिनों धर्मगुरुओं द्वारा धार्मिक आयोजनों के आड़ में अंधविश्वास और पाखंड फैलाने का धंधा खूब फल-फूल रहा है। धार्मिक आस्था के आड़ में कतिपय बाबाओं का कद भगवान से ऊंचा होने लगा हैं, उनके अनुयाई भगवान की जगह इन बाबाओं के चरण वंदना के होड़ में हैं। बीते दिनों उत्तरप्रदेश के हाथरस में कथित भोले बाबा उर्फ सूरजपाल जाटव के सत्संग में उनके पैरों की धूल पाने की रेलमपेल में मचे भगदड़ में 123 लोगों की मौत हो गई और 250 से ऊपर घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक इस सत्संग में 50 हजार से ज्यादा लोगों की भीड़ जुटी थी। बहरहाल किसी धार्मिक आयोजन में भगदड़ के बाद इस तरह के हादसे की यह कोई पहली घटना नहीं है बल्कि कालांतर में भी इस प्रकार की दर्जनों घटनाएं हुई हैं जिसमें लोगों की मौतें हुई हैं। अलबत्ता देश में विभिन्न धर्मों और पंथों के संतों, बाबाओं और धर्मगुरूओं और उनके अनुयायियों के बीच सत्संग और कथाओं के आयोजन में जिस तरह से शक्ति प्रदर्शन चल रहा है उससे भविष्य में ऐसे हादसों से इंकार नहीं किया जा सकता।

भारत में विभिन्न धर्मों और पंथों के करोड़ों धर्मावलंबी और अनुयाई हैं जिनके अपने आराध्य और पंथ प्रमुखों के प्रति अटूट आस्था है। हमारे देश में पौराणिक काल से ही शंकराचार्यों, आचार्यों, गुरूओं, संतों और महात्माओं से शिक्षा और दीक्षा लेने और उन्हे भी ईश्वर तुल्य सम्मान देने की परंपरा रही है। कालांतर में इन धर्मगुरूओं के प्रति लोगों की इतना आस्था और विश्वास होता था कि वे अपनी किसी भी समस्या का समाधान अपने धर्मगुरु से ही पूछते थे। धर्मगुरु भी अपने शिष्यों या अनुयायियों को धर्म सम्मत उपाय बताया करते थे लेकिन आज के कुछ संतों और धर्मगुरूओं का आचरण धर्म के सिद्धांतों के प्रतिकूल है फलस्वरूप लोगों का भरोसा उनसे उठने लगा है। इसमें दोराय नहीं कि सभी धर्मों, मजहबों या पंथों के पूजा, प्रार्थना, इबादत और परंपराओं में ईश्वर को ही प्रधानता दी गई है लेकिन आज के दौर में आराध्य और साधक के बीच धर्मगुरुओं का उदय हो चुका है जिनके लाखों अनुयाई हैं। विभिन्न शहरों में बड़े-बड़े व्यवसायिक घराने और पूंजीपति तथा धार्मिक संगठन करोड़ों रुपए खर्च कर इन कथाकारों या संतों का धार्मिक कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। विडंबना यह कि इन आयोजनों के दौरान कुछ धर्मगुरूओं द्वारा ऐसे टोटके और अंधविश्वास बताए जा रहे हैं जिसका धर्म या धार्मिक ग्रंथों में कोई अस्तित्व ही नहीं है।

बहरहाल बाजारवाद के दौर में विभिन्न संचार माध्यम अंधविश्वास फैलाने वाले बाबाओं के लिए बाजार तैयार करने में कोई कसर बाकी नहीं रख रहे हैं।विडंबना है कि धर्म के नाम पर पाखंड का धंधा चलाने वाले इन बाबाओं की वजह से पूरा संत समाज या धर्म को कठघरे में खड़ा होना पड़ रहा है जो निश्चित ही सोचनीय है। धार्मिक आस्था के नाम पर पाखंड और आडंबर का चादर ओढ़े इन कथित बाबाओं के पास जहां अकूत धन संपत्ति और



सुख - सुविधाएं हैं वहीं देश के प्रमुख शहरों में इनके पांच सितारा आश्रम भी हैं। राजनीति और धर्म के घालमेल तथा वोट बैंक की राजनीति के चलते देश की सत्ता और सियासत के सूत्रधार इन धर्मगुरुओं के सामने नतमस्तक हैं। धर्म के इन झंडाबरदारों का सियासी धमक इतना है कि वे चुनाव परिणामों का रुख मोड़ने की ताकत रखते हैं फलस्वरूप शासन और प्रशासन भी इनके काले करतूतों के प्रति आंखें मूंदने के लिए विवश हो जाते हैं। इस तथ्य की पुष्टि हाथरस की हालिया घटना की जांच के लिए बनी एसआईटी के जांच रिपोर्ट से होती है जिसमें इस हादसे के सूत्रधार भोले बाबा के नाम का जिक्र ही नहीं है। इसके इतर कुछ कथित बाबाओं के खिलाफ महिलाओं के साथ दुष्कर्म, छेड़छाड़, अनैतिक आचरण, अपहरण व फिरौती, जबरिया जमीन पर कब्जा करना और हत्या जैसे गंभीर आपराधिक मामलों के प्रकरण चल रहे हैं या हवालात की हवा खा रहे हैं।कतिपय तांत्रिकों और बाबाओं द्वारा तंत्र- मंत्र की आड़ में महिलाओं के साथ छेड़छाड़ और दुष्कर्म की घटनाएं भी प्रकाश में आई है वहीं पाखंडी बाबाओं के फेर में नरबलि देने का भी मामला उजागर हुआ है बाबाओं के नाम पर चल रहे अंधश्रद्धा का आलम यह कि उनके कथित भगवान के हवालात में होने के बावजूद अभी भी भक्तों के आंखों से अंधभक्ति की पट्टी नहीं उतरी है।

बहरहाल आस्था के नाम पर अंधविश्वास के बढ़ते बाजार के कारणों पर गौर करें तो इसके लिए मुख्य रूप से अशिक्षा,गरीबी, बेरोजगारी, शारीरिक व मानसिक बीमारी, अदालती और पारिवारिक कलह आदि है। आश्चर्यजनक तौर पर केवल अशिक्षित, गरीब और ग्रामीण वर्ग ही नहीं बल्कि शिक्षित और अभिजात्य तबका भी अपने मुसीबतों से चुटकियों में छुटकारा मिलने की आस में पाखंडी धर्मगुरुओं के कुचक्र में फंस रहा है।

विचारणीय है कि भारत जैसे धर्म प्रधान देश में जहां बहुतेरे लोग धर्मभीरु हैं उन्हें आस्था और अंधविश्वास के बीच के फर्क को समझना होगा। सनातन धर्म के बारे में गौर करें तो इस धर्म से जुड़े सभी वेद - पुराणों और धार्मिक आख्यानों में ईश्वर का उल्लेख कर्मयोगी के रुप में हुआ है। इस धर्म से जुड़े श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान कृष्ण ने कर्म को ही प्रमुखता दिया है। पौराणिक ग्रंथों के मुताबिक विभिन्न प्रसंगों में देवताओं ने चुनौतियों पर दैवीय चमत्कार नहीं बल्कि शक्ति, युक्ति और नीति से ही विजय हासिल की थी। धार्मिक आस्था लोगों में अहिंसा, नैतिकता, दया, परोपकार, दान, व्यक्तिगत और सामुदायिक स्वास्थ्य जैसे सकारात्मक भाव पैदा करता है जो व्यक्ति को किसी भी चुनौती या संकट से उबरने में आत्मबल प्रदान करता है यानि धर्म में विज्ञान और मनोविज्ञान दोनों मौजूद है। दूसरी ओर अंधविश्वास लोगों में भय, कुंठा, हिंसा, असुरक्षा, एकाकीपन जैसा नकारात्मक विचार पैदा करता है फलस्वरूप उसका आत्मविश्वास कमजोर होता है।

अंधविश्वास से घिरा व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर हो जाता है जिसका परिणाम धनहानि और आत्महत्या के रूप में सामने आता है। इन तथ्यों से स्पष्ट है कि धर्मगुरुओं द्वारा बताए जा रहे अवैज्ञानिक और तर्कहीन उपाय है लिहाजा ऐसे पाखंड से लोगों को हर हाल में बचना चाहिए। अलबत्ता देश में धर्म के नाम पर बढ़ रहे अंधविश्वास के मद्देनजर सरकार को कड़े कानून लागू करने की जरूरत है फिलहाल अंधविश्वास के खिलाफ सख्त कानून केवल महाराष्ट्र में ही है। विचारणीय है कि नैतिक मूल्यों के क्षरण के वर्तमान दौर में छात्रों को धर्म से जोड़े रखना आवश्यक है लिहाजा स्कूली पाठ्यक्रम में धर्म और अंधविश्वास के अंतर को समझाने वाले विषय वस्तु शामिल करना चाहिए। इसके अलावा समाज की भी जवाबदेही है कि वह अंधश्रद्धा निर्मूलन की दिशा में सक्रिय संगठनों से जुड़कर लोगों को अंधविश्वास और पाखंड के जागरूक करने की दिशा में आगे आए तभी भारत विश्व गुरु बन सकता है।

# मन को स्थिर रखना ही है जीवन का सूत्र



संकलित
## दर्शन

काम, क्रोध, लोभ और मोह की स्वाभाविक वृत्तियों से घिरा हुआ मनुष्य जब अपनी असत दृष्टि से इनमें आनंद का अनुभव करने लगता है, तो उसे यह संसार खुशनुमा लगने लगता है। काम अर्थात इच्छा। जब भी किसी व्यक्ति के मन में उठी इच्छा की पूर्ति होती है, तो वह परम आनंद को प्राप्त होता है, पर वह यह भूल जाता है कि उसकी यह इच्छापूर्ति उसी तरह से उसके मन में एक और इच्छा जागृत करके उसके चित्त को अव्यवस्थित कर देगी, जिस तरह से जलती हुई अग्नि पूरी मात्रा में घी पाने पर भी बुझती नहीं है, अपितु और वेग से जलने लगती है। इसी भांति से यदि अन्य किसी व्यक्ति के साथ विचार भिन्नता होती है तो वे दोनों ही पक्ष एक-दूसरे की हानि करने के लिए तत्पर हो जाते हैं और अपने चित्त की सहज शांति खो बैठते हैं। इस स्थिति में जिसकी हानि होती है वह तो दुखी होता ही है, जो लाभ में रहता है वह भी हारे हुए पक्ष की ओर से आने वाली संभावित प्रतिक्रिया से हर दम चिंता में डूबा रहता है। वहीं लोभ और मोह की असीमित शक्ति का तो यह हाल है कि हम अपना पूरा का पूरा जीवन इसमें लगा देते हैं कि हमारे पास इतनी अथाह संपत्ति हो, जिसकी बराबरी धरती का कोई भी दूसरा व्यक्ति कभी न कर सके और हमारी अपनी संतान भी ऐसी हो, जिसकी सुंदरता और बुद्धिमत्ता का कोई मुकाबला न हो सके। रावण से लेकर कंस आदि के उदाहरण हमारे सामने हैं, जो अपने जीवन में अपनी ऐसी ही मानसिक विकृतियों से कभी भी पार नहीं पा सके।

# जगत में सबसे सुंदर कौन



संकलित
## प्रेरणा

एक कौआ सोचने लगा कि पंछियों में मैं सबसे ज्यादा कुरूप हूँ। न तो मेरी आवाज ही अच्छी है, न ही मेरे पंख सुंदर हैं। मैं काला-कलूटा हूँ। ऐसा सोचने से उसके अंदर हीन भावना भरने लगी और वह दुःखी रहने लगा। एक दिन एक बगुले ने उसे उदास देखा तो उसकी उदासी का कारण पूछा। कौवे ने कहाः तुम कितने सुंदर हो, गोरे-चिट्टे हो, मैं तो बिल्कुल स्याह वर्ण का हूँ। मेरा तो जीना ही बेकार है। बगुला बोलाः दोस्त मैं कहाँ सुंदर हूँ। मैं जब तोते को देखता हूँ, तो यही सोचता हूँ कि मेरे पास हरे पंख और लाल चोंच क्यों नहीं है। अब कौए में सुन्दरता को जानने की उत्सुकता बढ़ी। वह तोते के पास गया। बोलाः तुम इतने सुन्दर हो, तुम तो बहुत खुश होते होगे? तोता बोलाः खुश तो था लेकिन जब मैंने मोर को देखा, तब से बहुत दुःखी हूँ, क्योंकि वह बहुत सुन्दर होता है। कौआ मोर को ढूंढने लगा, लेकिन जंगल में कहीं मोर नहीं मिला। जंगल के पक्षियों ने बताया कि सारे मोर चिड़ियाघर वाले पकड़ कर ले गये हैं। कौआ चिड़ियाघर गया, वहाँ एक पिंजरे में बंद मोर से जब उसकी सुंदरता की बात की, तो मोर रोने लगा। मोर बोलाः शुक्र मनाओ कि तुम सुंदर नहीं हो, तभी आजादी से घूम रहे हो वरना मेरी तरह किसी पिंजरे में बंद होते। दूसरों से तुलना करके दुःखी होना बुद्धिमानी नहीं, असली सुन्दरता हमारे अच्छे कार्यों से आती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जल्द पारित हो जनसंख्या नियंत्रण कानून

विश्व जनसंख्या दिवस जनसंख्या मुद्दों के महत्व पर ध्यान केंद्रित करने और लोगों को अधिक जनसंख्या के प्रभाव के बारे में शिक्षित करने के लिए मनाया जाता है। अधिक जनसंख्या पर्यावरण क्षरण, सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों और संसाधनों पर दबाव जैसी गंभीर समस्याओं का कारण बन सकती है। भारत में अत्यधिक जनसंख्या एक गंभीर चिंता का विषय है। बढ़ती जनसंख्या मानव जीवन के लिए आवश्यक प्राकृतिक संसाधनों को नष्ट करती है, जिससे गरीबी-बेरोजगारी बढ़ती है, सामाजिक तथा आर्थिक विकास में कमी के साथ जलवायु परिवर्तन पर भी असर पड़ता है। इसलिए समय रहते इस पर नियंत्रण जरूरी है।

*- मुकेश शर्मा, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### ऑस्ट्रियाई सरकार का धन्यवाद



ऑस्ट्रिया की मेरी यात्रा ऐतिहासिक और अत्यधिक उपयोगी रही है। हमारे देशों के बीच मित्रता में नया जोश जुड़ा है। मुझे वियना में विविध कार्यक्रमों में भाग लेने की खुशी है। चांसलर कार्लनेहैमर का आभार ऑस्ट्रियाई सरकार और लोगों को उनके आतिथ्य और स्नेह के लिए धन्यवाद।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### मणिपुर आएं प्रधानमंत्री



मणिपुर में हिंसा शुरू होने के बाद मैं तीसरी बार यहां आ चुका हूं, मगर स्थिति में कोई सुधार नहीं है - आज भी प्रदेश दो टुकड़ों में बंटा हुआ है। घर जल रहे हैं। प्रधानमंत्री को मणिपुर आ कर प्रदेशवासियों की तकलीफ़ सुनते हुए शांति की अपील करनी चाहिए।

-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष

### आकांक्षा अवश्य करनी चाहिए



ऐसी दुनिया में जहां 'आओ-देखो-मुझे' एक बीमारी है और पेड पीआर जीवन का एक स्वीकार्य तरीका है, विनम्रता राहुल द्रविड़ को शानदार बनाती है। हमें अपने पेशे में इसकी आकांक्षा अवश्य करनी चाहिए; महानता हासिल करने के लिए और इसे केवल हम पर निर्भर रहने दें।

-हर्षा भोगले, क्रिकेट एक्सपर्ट

### आंखें खुली रखनी होंगी



यह एक अहम पाठ है कि उद्यमशीलता के अवसर कैसे उत्पन्न होते हैं। आप हमेशा ग्राहकों की ज़रूरतों का पहले से अनुमान लगाने में सक्षम नहीं हो सकते हैं। आपको अपने कान ज़मीन पर रखने होंगे, अपनी आंखें खुली रखनी होंगी।

-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति

## करंट अफेयर


# भारतीय जहाज के कैप्टन व दल ब्रिटेन में सम्मानित



तेल टैंकर के कैप्टन अभिलाष रावत और उनके चालक दल को लाल सागर बचाव मिशन में उनके साहस और समुद्र में बहादुरी के लिए अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ) 2024 पुरस्कार विजेता के लिए नामित किया गया है। अग्निशमन और क्षति नियंत्रण प्रयासों के समन्वय के दौरान 'दृढ़ संकल्प और धीरज' का प्रदर्शन करने पर आईएमओ ने रावत और उनके चालक दल को बुधवार को वर्ष 2024 के लिए विजेता घोषित किया। वर्ष की शुरुआत में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों द्वारा कथित तौर पर दागी गई जहाज-रोधी मिसाइल के उनके जहाज 'मार्लिन लुआंडा' पर गिरने से भीषण आग लग गई थी। भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस विशाखापत्तनम के कैप्टन बृजेश नांबियार और चालक दल को भी संकट के समय तेल टैंकर की सहायता करने के लिए प्रशस्तिपत्र प्रदान किया गया है। कैप्टन रावत और उनके चालक दल तथा कैप्टन जॉर्ज फर्नांडो गैलाविज फूएंटेस और टगबोट पेमेक्स माया के चालक दल को मार्शल द्वीप समूह द्वारा पुरस्कार के लिए नामित किया गया। ये लोग दो दिसंबर को लंदन में आईएमओ मुख्यालय में समुद्री सुरक्षा समिति के 109वें सत्र के दौरान प्रस्तावित वार्षिक समारोह में अपने पुरस्कार प्राप्त करेंगे।

## ऑफ बीट

# चेतना समाज को लाभ पहुंचाने विकसित हुई



चेतना का अनुभव हमारे अंतर्निहित मस्तिष्क शरीर क्रिया विज्ञान से क्यों विकसित हुआ? तंत्रिका विज्ञान का एक जीवंत क्षेत्र होने के बावजूद, चेतना पर वर्तमान शोध में असहमति और विवाद बना हुआ है - विवाद में कई प्रतिद्वंद्वी सिद्धांत हैं। 1,000 से अधिक लेखों की हालिया व्यापक समीक्षा में 20 से अधिक विभिन्न सैद्धांतिक खातों की पहचान की गई। डेविड चाल्मर्स जैसे दार्शनिकों का तर्क है कि कोई भी एक वैज्ञानिक सिद्धांत वास्तव में चेतना की व्याख्या नहीं कर सकता है। हम चेतना को आत्म जागरूकता सहित सन्निहित व्यक्तिपरक जागरूकता के रूप में परिभाषित करते हैं। इंटरलिया में प्रकाशित एक हालिया लेख में (जिसकी सहकर्मी समीक्षा नहीं की गई है), हम तर्क देते हैं कि इस दुर्दशा का एक कारण अंतर्ज्ञान द्वारा निभाई गई शक्तिशाली भूमिका है। हम अकेले नहीं हैं। सामाजिक वैज्ञानिक जेसी रीज़ एंथिस लिखती हैं, 'चेतना की मौलिक प्रकृति पर अधिकांश बहस अंतर्ज्ञान की उत्तेजना का रूप लेती है, जिसमें विभिन्न पक्ष अपने स्वयं के मजबूत अंतर्ज्ञान की सूचना देते हैं और उन्हें एक-दूसरे के खिलाफ करते हैं'।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण, नीति आयोग के अध्यक्ष सुमन बेरी समेत विशेषज्ञ हुईं उच्चस्तरीय बैठक में शामिल

# गरीब, किसान, नौजवानों के सपनों के बजट पर पीएम मोदी ने लिए अर्थशास्त्रियों के सुझाव

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय बजट को आखिरी स्वरूप देने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के साथ नीति आयोग और देश के जानेमाने अर्थशास्त्रियों के साथ तकरीबन चार घंटे की मैराथन बैठक हुई।

बैठक में प्रधानमंत्री के सौ दिनों के एजेंडे पर विमर्श की शुरूआत हुई। लोकसभा चुनाव से पूर्व ही प्रधानमंत्री ने विभिन्न मंत्रालयों के नौकरशाहों से मिलकर नई सरकार के गठन के बाद सौ दिनों में विकास, गरीब कल्याण के क्या क्या काम करने हैं उस पर एक एजेंडा पेपर बना था। सूत्रों ने बताया कि उस पर आने वाले कुल खर्च को बजट का हिस्सा बनाये जाने पर जहां चर्चा हुई वहीं, इंफ्रास्ट्रक्चर में कैसे ज्यादा से ज्यादा निवेश बढ़ाया जाए ताकि अधिकतम रोजगार पैदा हो और देश को विकास की पटरी पर दौडाया जा सके इस पर भी विस्तार से बातचीत हुई। आगामी 23 जुलाई को संसद में पेश होने वाले बजट में बजट की रूपरेखा कुछ हटकर हो इस कोशिश का प्रतिबिंब दिखे, सूत्रों ने बताया कि इस पर प्रधानमंत्री का खासा जोर रहा। नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी समेत अन्य सदस्यों ने भी अर्थशास्त्रियों के साथ इस उच्चस्तरीय बैठक में शिरकत किया। गरीब, किसान, नौजवान और महिलाओं को ध्यान में रखकर बजट को कैसे बैलेंस रखा जाए, चर्चा इस पर भी हुई।



### 22 जुलाई से शुरू हो रहा है संसद का बजट सत्र

22 जुलाई से संसद का बजट सत्र शुरू हो रहा है। 23 जुलाई को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण केंद्रीय बजट 2024-25 को लोकसभा में पेश करेंगी। यह मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट होगा। पिछले महीने संसद संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने इस बजट को लेकर कहा था कि भविष्य को ध्यान में रहते हुए सरकार इस बार दूरगामी नीतियों के साथ बजट पेश करेगी। इसमें प्रमुख आर्थिक और सामाजिक सरोकारों के साथ कई ऐतिहासिक कदम भी देखने को मिलेंगे। बता दें कि लोकसभा चुनाव से पहले फरवरी में एक अंतरिम बजट पेश किया गया था।

### विकसित भारत के रोड मैप पर लिए सुझाव

केंद्र सरकार ने 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है। सरकार की इच्छा है कि आम बजट के जरिए विकसित भारत का रोडमैप तैयार करने की है। ऐसे में इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत होगी। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित भारत के रोडमैप पर भी विशेषज्ञों से सुझाव लिए। केंद्र सरकार का ध्यान गरीब, मध्य और निम्न मध्यवर्ग पर सबसे ज्यादा है। सरकार की तरफ गरीब वर्ग के सशक्तिकरण के लिए नई योजना शुरू करने की भी योजना है।

## खबर संक्षेप

### पूर्व आईएएस मनीष बने जदयू के राष्ट्रीय महासचिव

**पटना।** आरसीपी सिंह के जाने के बाद अगले नौकरशाह में रूप में पूर्व आईएएस मनीष वर्मा को जनता



दल यूनाईटेड में एंट्री के 48 घंटे के अंदर बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। पिछले महीने राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए राज्यसभा सांसद संजय झा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाते सीएम नीतीश कुमार के आदेश पर वर्मा को जदयू का राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है।

### 8 साल की बच्ची से दुष्कर्म, फिर हत्या

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश से एक रूह कांपने वाली खबर सामने आ रही है। यहां के नांदयाला जिले में



एक 8 साल की स्कूली छात्रा का पहले सामूहिक दुष्कर्म किया फिर उसे मौत के घाट उतार दिया। आरोपियों ने उसके शव को सिंचाई नहर में फेंक दिया। बच्ची से उसके स्कूल के 12 और 13 साल के तीन सीनियर्स ने कथित तौर पर सामूहिक दुराचार किया।

### पूर्व सांसद जयाप्रदा आचार संहिता मामले में बरी

**रामपुर।** रामपुर की एक अदालत ने आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में पूर्व सांसद जयाप्रदा को



बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने उनको साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। केमरी थाने में 2019 में जयाप्रदा के खिलाफ आचार संहिता का उल्लंघन का मामला दर्ज हुआ था। गुरुवार को जयाप्रदा कोर्ट में पेश हुईं। रामपुर की अदालत ने साक्ष्य के अभाव में उन्हें बरी कर दिया।

### संजय ने एमपी एमएलए कोर्ट में किया सरेंडर

**सुल्तानपुर।** आप नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने एमपी एमएलए कोर्ट में सरेंडर कर



दिया। सिंह की तरफ से पेश जमानत अर्जी पर सुनवाई की गई। कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका को मंजूर कर लिया। सिंह पर यह मामला बिना परमिशन जनसभा करने को लेकर था। पंचायत चुनाव में बिना अनुमति जनसभा करने पर केस दर्ज हुआ था।

### असम में 30 करोड़ रुपए के ड्रग्स पकड़ाई

**करीमगंज।** असम के करीमगंज जिले में करीब 30 करोड़ रुपये मूल्य की 'याबा' गोलियां जब्त की



गई हैं और दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक पार्थ प्रतिम दास के अनुसार पुलिस को मादक पदार्थ की खेप को लेकर एक सूचना मिली थी जिसके बाद पुलिस की एक टीम ने बुधवार रात को पड़ोसी राज्य मिजोरम से आ रहे एक वाहन की तलाशी ली।

बसपा के राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर आकाश ने चंडीगढ़ में किया ऐलान

# हरियाणा में इनेलो-बसपा का गठबंधन भाजपा संग केसीआर के आने की चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ चंडीगढ़

*37 विधानसभा सीट बसपा और 53 इनेलो के हिस्से, अभय होंगे सीएम चेहरा*

हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए इनेलो और बसपा ने गठबंधन कर लिया है। चंडीगढ़ में गठजोड़ का ऐलान करते हुए बसपा के राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर आकाश ने कहा कि विधानसभा चुनाव में 37 सीट पर बसपा चुनाव लड़ेगी और 53 सीट पर इनेलो चुनाव लड़ेगी। बसपा-इनेलो गठबंधन का मुख्यमंत्री चेहरा अभय चौटाला होंगे।

**पहले भी किया था गठबंधन**

1996 के लोकसभा चुनाव के दौरान दोनों के बीच पहली बार गठबंधन हुआ था। इनेलो ने 7 लोकसभा सीटों पर और बसपा ने 3लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ा था।

इसके बाद 2018 में बसपा-इनेलो के बीच राजनीतिक गठजोड़ हुआ, लेकिन यह गठबंधन विधानसभा चुनाव तक लोगों के बीच नहीं पहुंच पाया। अब तीसरी बार इनेलो ने खोया राजनीतिक वजूद बचाने बसपा के गठबंधन की पहल की है। पिछले सप्ताह ही अभय और बसपा सुप्रीमो मायावती संग नई दिल्ली में मुलाकात की थी। कई मुद्दों पर चर्चा हुई थी।



### साझा घोषणा पत्र की भी दी जानकारी

अभय ने कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर हमारा एक साझा घोषणा पत्र है। एससी9एसटी की नौकरियां भरी जाएंगी। एससी-एसटी को 100-100 गज के मुफ्त प्लॉट दिए जाएंगे। एससी-एसटी बच्चों को मुफ्त कोचिंग दी जाएगी। एससी और बीसी को मुफ्त कॉलेज शिक्षा दी जाएगी। चाहे वे सरकारी या प्राइवेट किसी कॉलेज में पढ़े। जनरल कैटेगरी के बच्चों से जो बांड भरवाए जा रहे हैं हम उसे खत्म करेंगे। चौटाला ने कहा कि महिलाओं पर हो रहे अपराधों पर रोक लगाएंगे। हमारी पूर्व की सरकार में कानून व्यवस्था अच्छी थी जो अब खत्म हो चुकी है। हम सत्ता में आए तो अग्निवीर को खत्म करेंगे।

### 7500 करेंगे बुढ़ापा पेंशन

उन्होंने कहा कि प्रदेश में बदमाशों का दबदबा है। मुख्यमंत्री इसे रोकने का बयान देते हैं लेकिन इन लोगों को सरकार संरक्षण दे रही है। चौधरी देवीलाल ने बुढ़ापा पेंशन शुरू की थी। जो आज 3000 है, हम इसे 7500 करेंगे। हम हर घर से एक पढ़े लिखे युवा को सरकारी नौकरी देंगे। 21 हजार बेरोजगारी भत्ता देंगे। पीने का पानी मुफ्त देंगे। हर घर में हर महीने गैस का एक सिलेंडर मुफ्त देंगे। उन्होंने कहा कि चौधरी ओमप्रकाश और मायावती ने आज तक लोगों से जो जो वादे किए, उन्हें पूरा करके दिखाया। किस सीट पर कौन चुनाव लड़ेगा। यह बाद में तय किया जाएगा।

पार्टी कर चुकी मेल-मुलाकात

### अपनी पार्टी को मजबूती देने के लिए केसीआर जा सकते हैं भाजपा के साथ



**हैदराबाद।** तेलंगाना के लोकसभा चुनाव ने इस बार के चंद्रशेखर की बीआरएस का सूपड़ा साफ कर दिया। इसप्रदर्शन के बाद सवाल उठने लगे हैं कि क्या तेलंगाना में बीआरएस की सियासी जमीन अब कमजोर पड़ चुकी है। जैसी खबरें आ रही हैं, उन्होंने जरूर साबित कर दिया है कि चंद्रशेखर की पार्टी फिर खड़ी होने के लिए किसी के साथ भी गठबंधन कर सकती है। इसी कड़ी में राजनीतिक गलियारों में ऐसी चर्चा चल रही है कि बीआरएस, भाजपा के साथ गठबंधन कर सकती है। इसका कोई औपचारिक ऐलान नहीं हुआ है, लेकिन दोनों पार्टी का एक धड़ा ऐसी अटकलों को बल देने का काम कर रहा है। बड़ी बात यह है कि कुछ दिन पहले चंद्रशेखर के बेटे और नेता केटी रामा राव दिल्ली आए थे, माना जा रहा है कि उन्होंने बड़े भाजपा नेताओं से मुलाकात की है।

### मुलाकातों से अटकलों को मिला बल

इन मुलाकातों ने भी गठबंधन की चर्चा को मजबूत कर दिया है। वैसे अभी भाजपा के नेता ऐसे किसी भी गठबंधन को लेकर ज्यादा सकारात्मक रुख नहीं दिखा रहे हैं। कुछ भाजपा नेता का कहना है कि पार्टी के अंदर वो नेता ही ऐसे किसी गठबंधन के पक्ष में बात कर रहे हैं जिन्हें बीआरएस के पहले परिवार को बचाना है। लेकिन पार्टी के अंदर ही कई नेता मानते हैं कि ऐसा कोई भी गठबंधन भाजपा के लिए ही आत्मघाती साबित हो सकता है।

संसदीय स्थायी समितियों के गठन के लिए भी प्रक्रिया शुरू

# पहली बार पब्लिक एकाउंट्स कमेटी के चेयरमैन होंगे राहुल



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संसद के आगामी बजट सत्र से पहले सभी दो दर्जन संसदीय स्थायी समितियों की नियुक्ति हो जानी है। लोकसभा के 16 और राज्यसभा के 8 संसदीय स्थायी समितियों के लिए अनुशंसा कांग्रेस पार्टी समेत सभी विपक्षी दलों के संसदीय दल के नेताओं से मांगी गई है। इस बार उम्मीद है कि 13 संसदीय स्थायी समितियों के चेयरमैन भाजपा और राजग गठबंधन के सांसद करेंगे जब कि शेष 11 स्थायी समितियों की अध्यक्षता की जिम्मेदारी विपक्षी दलों के नेताओं को मिल सकती है। विभिन्न मंत्रालय के कामकाज का लेखाजोखा रखने वाली, समय समय पर मंत्रालयों की विभिन्न योजनओं पर विस्तार से विमर्श संबंधित मंत्रालय के स्थायी समितियों में ही होता है। अगर संबंधित मंत्रालय का कोई विधेयक संसद में पास होने से अटक जाता है तो उसे स्थायी समिति के पास ही आपसी विमर्श के आधार पर ठीक करने भेजा जाता है। यही वजह है कि संसदीय स्थायी समितियों की अध्यक्षता जहां बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है वहीं सदस्यता भी उतनी ही महत्वपूर्ण मानी जाती है। संसदीय स्थायी समितियों के अध्यक्ष किसी भी दल के वरिष्ठ सांसद होते हैं। जब कि संसद की



दूसरी समिति संसदीय सलाहकार समिति की अध्यक्षता संबंधित मंत्रालय के मंत्री ही करते हैं। बतौर विपक्ष के नेता राहुल गांधी पहली बार बेहद महतपूर्ण माने जाने वाली पब्लिक एकाउंट्स कमेटी के चेयरमैन होंगे। कमेटी संसद के 'ऑडिट वॉच डॉग' की जिम्मेदारी निभाता है। विभिन्न दलों से भले ही संसदीय सचिवालय की ओर से स्थायी समितियों के लिए अनुशंसा मांगी गई है, लेकिन अंतिम मुहर राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ और लोकसभा के स्पीकर ओम बिरला ही लगाएंगे। विपक्षी दल चूंकि इस बार अच्छी संख्या में लोकसभा में पहुंचे हैं इसीलिए कांग्रेस, सपा और तृणमूल कांग्रेस के सांसदों को स्थायी समितियों में अच्छा प्रतिनिधित्व मिलने की संभावना है।

# अब वो दिन दूर नहीं जब कम हो रही याददाश्त अल्जामर जैसे रोगों का पता खून जांच से चलेगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

क्या आपको भी भूलने की बीमारी है? अचानक से नाम भूल जाते हैं? या फिर ऐसी कोई विषय वस्तु याद नहीं रहती जो वाकई याद रहनी चाहिए थी? तो सावधान हो जाएं। इसे कोरोना के साइड इफेक्ट के रूप में संबोधित कर अनदेखा न करें बल्कि सीरियसली लें। मेडिकल साइंस ने भी भूलने की बीमारी को संजीदगी से लिया है। दिल्ली के एम्स अस्पताल ने केवल खून जांच से अब ये जानकारी हासिल करने में बहुत हद तक सफलता पा ली है कि किसी रोगी को भविष्य में अल्जाइमर हो सकता है।

अभी तक 50 से 75 साल के 90 रोगियों पर ये नुस्खा आजमाया जा रहा है। जिसके परिणाम अब तक बेहद सुखद हैं। अगर सौ फीसदी तक नुस्खा कामयाब हो गया तो फिर देश में अल्जाइमर रोगियों को समय से पहले पहचानने में सफलता मिलेगी, जिससे समय पर उनका इलाज शुरू कर ऐसे रोगियों की लगातार बढ़ती संख्या पर रोकथाम लगाई जा सकेगी। अल्जाइमर रोगियों की याददाश्त धीरे-धीरे कम होती जाती है। रोग के आखिरी चरणों में रोगी किसी को पहचानना बंद कर देता है। एम्स अस्पताल में हुए एक अध्ययन में ये बात सामन आई कि भारत में अधिकांश अल्जाइमर के रोगी 65 की उम्र के बाद के हैं, यही वजह है कि शोध के लिए 50 से 75 साल के लोगों को चुना गया है। उनके खून की जांच कर देखा जा रहा है कि दिमाग में किस हद तक याददाश्त तरोताजा रखने वाले केमिकल की कमी हो रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के एक आला अधिकारी ने बताया कि एम्स में आंकड़े इस बात की गवाही दे रहे हैं कि लगभग 90 लाख लोगों को किसी न किसी प्रकार से 60 वर्ष के उम्र के बाद डिमेन्शिया की शिकायत है। डिमेन्शिया अल्जामर के पहले का स्वरूप है। एम्स में 90 रोगियों पर चल रहे शोध में 35 ऐसे हैं जिन्हें याददाश्त जाने का खतरा है। 25 को अपेक्षाकृत कम खतरा है। 30 बिल्कुल स्वस्थ्य व्यक्तियों के ब्लड संग्रह कर अध्ययन किया जा रहा है।

# भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में सब कुछ ठीक नहीं है और यह बहुत दबाव में काम कर रही है: धनखड़

## संसद के कामकाज को रोककर राजनीति करना गंभीर परिणाम देने वाला है

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में सब कुछ ठीक नहीं है और यह बहुत दबाव में काम कर रही है। यह कहते हुए कि विधायिकाओं में बहस, संवाद, विचार-विमर्श और चर्चा की प्रधानता व्यवधान और गड़बड़ी को जन्म देती है। उपराष्ट्रपति ने टिप्पणी की कि संसद के कामकाज को रोककर राजनीति को हथियार बनाना हमारी राजनीति के लिए गंभीर परिणाम देने वाला है। धनखड़ ने मुंबई में महाराष्ट्र विधानमंडल के दोनों सदनों के सदस्यों को संबोधित करते हुए सभापति या लोकसभा अध्यक्ष को "दोनों तरफ से सुविधाजनक पंचिंग बैग" बनाने की प्रवृत्ति पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने इसे अनुचित बताते हुए कहाजब हम कुर्सी संभालेंगे तो हमें न्यायसंगत होना होगा, निष्पक्ष होना होगा। इस बात पर बल देते हुए कि लोकतंत्र के



मंदिर को कभी भी अपवित्र नहीं किया जाना चाहिए, उन्होंने कहा कि आसन का सम्मान सदैव होना चाहिए और इसके लिए संसद और विधानसभाओं में वरिष्ठ सदस्य को नेतृत्व करना होगा। उपराष्ट्रपति ने हमारे विधानमंडलों में लोकतांत्रिक मूल्यों और संसदीय परंपराओं का कड़ाई से पालन बनाए रखने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा, हाल के संसद सत्र में जिस तरह का आचरण देखा गया वह वास्तव में दर्दनाक है, क्योंकि यह हमारे विधायी प्रवचन में महत्वपूर्ण नैतिक क्षरण को प्रदर्शित करता है। यह स्पष्ट है कि वर्तमान में हमारी संसद और विधानमंडलों के कामकाज में सब कुछ ठीक नहीं है। लोकतंत्र के ये मंदिर रणनीतिक व्यवधानों और अशांति का दंश झेल रहे हैं। पार्टियों में बातचीत का स्तर गिरता जा रहा है। कई सदस्य मुझसे कहते हैं कार्यवाही को बाधित करने के लिए उन्हें राजनीतिक दल से आदेश मिलता है।

20 जुलाई को केंद्रीय गृहमंत्री शाह राज्य कार्यसमिति की बैठक को करेंगे संबोधित

# झारखंड: सीएम फेस को लेकर भाजपा हाईकमान कर रहा मंथन

*मरांडी, मुंडा और अमर कुमार सहित कई बड़े नेता सीएम उम्मीदवार बनने की दौड़ में*

आनंद राणा ▶▶ नई दिल्ली

झारखंड में मुख्यमंत्री का चेहरा सामने रखकर चुनाव मैदान में उतरा जाए या नहीं, भाजपा हाईकमान के लिए यह बड़ा सवाल बन गया है। पार्टी का शीर्ष नेतृत्व इस पर मंथन कर रहा है। सबकी निगाह 20 जुलाई को होने वाली प्रदेश कार्यसमिति की बैठक पर टिकी है क्योंकि इसमें केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह मौजूद रहेंगे।

बैठक बड़ी है और इसमें भाजपा के मंडल तथा जिला पदाधिकारियों से लेकर प्रदेश संगठन के दिग्गज शामिल होंगे। झारखंड विधानसभा चुनाव के पार्टी प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और सहप्रभारी हिमंता बिस्व सरमा चुनावी रणनीति से लेकर विपक्षी मोर्चेबंदी पर निगाह बनाये हुए हैं। भाजपा के लिए झारखंड विधानसभा चुनाव काफी अहम है। पार्टी हर हाल में झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस की सरकार को सत्ता से बाहर करना चाहती है। हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा को झारखंड में उम्मीद के अनुसार रिजल्ट नहीं मिल पाए। हेमंत सोरेन जेल से बाहर आकर फिर से मुख्यमंत्री बन चुके हैं। लिहाजा भाजपा के लिए विधानसभा चुनाव में मैदान मारना आसान नहीं दिख रहा है और पार्टी नेताओं को इसका आभास है। झारखंड में आदिवासी वोटबैंक बहुत मायने रखता है। भाजपा चाहती है कि किसी भी तरह झामुमो और कांग्रेस गठबंधन की तरफ बढ़ते आदिवासी समुदाय को अपने पाले में रखा जाए। लोकसभा चुनाव में भाजपा इस कवायद में ज्यादा सफल नहीं रही थी, पर अब विधानसभा चुनाव में एकबार फिर नए सिरे प्रयास करने पर



मंथन हो रहा है। भाजपा सूत्रों के अनुसार नई दिल्ली में पार्टी का शीर्ष नेतृत्व इस बात पर गंभीरता से विचार कर रहा है कि चुनाव क्षेत्रीय नेताओं को आगे रखकर लड़ा जाए और किसी बड़े आदिवासी नेता को मुख्यमंत्री के तौर पर प्रोजेक्ट किया जाए।

अभी हाल ही में हरियाणा में भाजपा ने साफ कर दिया है कि राज्य के विधानसभा चुनाव में वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ही सीएम फेस होंगे। यह रणनीति झारखंड में भी लागू की जा सकती है। पार्टी यहां प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा या किसी अन्य नेता पर दांव खेल सकती है। सूत्रों का कहना है कि राज्यों के विधानसभा चुनाव में अब पहले की तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चेहरा और नाम आगे रखकर चुनाव नहीं लड़ा जाएगा, इसकी शुरुआत हरियाणा से हो चुकी है। पार्टी में कई नेताओं का मानना है कि हेमंत सोरेन के आगे हमें अपना सीएम फेस उतारना चाहिए ताकि जनता में मुख्यमंत्री को लेकर कोई संशय न रहे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 20 जुलाई को झारखंड में होंगे। वे पार्टी की विस्तारित प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में भाग लेंगे और मंडल और जिला स्तर के पदाधिकारियों से संवाद करेंगे। इस बैठक में राज्यभर से सैकड़ों पदाधिकारी हिस्सा लेंगे।

गृहमंत्री शाह विजय संकल्प सभा के दौरान कार्यकर्ताओं और प्रदेश के नेताओं से जीत हासिल करने के लिए जुटने का आह्वान करेंगे। पिछली 5 जुलाई से राज्य के अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में बूथ स्तरीय नेताओं-कार्यकर्ताओं के अभिनंदन का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। 15 जुलाई तक सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों में यह कार्यक्रम संपन्न हो जाएगा। अपनी सभाओं के दौरान भाजपा सोरेन सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरने में जुटी है पर मुकाबला कड़ा है।

## खबर संक्षेप

### कल्पतरु प्रोजेक्ट्स को 2,995 करोड़ के ठेके

**नई दिल्ली।** कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल को उसके संयुक्त उद्यमों तथा अंतरराष्ट्रीय अनुषंगी कंपनियों के साथ मिलकर 2,995 करोड़ रुपये के ठेके मिले हैं। एक बयान में कंपनी ने कहा कि नए ठेके पारेषण व वितरण (टीएंडडी), भवन व कारखाने (बीएंडएफ) और जल व्यवसाय श्रेणियों में मिले हैं।

### वेदांता डिबेंचर से 1,000 करोड़ रुपए जुटाएगी

**नई दिल्ली।** खनन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी वेदांता लिमिटेड की योजना डिबेंचर जारी कर 1,000 करोड़ रुपये तक जुटाने की है। वेदांता लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कंपनी के निदेशकों ने निजी नियोजन के आधार पर 1,000 करोड़ रुपये मूल्य के 1,00,000 गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर के आवंटन को मंजूरी दे दी है।

### सेबी एचबीएन डेयरीज की संपत्तियां करेगा नीलाम

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) एचबीएन डेयरीज एंड अलाइड लिमिटेड की आठ संपत्तियों की नीलामी अगले महीने 67.70 करोड़ रुपये के आरक्षित मूल्य पर करेगा। यह कदम एचबीएन डेयरीज द्वारा अवैध सामूहिक निवेश योजनाओं के जरिये जुटाई गई धनराशि को वसूलने के सेबी के प्रयास का एक हिस्सा है।

### मुंबई में महंगे घरों की बिक्री आठ फीसदी बढ़ी

**मुंबई।** मुंबई में 10 करोड़ रुपये से अधिक कीमत वाले लक्जरी घरों की मांग चालू साल की पहली छमाही (जनवरी-जून) में आठ प्रतिशत बढ़कर करीब 12,300 करोड़ रुपये पर पहुंच गई।

### संदीप निदेशक बने



**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) में निदेशक (वित्त) के तौर पर संदीप कुमार को नियुक्त किया है। इससे पहले वह पीएफसी में कार्यकारी निदेशक (वित्त) के पद पर कार्यरत थे।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# दुनियाभर में बढ़ेंगे करोड़पति, यूनाइटेड किंगडम व नीदरलैंड्स में बहेगी उल्टी गंगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पूरी दुनिया में करोड़पतियों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। विकसित देशों के साथ ही विकासशील देशों में भी अमीरों की संख्या में इजाफा हुआ है। भारत भी इस मामले में तेजी से आगे भाग रहा है।

■ विकसित देशों के साथ विकासशील देशों में बढ़ रहे अमीर

अब यूबीएस की नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि साल 2028 तक 52 देशों में करोड़पतियों की संख्या बढ़ती रहेगी। हालांकि, यूनाइटेड किंगडम लैंड्स में यह ट्रेंड बिलकुल उलटा दिखाई दे रहा है। यहां करोड़पतियों की संख्या घटती दिखाई दे रही है।

## फाइनेंशियल फर्म यूबीएस ने जारी की सर्वे रिपोर्ट

### सबसे ज्यादा करोड़पति अमेरिका में, चीन दूसरे नंबर पर

रिपोर्ट के अनुसार, सबसे ज्यादा करोड़पति इस समय अमेरिका में हैं। वहां लगभग 2.2 करोड़ लोग करोड़पति हैं। अगले 5 साल में यह आंकड़ा लगभग 16 फीसदी की दर से आगे बढ़ सकता है। दूसरे नंबर पर चीन मौजूद है। हालांकि, वहां करोड़पतियों की संख्या अमेरिका से काफी कम है। चीन में इस समय लगभग 60 लाख लोग करोड़पति हैं। चीन में अमीरों की संख्या साल 2028 तक 8 फीसदी की दर से आगे बढ़ सकती है।




### यूके और नीदरलैंड्स में कम हो जाएंगे करोड़पति

यूबीएस ने कहा है कि यूनाइटेड किंगडम और नीदरलैंड्स में करोड़पतियों की संख्या कम होने जा रही है। फर्म का अनुमान है कि नीदरलैंड्स में अमीरों की संख्या 12 लाख से घटकर लगभग 11 लाख रह जाएगी. उधर, सबसे ज्यादा अमीरों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर मौजूद यूनाइटेड किंगडम में करोड़पतियों की संख्या में 17 फीसदी की बड़ी गिरावट आ सकती है। वहां फिलहाल 30 लाख से भी ज्यादा करोड़पति हैं, जो कि 2028 तक घटकर लगभग 25 लाख रह जाएंगे। यूके इस लिस्ट में जापान, फ्रांस और जर्मनी से भी पीछे जा सकता है।

*52 देशों में बढ़ेगी दौलतमंदों की संख्या :* फाइनेंशियल फर्म यूबीएस के मुताबिक, सर्वे में शामिल रहे 56 देशों में से 52 में दौलतमंदों की संख्या बढ़ती दिखाई दे रही है। इस लिस्ट में सबसे आगे ताइवान रहा है। करोड़पतियों की संख्या 5 साल में लगभग 47 फीसदी बढ़ सकती है। इसके अलावा तुर्की में लगभग 43 फीसदी और कजाकिस्तान में अमीरों की संख्या 37 फीसदी बढ़ सकती है। यूबीएस ने इस लिस्ट में उन लोगों को शामिल किया है, जिनकी दौलत कम से कम 10 लाख डॉलर हो जाएगी।

*युद्ध के बावजूद रूस में बढ़ रहे करोड़पति*

*यूबीएस के चीफ इकोनॉमिस्ट पॉल डोनोवन ने बताया कि यूक्रेन के साथ युद्ध के बावजूद रूस में करोड़पतियों की संख्या लगभग 21 फीसदी बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि यूनाइटेड किंगडम में फिलहाल उनकी इकोनॉमी की स्थिति की तुलना में कहीं ज्यादा करोड़पति हैं।*

## नई कर व्यवस्था में भी लाभ देने का दिया सुझाव

# बीमा कंपनियों को स्वास्थ्य बीमा के लिए बजट में और कर छूट मिलने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विशेषज्ञों ने बजट से पहले स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर कर छूट सीमा बढ़ाने तथा नई कर व्यवस्था में भी इसका लाभ देने का सुझाव दिया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को 2024-25 का बजट पेश करेंगी। यह नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला प्रमुख नीतिगत दस्तावेज होगा।

बीमा कंपनी फ्यूचर जनरली इंडिया इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अनूप राऊ ने कहा कि देशभर में स्वास्थ्य देखभाल की लागत में उल्लेखनीय वृद्धि के बावजूद आयकर अधिनियम की धारा 80डी के तहत स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर कटौती की सीमा पिछले नौ साल से अपरिवर्तित बनी हुई है।

### स्वास्थ्य बीमा का लाभ बढ़ाने की जरूरत

राऊ ने कहा, 'यह सबसे अच्छा होगा यदि चिकित्सा बीमा की सीमा मुद्रास्फीति से जुड़ी हो और प्रत्येक एक-दो साल में खुद-ब-खुद इसमें संशोधन हो। साथ ही, नई कर व्यवस्था में भी स्वास्थ्य बीमा का लाभ बढ़ाने की आवश्यकता है क्योंकि इसकी पहुंच बढ़ाना महत्वपूर्ण है। इसीलिए, हमें उम्मीद है कि आगामी बजट में स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर छूट सीमा में कुछ बढ़ोतरी की घोषणा की जाएगी।'

### भारत में शुल्क सबसे ज्यादा

मेडिकल टेक्नोलॉजी एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एम-ताई) के अध्यक्ष पवन चौधरी ने कहा कि भारत में चिकित्सा उपकरणों पर लगाए गए सीमा शुल्क और कर दुनिया में सबसे ज्यादा हैं और यह सीधे मरीजों को प्रभावित करते हैं। उन्होंने कहा, दूसरी ओर, सिंगापुर, हांगकांग, इटली और नॉर्वे जैसे देश इस तरह का कोई शुल्क नहीं लगाते हैं।



### आस्ट्रेलिया व जापान में न्यूनतम शुल्क

ऑस्ट्रेलिया और जापान केवल न्यूनतम 0.5 प्रतिशत शुल्क लगाते हैं, जबकि अमेरिका में यह दो प्रतिशत और चीन में तीन प्रतिशत है। उन्होंने कहा, 'ऐसे में भारत में चिकित्सा उपकरणों के अवैध आयात का जोखिम है। इस तरह के व्यापार से देश के राजस्व में कमी आएगी।'

### 70 वर्ष से अधिक आयु वालों के लिए हो विस्तारित

*नेगी ने कहा, आयुष्मान भारत को 70 वर्ष से अधिक आयु वालों तक विस्तारित करना वरिष्ठ नागरिकों के लिए अत्यधिक फायदेमंद होगा। साथ ही इस बात पर भी गौर करने की जरूरत है कि पांच लाख रुपये की वर्तमान सीमा कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के लिए पर्याप्त नहीं है। इस बीमारी के उपचार की लागत 15-20 लाख रुपये तक हो सकती है।*

- आयकर अधिनियम की धारा 80 डी के तहत कटौती
- बीमा प्रीमियम पर कटौती की सीमा पिछले नौ साल से अपरिवर्तित
- चिकित्सा बीमा की सीमा मुद्रास्फीति से जुड़ी हो

### कर्मचारियों को कम दरों पर हो पेशकश

बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी तपन सिंघल ने कहा कि कर्मचारियों को कम दरों पर स्वास्थ्य बीमा की पेशकश, स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर जीएसटी में कमी और 80डी के तहत छूट सीमा में वृद्धि जैसे कर लाभ जैसे सुधार स्वास्थ्य बीमा को अधिक किफायती और सुलभ बनाएंगे।

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए प्रीमियम कटौती सीमा हटे

सिंघल ने कहा, 'इसके अतिरिक्त वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम के लिए कटौती की सीमा हटाने से उनका वित्तीय बोझ काफी कम हो जाएगा।' राजीव गांधी कैंसर इंस्टिट्यूट एंड रिसर्च सेंटर (आरजीसीआईआरसी) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डीएस नेगी ने कहा कि देश में कैंसर देखभाल में सुधार पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है...यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि सभी मरीजों इन अत्याधुनिक उपचारों तक पहुंच हो।

### विश्व घटनाचक्र वार्षिकी के साथ प्रतियोगिता दर्पण का 'वार्षिकांक' उपलब्ध




आगरा। सिविल सर्विसेज, एसएससी, बैंक पीओ, यूजीसी नेट एवं आगामी अन्य परीक्षाओं में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को सफल बनाने के लिए प्रतियोगिता दर्पण के वार्षिकांक के रूप में प्रकाशित अगस्त माह के अंक को बिक्री के लिए आज जारी किया गया। इस अवसर पर संपादक एवं प्रकाशक राहुल जैन ने पत्रकारों को बताया कि विश्व घटनाचक्र इस वार्षिकांक का प्रमुख आकर्षण है जिसका पाठकों को बहुत ही बेसब्री से इंतजार रहता है। इस वार्षिकांक में सिविल सेवा हेतु तैयारी की रणनीतियों से संबंधित अत्यन्त आवश्यक अध्ययन सामग्री का भी समावेश किया गया है। श्री जैन ने बताया कि वार्षिकांक में विश्व भर में पूरे वर्ष की अनेक महत्वपूर्ण घटनाओं का क्रमबद्ध तरीके से संक्षिप्तीकरण किया गया है।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-खुली निविदा सूचना**

मंडल अभियंता सम्पदा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा दिनांक 02.08.2024 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

| क्र.सं. | एनआईटी | 10(A,B)/24-25/डब्ल्यूई | |
|---|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | (ए) सहायक मंडल अभियंता/सम्पत्ति-III के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/रेलवे बोर्ड के कार्य क्षेत्र में प्रथम तल पर गलियारा, लिफ्ट लॉबी में लकड़ी का फर्श, फाल्स सीलिंग, टाइल्स, कमरों की पेंटिंग उपलब्ध कराने के प्रावधान हेतु। | |
| | | (बी) सहायक मंडल अभियंता/सम्पत्ति-III के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/रेलवे बोर्ड के कार्य क्षेत्र में दूसरी मंजिल पर गलियारा, लिफ्ट लॉबी में लकड़ी का फर्श, फाल्स सीलिंग, टाइल्स, कमरों की पेंटिंग उपलब्ध कराने और ग्राउंड फ्लोर पर सीसीटीवी रूम के प्रावधान हेतु। | |
| 2 | अनुमानित लागत | (ए) रुपये 34967033.67 | (बी) रुपये 33176981.78 |
| 3 | धरोहर राशि | (ए) रुपये 324800.00 | (बी) रुपये 315900.00 |
| 4 | समापन अवधि | (ए) 08 महीने | (बी) 08 महीने |
| 5 | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | निविदा दिनांक 02.08.2024 को 15.00 बजे तक जमा की जा सकती है एवं तत्काल खोली जाएगी। | |

पत्र संख्याः- 128-डब्ल्यू/269/निविदा सूचना/24-25/डब्ल्यू-ई/
टेंडर. नः 10 (ए.बी) दिनांकः 09.07.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ | 2104/24

**पहचान की अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक मृत व्यक्ति जिसका नाम अज्ञात, **पुत्र** अज्ञात **पता** अज्ञात जिसकी **उम्र** करीब 60 वर्ष, **कदः 5'9"**, **रंगः** गेहुँआ, जिसने लाल, काले रंग की चेकदार कमीज और काली रंग की पैंट पहनी है जो कि 15.06.2024 को शाम 4:00 बजे वाइन शॉप के पास,16 ब्लॉक, त्रिलोकपुरी, दिल्ली पर मृत अवस्था में मिला। इस संदर्भ में **DD No.46A, दिनांकः 15.06.2024** थाना मयूर विहार, दिल्ली में दर्ज है।

इस मृतक व्यक्ति के बारे में किसी भी व्यक्ति को कोई भी जानकारी/सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरित एवं निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करने की कृपा करें।


**थानाध्यक्ष**
**थानाः मयूर विहार, दिल्ली**
फोन नं. 011-22710335, 22711048
मो.: 8750870627

दि.पु./8950/पूर्व जिला/2024

# कंपनी परिणाम से पहले बाजार में मुनाफावसूली

■ सेंसेक्स, निफ्टी में मामूली गिरावट

एजेंसी ▶▶| मुंबई



स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को उतार-चढ़ाव के बीच बीएसई सेंसेक्स 27 अंक के मामूली नुकसान में रहा। निवेशकों ने कंपनियों के जून तिमाही के नतीजों से पहले प्रमुख कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली की। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 27.43 अंक की गिरावट के साथ 79,897.34 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 8.50 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 24,315.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 24,402.65 अंक तक गया और नीचे में 24,193.75 अंक तक आया।

*इन शेयरों में रही घट-बढ़ : सेंसेक्स के शेयरों में बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, सन फार्मा, नेस्ले, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। लाभ में रहने वाले शेयरों में आईटीसी, टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स और टाइटन शामिल हैं।*

# बीएसएनएल दे रहा सबसे सस्ता प्रीपेड प्लान,107 रुपए में 35 दिनों की वैलिडिटी

**नई दिल्ली।** अगर आप एक ऐसा प्लान सर्च कर रहे हैं जो कम पैसे खर्च कर ज्यादा दिन की वैलिडिटी दे तो ऐसा प्लान आपको जियो, एयरटेल या वीआई नहीं सिर्फ बीएसएनएल में मिल सकता है। क्योंकि सभी प्राइवेट कंपनियां आपके प्लान्स को महंगा कर चुकी हैं। ऐसे में अगर आप दो सिम यूज करते हैं और दूसरे सिम को एक्टिव रखने के लिए एक अच्छा प्लान सर्च कर रहे हैं। तो यहां हम आपको बीएसएनएल के एक ऐसे ही प्लान से रूबरू करा रहे हैं। एसएनएल के पास 107 रुपए का प्रीपेड प्लान है जो लंबी वैलिडिटी के साथ आता है। सबसे पहले, बीएसएनएल का 107 रुपए का प्लान 35 दिनों की सर्विस वैलिडिटी के साथ आता है। जो अब ग्राहकों के लिए बड़ी बात है क्योंकि अब इतनी कम कीमत में कोई भी प्राइवेट टेलिकॉम कंपनी ये फायदा नहीं दे रही है। बीएसएनएल इस प्लान में डेटा बेनिफिट भी दे रहा है। इस प्लान में कंपनी 200 मिनट की वॉयस कॉलिंग के साथ 3जीबी डेटा ऑफर कर रही है

**बीएसएनएल इस प्लान में डेटा बेनिफिट भी दे रहा है**

**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसआईआईडीसी | आईएमटी फरीदाबाद में 40 अदद फीडर पैनल्स की एसआईटीसी समेत 47 अदद 200 केवीए पोल माउंटेड डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर्स की आपूर्ति, खड़ा करना, स्थापना, परीक्षण और प्रचालन। | 10.07.2024 30.07.2024 | 3.49 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | se.electrical@hsiidc.org.in |


अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/27730/I/88/7 दि. 11.07.24

**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | एमडीयू रोहतक में विश्वविद्यालय परिसर में संस्थानात्मक भवन में विविध प्रकार के विभिन्न कार्यों हेतु ठेकेदार/एजेंसियों का पैनल तैयार करना। | 08.07.2024 29.07.2024 | 42.36 लाख | https://mdurohtak. https://works.haryana.gov.in & etenders.hry.nic.in | 9991366698 xen.civil@mdurohtak.ac.in |
| 2 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | म.द. विश्वविद्यालय परिसर, रोहतक और सीपीएएस, गुरुग्राम परिसर में संस्थानात्मक भवनों, छात्रावासों और मकानों में सिविल और जन स्वास्थ्य कार्यों के रखरखाव हेतु सेवाओं का प्रावधान (लेबर पार्ट केवल)। | 08.07.2024 29.07.2024 | 147.60 लाख | https://mdurohtak. https://works.haryana.gov.in & etenders.hry.nic.in | 9991366698 xen.civil@mdurohtak.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/60/27701/I/88/7 दि. 11.07.24


## राशिफल


**मेष** — नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। खर्च बढ़ेंगे। मीठे खानपान के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग भी बन रहे हैं।


**वृष** — मानसिक शान्ति बनाये रखने के लिए प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। कारोबार के प्रति सचेत रहेत। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है।


**मिथुन** — यात्रा पर जाना पड़ सकता है। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी।


**कर्क** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।


**सिंह** — रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है।


**कन्या** — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।


**तुला** — आय में वृद्धि होगी। सेहत का ध्यान रखें। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। यश की प्राप्ति होगी।


**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। किसी मित्र का सहयोग से सम्पत्ति में निवेश हो सकता है।


**धनु** — खर्च बढ़ेंगे। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। भवन सुख में वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।


**मकर** — कारोबार का विस्तार होगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। मन प्रसन्न रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**कुंभ** — अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। बातचीत में संयत रहें। किसी मित्र के सहयोग से धन की प्राप्ति हो सकती है।


**मीन** — आय में वृद्धि होगी। यात्रा लाभप्रद रहेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार में वाद-विवाद की स्थिति से बचने के प्रयास करें। आत्मसंयत रहें।

### सोना 50 रुपए मजबूत चांदी 100 रुपए चढ़ी

**नई दिल्ली।** आभूषण विक्रेताओं की ताजा लिवाली और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूती के रुख के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 50 रुपये की तेजी के साथ 75,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। बुधवार को सोना 75,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 100 रुपये की तेजी के साथ 94,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गयी। इससे पिछले सत्र में चांदी 94,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। संघ ने कहा कि सराफा बाजारों में सोना पिछले बंद भाव के मुकाबले 50 रुपये बढ़कर 75,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा है।


### ग्रामीण बैंक के द्वारा ऋण शिविर का आयोजन

**नई दिल्ली।** सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय, गुरुग्राम में ऋण शिविर का आयोजन दिनाक 11 जुलाई को किया गया, जिसमें फरीदाबाद और गुरुग्राम जिले के ग्राहकों ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता बैंक के महाप्रबंधक श्रीमान सलारिया जी ने की और दिनाक 26.06.2024 से 11.07.2024 के दौरान वितरित किए गए ऋणों के लिए स्वीकृत पत्र वितरित किए गए। इस दौरान क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा लगभग 23 करोड़ के स्वीकृत पत्र वितरित किए गए।श्रीमान सलारिया जी ने सभी ग्राहकों का अभिवादन करते हुए उन्हें बैंक की विभिन्न जमा एवम ऋण योजनाओं से विस्तार से अवगत करवाया और **MSME** ऋणों के लाभ बताए। विशिष्ट ग्राहकों को समान्नित भी किया।क्षेत्रीय प्रबंधक गुरुग्राम श्रीमान निशांत जैन जी ने भी ग्राहकों का अभिनंदन करते हुए उन्हें नए ऋण आवेदनों के लिए आमंत्रित किया और दूसरे लोगो तक बैंक की योजनाओं को बताने का आग्रह किया।

### भारत का वनस्पति तेल आयात 18 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** कच्चे पाम तेल और कच्चे सूरजमुखी तेल के अधिक आयात के कारण खाद्य और अखाद्य तेलों सहित वनस्पति तेलों का आयात जून में 18 प्रतिशत बढ़कर 15.5 लाख टन पर पहुंच गया। व्यापार जगत के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) के आंकड़ों से पता चलता है कि जून, 2024 के दौरान वनस्पति तेलों का आयात एक साल पहले की समान अवधि के 13,14,476 टन की तुलना में 15,50,659 टन रहा। खाद्य तेलों का आयात जून में बढ़कर 15,27,481 टन हो गया, जो पिछले साल इसी महीने में 13,11,576 टन था। अक्टूबर में समाप्त होने वाले तेल वर्ष 2023-24 के पहले आठ महीनों के दौरान वनस्पति तेलों का आयात पिछले वर्ष की इसी अवधि के 1,04,83,120 टन की तुलना में दो प्रतिशत घटकर 1,02,29,106 टन रह गया।

## शब्द पहेली - 5569



**बाएँ से दाएँ**
1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.वीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4

**ऊपर से नीचे**
1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरुर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.पत्नी की बहन-2

### शब्द पहेली- 5568 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ना | द | र | णी | य | ■ | प्र | क्षे | प | क |
| सं | ग | ■ | वे | ■ | कृ | पा | ण | ■ | र | म |
| वै | ■ | अ | दा | व | त | ■ | य | हां | ■ | जो |
| धा | रा | दा | र | ■ | ■ | अ | ■ | का | त | र |
| नि | ■ | व | ■ | प्र | क्षा | ल | न | ■ | म | ■ |
| क | म | त | र | ता | ■ | सा | ग | र | गा | मी |
| ■ | लि | ■ | स | र | मा | या | ■ | द | ■ | न |
| बे | का | बू | ■ | णा | ■ | ■ | व | न | वा | सी |
| क | ■ | आ | स | ■ | अ | द | र | क | ■ | लै |
| द | म | ■ | ब | हा | र | ■ | दा | ■ | ता | व |
| र | सा | त | ल | ■ | ज | ही | न | कु | श | ल |

## सूडोकु नवताल - 5580

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5579 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE




# एफिल टावर का टुकड़ा पदक के रूप में ले जाएंगे पेरिस ओलंपिक चैंपियन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पेरिस ओलंपिक की शुरुआत में 13 दिन का समय शेष है। भारतीय दल इसके लिए पूरी तरह है। भारत को इस बार उम्मीद है कि पेरिस में खिलाड़ी अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन करेंगे। इस बार के ओलंपिक में दुनियाभर के खिलाड़ी कई तरह के बदलावों के तहत मैदान में अपना दम दिखाएंगे। अलग-अलग बदलावों में एक बदलाव विजेताओं को मिलने वाले पदक में भी हुआ है।

पेरिस ओलंपिक और पैरालिंपिक के आयोजकों ने इसी साल आठ फरवरी को पहली बार पदकों का अनावरण किया था। खेलों में पदक जीतने वाले खिलाड़ी प्रतिष्ठित एफिल टावर का एक टुकड़ा घर ले जाएंगे। पदक का एक हिस्सा एफिल टावर के टुकड़ों से बना है। ओलंपिक खेल 26 जुलाई से 11 अगस्त तक जबकि पैरालंपिक 28 अगस्त से आठ सितंबर तक होंगे।




### खेलों के पुनर्जन्म की कहानी

ओलंपिक पदक का दूसरा पहलू ग्रीस में खेलों के पुनर्जन्म की कहानी कहता है। 2004 से पदकों की एक पारंपरिक विशेषता है। जीत की देवी एथेना नाइक को अग्रभूमि में दर्शाया गया है, जो 1896 में ओलंपिक खेलों के पुनरुद्धार का गवाह बने पैनाथेनिक स्टेडियम से निकलती है।

### रिबन का भी टॉवर से कनेक्शन

ओलंपिक पदकों के दूसरे पक्ष की एक और अनिवार्य विशेषता, एक्रोपोलिस इस डिजाइन में पहली बार एफिल टॉवर से जुड़ा है। इस प्रकार ग्रीस में प्राचीन खेलों की प्रेरणा, आधुनिक ओलंपिक खेलों की फ्रांसीसी उत्पत्ति और पेरिस में उनके अगले संस्करण सभी का प्रतिनिधित्व किया गया है। यहां तक कि ओलंपिक और पैरालंपिक पदकों के रिबन का भी एफिल टॉवर से कनेक्शन है। इन्हें एफिल टावर की जाली के काम से सजाया जाएगा।



### कुल 5084 पदक

साल के सबसे बड़े खेल आयोजन के लिए कुल 5084 पदक बनाए गए हैं। पदक में 18-ग्राम षट्भुज (हेक्सागॉन) टोकन है। ये अतीत में स्मारक के नवीनीकरण के दौरान एफिल टावर से निकाले गए लोहे से बने हैं। इन पदकों को चौमेट ज्वेलर ने डिजाइन किया है।

### पदकों में एफिल टावर का धातु

मार्टिन फोरकेड की अध्यक्षता में पेरिस 2024 एथलीट आयोग ने ओलंपिक खेलों के लिए पदकों पर विचार करने के लिए एक टीम का नेतृत्व किया। एक बयान में कहा गया, 'फ्रांस और पेरिस के प्रतिष्ठित स्मारक, एफिल टॉवर को खेलों की सबसे प्रतिष्ठित वस्तु, पदक के साथ जोड़ना हमारे लिए एक स्पष्ट विकल्प था। पैरालिंपिक पदकों में नीचे से एफिल टॉवर का दृश्य दिखाई देता है और उन पर ब्रेल लिपि में पेरिस 2024 अंकित है। इससे फ्रांसीसी लेखक लुई ब्रेल को श्रद्धांजलि देने का काम किया गया है।

### पदकों में बदलाव

सेंट लुई 1904 खेलों में पहली बार स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक का उपयोग किया गया। ये पदक यूनान की पौराणिक कथाओं के शुरुआती तीन युगों का प्रतिनिधित्व करते हैं। स्वर्णिम युग- जब इंसान देवताओं के साथ रहता था, रजत युग- जहां जवानी सौ साल की होती थी और कांस्य युग या नायकों का युग।

### स्वर्ण पदक पूरी तरह सोना नहीं

रोचक तथ्य है कि स्वर्ण पदक पूरी तरह सोने का नहीं बना होता। स्टॉकहोम खेल 1912 में आखिरी बार पूरी तरह सोने के बने तमगे दिए गए। अब पदकों पर सिर्फ सोने का पानी चढ़ाया जाता है। आईओसी के दिशानिर्देशों के अनुसार स्वर्ण पदक में कम से कम छह ग्राम सोना होना चाहिए। लेकिन असल में पदक में चांदी का बड़ा हिस्सा होता है।

## खबर संक्षेप



### पाक के टेस्ट कप्तान बने रहेंगे शान मसूद

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और कोच जेसन गिलेस्पी ने व्यस्त अंतरराष्ट्रीय सत्र से पहले राष्ट्रीय टीम के टेस्ट कप्तान के रूप में शान मसूद पर भरोसा जताया है। सीमित ओवरों के क्रिकेट में बाबर आजम की कप्तानी पर फैसला बाद में किया जाएगा। पाकिस्तान को इस साल अक्टूबर में तीन मैच की टेस्ट श्रृंखला में इंग्लैंड की मेजबानी करनी है जबकि बांग्लादेश, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज का भी सामना करना है। इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले टेस्ट कप्तान के रूप में पदभार संभालने वाले मसूद को पूर्ण समर्थन मिला।

### उस अद्भुत कैच को देखकर दंग रह गया

**हरारे।** रवि बिश्नोई हमेशा से मुस्तैद फील्डर रहे हैं लेकिन उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ तीसरे टी20 मैच में आवेश खान की गेंद पर



ब्रायन बेनेट का जो अद्भुत कैच लपका, उससे उनके साथी खिलाड़ी भी हतप्रभ रह गए। ड्रेसिंग रूम में चर्चा बिश्नोई के कैच की हो रही थी। आवेश ने मैच के बाद कहा, 'उसने जब वह कैच पकड़ा तो मुझे नहीं लगता है कि उसे 'रिएक्शन टाइम' मिला होगा। मैं भी समझ नहीं पाया कि पलक झपकते क्या हो गया। मैं हैरान था कि उसने वह कैच कैसे लपका।'

### जूनियर फ्रेंच ओपन में सीधे प्रवेश का मौका

**नई दिल्ली।** भारतीय खिलाड़ियों के पास अन्य एशियाई खिलाड़ियों के साथ अगले साल होने वाले जूनियर फ्रेंच ओपन में सीधे प्रवेश का मौका होगा जब पहला रोलां गैरो जूनियर सीरिज क्वालीफाइंग




टूर्नामेंट 16 से 25 अक्टूबर तक तोक्यो में खेला जाएगा। टोक्यो में होने वाले टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई वही खिलाड़ी कर सकेंगे जो कजाखस्तान और चीन में क्षेत्रीय क्वालीफाइंग टूर्नामेंट खेलेंगे। इनमें लड़के और लड़कियों के वर्ग में फाइनल में पहुंचने वाले खिलाड़ी टोक्यो में खेल सकेंगे जिसमें विजेता को 2025 जूनियर फ्रेंच ओपन में सीधे प्रवेश मिलेगा।

### बाबर को काफी मौके मिल चुके: अफरीदी

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व हरफनमौला शाहिद अफरीदी ने टी20 विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद आलोचना झेल रहे कप्तान बाबर आजम को आड़े हाथों लिया है। पूर्व चैंपियन पाकिस्तान को टी20 विश्व कप में अमेरिका और भारत ने हराकर ग्रुप चरण से ही बाहर कर दिया।

### स्टॉपेज टाइम में वाटकिंस ने दागा गोल, इंग्लैंड ने नीदरलैंड को 2-1 से हराया

# यूरो 2024 : इंग्लैंड ने फाइनल में बनाई जगह, स्पेन से होगा खिताबी मुकाबला


एजेंसी ▶▶| डॉर्टमंड

एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्टॉपेज टाइम में ओली वाटकिंस के गोल के दम पर इंग्लैंड ने नीदरलैंड को 2-1 से हराकर यूरो फुटबॉल चैंपियनशिप 2024 के फाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उसका सामना स्पेन से होगा। नीदरलैंड के लिए 21 वर्ष के जावी सिमंस ने पहला गोल दागा। वहीं केन ने बराबरी का गोल पेनल्टी पर किया।

इंग्लैंड के कोच गेरेथ साउथगेट ने कप्तान हैरी केन की जगह वाटकिंस को मैदान पर बुलाने का साहसिक फैसला लिया और स्टॉपेज टाइम के पहले ही मिनट में उसने गोल करके इसे सही साबित कर दिया। यूरो 2024 के नॉकआउट चरण में इंग्लैंड के लिये जूड बेलिंगघम ने स्टॉपेज टाइम में बराबरी का गोल किया था।

### 58 साल से खिताब का सूखा

इंग्लैंड ने स्लोवाकिया को अंतिम 16 के मुकाबले में हराया और स्विटजरलैंड को पेनल्टी शूट आउट में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। इंग्लैंड ने आखिरी बार 1966 विश्व कप में खिताबी जीत दर्ज की थी जिसके बाद से टीम कोई बड़ा खिताब नहीं जीत सकी है। इंग्लैंड पहली बार विदेश में फाइनल खेलेगा। उसने 1966 विश्व कप वेम्बले स्टेडियम पर जीता था और यूरो 2020 फाइनल भी वहीं खेला गया था जिसमें उसे इटली ने हराया था।



**कोच का मास्टर स्ट्रोक :** वाटकिंस इससे पहले इस बार यूरो चैंपियनशिप में डेनमार्क के खिलाफ ग्रुप मैच में सब्स्टीट्यूट के तौर पर उतरे थे। साउथगेट ने 80वें मिनट में जब उन्हें उतारने का फैसला किया तो सभी को हैरानी हुई। लेकिन यह उनका मास्टर स्ट्रोक साबित हुआ।

### कोपा अमेरिका : कोलंबिया 23 साल में पहली बार खेलेगा फाइनल




**चार्लोट।** कोलंबिया ने उरुग्वे पर 1-0 से तनावपूर्ण जीत के बाद 23 साल में पहली बार कोपा अमेरिका फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश कर लिया हालांकि आखिरी सीटी बजने के बाद खिलाड़ियों और दर्शकों के बीच में झड़प हो गई। कोलंबिया के लिए 39वें मिनट में जैफरसन लेरमा ने गोल किया। अब कोलंबिया का सामना रविवार को गत चैंपियन लियोनेल मेसी की अर्जेंटीना से होगा। वहीं उरुग्वे की टीम तीसरे स्थान के मुकाबले में कनाडा से खेलेगी। कोलंबिया इससे पहले 2001 में अपनी मेजबानी में कोपा अमेरिका खिताब जीता था।

#### मैच के बाद भिड़े दर्शक

कोपा अमेरिका सेमीफाइनल में कोलंबिया के हाथों उरुग्वे की एक गोल से हार के बाद दोनों टीमों के समर्थकों से हाथापाई हो गई जिसमें डारविन नुनेज समेत उरुग्वे के भी कई खिलाड़ी शामिल हो गए। तनावपूर्ण मुकाबले के बाद उरुग्वे टीम की बेंच के पीछे प्रशंसक आपस में भिड़ गए। मैदान पर जमा 70644 दर्शकों में से 90 प्रतिशत कोलंबिया के समर्थक थे लेकिन उरुग्वे के प्रशंसक भी थोड़ी तादाद में पहुंचे थे। हाथापाई में दोनों गुटों ने एक दूसरे पर पेय पदार्थ फेंके।

**विंबलडन**

## मुसेट्टी पहली बार सेमीफाइनल में, जोकोविच से होगा सामना



एजेंसी ▶▶| लंदन

इटली के लोरेंजो मुसेट्टी ने अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को हराकर विंबलडन सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया और कॅरियर में पहली बार वह किसी ग्रैंडस्लैम में अंतिम चार में पहुंचे हैं।

उन्होंने साढ़े तीन घंटे तक चला यह मुकाबला 3-6, 7-6, 6-2, 3-6, 6-1 से जीता। वह पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम में चौथे दौर से आगे पहुंचे हैं लेकिन अब उनके सामने नोवाक जोकोविच के रूप में कॅरियर की सबसे बड़ी चुनौती है। सात बार के चैंपियन जोकोविच 13वीं बार विंबलडन और 49वीं बार ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में पहुंचे हैं और उन्होंने रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी की है। महिला वर्ग में 2022 की चैंपियन एलेना रिबाकिना ने एलिना स्वितोलिना को 6-3, 6-2 से हराया। वहीं 31वीं रैंकिंग वाली बारबरा क्रेइसिकोवा ने 13वीं रैंकिंग वाली येलेना ओस्टापेंको को 6-4, 7-6 से मात दी।

### टेनिस में बैडमिंटन से बेहतर कर सकती थी



**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल को लगता है कि अगर उन्होंने बैडमिंटन खेलने के बजाय टेनिस का रैकेट पकड़ा होता तो वह बतौर खिलाड़ी और बेहतरीन प्रदर्शन कर सकती थीं। साइना दुनिया में शीर्ष रैंकिंग हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला शटलर बनीं और वह ओलंपिक पदक जीतने वाली देश की पहली महिला एथलीट भी बनीं। राष्ट्रपति भवन में 'हर स्टोरी - माई स्टोरी' बातचीत के दौरान साइना ने कहा, 'कभी कभार मुझे लगता है कि अगर मेरे माता पिता ने मुझे टेनिस में डाला होता तो अच्छा होता।'

**क्रिकेट**

## श्रीलंका में तीन वनडे और तीन टी20 खेलेगा भारत



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को घोषणा की कि भारत जुलाई और अगस्त में श्रीलंका के दौरे के दौरान पाल्लेकल और कोलंबो में तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और इतने ही वनडे मैच खेलेगा। सफेद गेंद का दौरा टी20 अंतरराष्ट्रीय (26, 27 और 29 जुलाई) से पाल्लेकल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होगा। इसके बाद श्रृंखला के वनडे (एक, चार, सात अगस्त) कोलंबो में आर प्रेमदासा अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले जाएंगे। भारतीय टीम नव नियुक्त मुख्य कोच गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में खेलेगी जबकि श्रीलंका भी नए कोच सनत जयसूर्या के साथ होगी। भारत को अभी श्रृंखला के लिए टीम घोषित करनी है और आठ जुलाई को एजेंसी की खबर के अनुसार सीनियर खिलाड़ी जैसे विराट कोहली और रोहित शर्मा को इस दौरे पर आराम दिया जाएगा। उम्मीद है कि हार्दिक पंड्या को टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम की कमान सौंपी जा सकती है जबकि केएल राहुल को वनडे टीम का कप्तान नियुक्त किया जा सकता है।

### हसरंगा ने टी20 कप्तान का पद छोड़ा

**कोलंबो।** वानिंदु हसरंगा ने भारत के खिलाफ तीन मैच की आगामी श्रृंखला से पहले श्रीलंका के टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान का पद गुरुवार को छोड़ दिया। श्रीलंका क्रिकेट की विज्ञप्ति के अनुसार, 'श्रीलंका क्रिकेट लोगों को सूचित करना चाहता है कि राष्ट्रीय पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम के कप्तान वानिंदु हसरंगा ने कप्तानी से इस्तीफा देने का फैसला किया है।

**डियन रेसिंग फेस्टिवल**

### गांगुली ने खरीदी रॉयल टाइगर्स टीम



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने इस साल अगस्त और सितंबर के बीच होने वाले 'इंडियन रेसिंग फेस्टिवल' 2024 में कोलकाता रॉयल टाइगर्स टीम खरीदी। कोलकाता की रेसिंग टीम इस प्रतियोगिता में पदार्पण करेगी जिसमें हैदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, गोवा, कोच्चि और अहमदाबाद की सात टीमें भी इसमें हिस्सा लेंगी। 'इंडियन रेसिंग फेस्टिवल' में दो मुख्य चैंपियनशिप होंगी जो इंडियन रेसिंग लीग और फॉर्मूला 4 इंडियन चैंपियनशिप हैं। इस जुड़ाव पर उत्साह से भरे भारतीय क्रिकेट बोर्ड के पूर्व प्रमुख गांगुली ने कहा, 'मैं 'इंडियन रेसिंग फेस्टिवल' में कोलकाता की टीम के साथ इस यात्रा को शुरू कर काफी उत्साहित हूं। मोटरस्पोर्ट हमेशा ही मेरा जुनून रहा है।

**सम्मान...**




**लंदन।** ईसीबी अध्यक्ष रिचर्ड थॉम्पसन ने 100 टेस्ट की उपलब्धि पूरी करने पर बेन स्टोक्स को सिल्वर कैप भेंट की।

### युजवेंद्र चहल को हरियाणा सरकार से मिला सम्मान



*नई दिल्ली। भारतीय टीम ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल मैच में साउथ अफ्रीका को 7 रन से मात दी और 17 साल के लंबे इंतजार के बाद टी20 विश्व कप की ट्रॉफी अपने नाम की। चैंपियन बनने के बाद भारतीय खिलाड़ियों को अलग-अलग राज्यों में मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। इस बीच भारत के लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल को गुरुवार को गुरुग्राम में हरियाणा के सीएम नायब सिंह से सम्मान मिला। उन्होंने चहल को एक खास तोहफा दिया है, जिसका वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सीएम ने चहल को पहले वर्ल्ड कप विजेता का मेडल पहनाया और फिर शॉल पहनाकर उनका सम्मान किया।*


### मुंबई में 'प्यूमा' ने 'चैंपियंस ऑफ द गेम' का किया आयोजन

# सिंधू के स्मैश की रफ्तार, जेना के थ्रो का मना जश्न

एजेंसी ▶▶| मुंबई

शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू, भाला फेंक एथलीट किशोर जेना और हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश कुछ ऐसे खिलाड़ी हैं जिनकी उपलब्धियों का 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक से पहले शहर में जश्न मनाया गया।

ओलंपिक के लिए भारतीय ओलंपिक संघ की आधिकारिक 'फुटवेयर' खेल का सामान बनाने वाली कंपनी 'प्यूमा' ने 'चैंपियंस ऑफ द गेम' का जश्न मनाने के लिए गुरुवार को यहां एक 'आउटडोर' अभियान लांच किया गया जिसके अंतर्गत विभिन्न स्थलों पर खिलाड़ियों की छवियां दिखेंगी। ओलंपिक दल के कुल 45 भारतीय एथलीट जर्मनी की कंपनी का प्रतिनिधित्व करेंगे जिसका 'सी द गेम लाइक वी डू' अभियान का उद्देश्य यहां खिलाड़ियों की उपलब्धियों का जश्न मनाना है। प्यूमा ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पीवी सिंधू के ताकतवर 'स्मैश', ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश की सहजता से दनदनाती गेंद को रोकने की काबिलियत छवियों के जरिए पूरी मुंबई में दिखाई देगी। साथ ही एशियाई खेलों के पदक विजेता किशोर जेना के थ्रो की छवि एक बड़ी इमारत के बराबर होगी।'



### ट्रेन के पूरे कोचों पर छपेगी फोटो

'सिंधू के स्मैश की रफ्तार 349 किमी प्रति घंटे है जो मुंबई के सेंट्रल लाइन रूट की रफ्तार से तीन गुना है। उनकी शानदार उपलब्धि की छवि इस रूट की स्थानीय ट्रेन के पूरे कोचों पर छपी होगी।' जेना का सर्वश्रेष्ठ 87.54 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो की छवि को प्रभादेवी में इसी तरह दिखाया जाएगा। मुंबई और ठाणे के बीच एक्सप्रेस हाइवे पर श्रीजेश की फोटो डिजिटल बिलबोर्ड पर दिखेगी। पेरिस ओलंपिक के दौरान भारत के 100 से ज्यादा खिलाड़ियों को पोडियम और ट्रैवल फुटवियर, ट्रॉली, बैकपैक, सिपर्स, योग के लिए मैट, हेडबैंड्स, रिस्टबैंड, जुराबें और तौलिए दिए जाएंगे।




◆ शिवानी राजा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज कर रचा इतिहास

# भारतीय मूल की सांसद ने भगवतगीता पर हाथ रख कर ली शपथ



भारतीय मूल की शिवानी राजा ने कंजर्वेटिव पार्टी से लीसेस्टर ईस्ट सीट पर ऐतिहासिक जीत हासिल की है। इसके बाद उन्होंने ब्रिटेन की संसद में गीता पर हाथ रखकर पद की शपथ ली।

एजेंसी ▶▶ लंदन

भारतीय मूल की 29 वर्षीय ब्रिटिश सांसद शिवानी राजा ने ब्रिटेन की संसद में श्रीमद् भगवद् गीता पर हाथ रखकर शपथ ली है। शिवानी राजा गुजराती व्यवसायी हैं। शिवानी ने लीसेस्टर ईस्ट सीट पर कंजर्वेटिव पार्टी के लिए ऐतिहासिक जीत हासिल की। इनके जीतने के बाद इस निर्वाचन क्षेत्र में लेबर पार्टी का 37 साल का वर्चस्व खत्म हो गया। वह भारतीय मूल के लेबर उम्मीदवार राजेश अग्रवाल के खिलाफ चुनाव लड़ रही थीं।

ब्रिटेन की सांसद के रूप में शपथ लेने के तुरंत बाद शिवानी ने एक्स हैंडल पर लिखा कि लीसेस्टर ईस्ट का प्रतिनिधित्व करने के लिए आज संसद में शपथ लेना सम्मान की बात है।

### ब्रिटेन में 263 महिलाएं बनी सांसद

ब्रिटेन के चुनाव में इस बार शिवानी के अलावा, 27 अन्य भारतीय मूल के संसद सदस्य हाउस ऑफ कॉमन्स के लिए चुने गए हैं। ब्रिटेन के चुनाव में इस बार एक और रिकॉर्ड दर्ज हुआ है। हाउस ऑफ कॉमन्स में पहली बार ऐसा हुआ है जब 263 महिलाओं ने चुनाव में जीत हासिल की है, जो कुल संख्या का लगभग 40 प्रतिशत है। इनमें से सबसे अधिक 90 अश्वेत सांसद हैं।





### नए सांसदों की बाढ़ आई

*ब्रिटेन में 14 साल बाद कंजर्वेटिव पार्टी के हाथ से सत्ता निकल गई है। नए सांसदों की जैसे बाढ़ आ गई है। राजा के साथ भारतीय मूल के सांसद बॉब ब्लैकमैन, बिहार में जन्मे लेबर सांसद कनिष्क नारायण और विपक्षी नेता ऋषि सुनक ने भी भगवद गीता पर शपथ ली। ब्रिटिश संसद की 650 सीटों में से 412 पर लेबर पार्टी ने कब्जा जमाया है।*

### 37 साल बाद लीसेस्टर ईस्ट सीट पर कंजर्वेटिव पार्टी को मिली सफलता

शिवानी की जीत से 37 वर्षों में पहली बार ऐसा हुआ है जब इस सीट पर कंजर्वेटिव उम्मीदवार को सफलता मिली है। शिवानी राजा ने 14,526 वोट पाकर लंदन के पूर्व डिप्टी मेयर राजेश अग्रवाल को हराया, जिन्हें 10,100 वोट मिले।

नई दिल्ली में गुरुवार को आयोजित किए गए बिम्सटेक के विदेश मंत्रियों के दूसरे सम्मेलन को संबोधित करते हुए बोले विदेश मंत्री एस. जयशंकर

# बंगाल की खाड़ी क्षेत्र के बीच नई ऊर्जा-नए संसाधनों संग सहयोग के लिए प्रतिबद्ध बिम्सटेकः जयशंकर



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने गुरुवार को नई दिल्ली में आयोजित किए गए बिम्सटेक (द बे ऑफ बंगाल इनीशिएटिव फॉर मल्टी सेक्टोरल टेक्निकल एंड इकोनॉमिक कोऑपरेशन) समूह के दूसरे सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बिम्सटेक बंगाल की खाड़ी क्षेत्र के देशों के बीच नई ऊर्जा और नए संसाधनों के साथ सहयोग के लिए प्रतिबद्ध हैं। समूह के विदेश मंत्रियों का संदेश इस मामले पर स्पष्ट होना चाहिए। भारत के लिए बहुक्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी पहल (बिम्सटेक) उसकी पड़ोसी पहले, पूर्व की ओर देखो नीति और सागर परियोजना के दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है।

इस दिशा में किए जा रहे सभी प्रयासों में बंगाल की खाड़ी क्षेत्र पर ध्यान दिया जा रहा है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारतीय विदेश मंत्री ने सम्मेलन में यह भी कहा कि समूह के विदेश मंत्रियों का संदेश इस मायने में भी स्पष्ट होना चाहिए कि वे सभी बंगाल की खाड़ी क्षेत्र के बीच नई ऊर्जा और संसाधनों के साथ सहयोग के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### क्षमता निर्माण पर आकांक्षाएं रखे बिम्सटेक

जयशंकर ने कहा कि क्षमता निर्माण और आर्थिक सहयोग दीर्घकालिक लक्ष्य हैं। इनका महत्व समय के साथ और बढ़ गया है। ऐसे में बिम्सटेक जैसे संगठन को बड़ी आकांक्षाएं रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सम्मेलन के पहले भाग में कनेक्टिविटी, व्यापार और व्यवसाय, स्वास्थ्य और अंतरिक्ष, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और क्षमता निर्माण के क्षेत्र में परस्पर सहयोग पर चर्चा होगी। बिम्सटेक समूह में भारत के अलावा श्रीलंका, म्यांमार, बांग्लादेश, नेपाल, थाईलैंड और भूटान जैसे देश शामिल हैं। हमारे लिए बेहतर के लिए बदलाव करना एक चुनौती है। इसे तेजी से करना होगा। भारत के सार्क के तहत क्षेत्रीय सहयोग के लिए एक अच्छा मंच बनाने की दिशा में लगातार प्रयास जारी हैं। सागर फ्रेमवर्क के जरिए भारत हिंद महासागर क्षेत्र में देशों के साथ सहयोग कर रहा है। बिम्सटेक सम्मेलन का उद्देश्य समूह देशों के बीच विचारों का खुले तौर पर दृढ़ता से आदान-प्रदान करना है।

### म्यांमार से भारतीयों की वापसी का मुद्दा उठाया

बिम्सटेक सम्मेलन से इतर विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने समूह देशों के विदेश मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इसमें भूटान, श्रीलंका, बांग्लादेश और म्यांमार के विदेश मंत्री शामिल हैं। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर इन बैठकों के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने म्यांमार को लेकर कहा कि म्यांमार के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री यू थान स्वे से मुलाकात की। सीमा पर स्थिरता और विस्थापित व्यक्तियों के प्रवाह के बारे में अपनी चिंताओं को साझा किया। इसके अलावा अवैध मादक पदार्थों और हथियारों के व्यापार, विद्रोही समूहों की गतिविधियों के मुद्दों पर भी बात की। साइबर घोटाला गिरोहों द्वारा अवैध रूप में हिरासत में लिए गए भारतीयों की शीघ्र वापसी के लिए जोरदार अंदाज में दबाव डाला। विदेश मंत्री ने बैठक में ये भी दोहराया कि भारत म्यांमार में लोकतंत्र की वापसी का समर्थन करता है और इस संबंध में सभी हितधारकों के साथ सहयोग करता है। बांग्लादेश के विदेश मंत्री डॉ.हसन महमूद के साथ बैठक पर विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि ये बैठक लगातार उच्च स्तरीय आदान-प्रदान मैत्री की ताकत को और आगे बढ़ाने के तरीकों पर विचार किया गया। उन्होंने थाईलैंड और म्यांमार के विदेश मंत्रियों के साथ त्रिपक्षीय बैठक की। उन्होंने कहा कि ये चर्चा कनेक्टिविटी परियोजनाओं पर केंद्रित थी। जो बिम्सटेक के भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। सीमा स्थिरता और मानवीय सहायता पर भी विचार साझा किए गए। साइबर, नशीले पदार्थों व अवैध हथियारों सहित अंतरराष्ट्रीय अपराधों का मुकाबला करना तीनों देशों की साझा प्राथमिकता है। नेपाल की विदेश सचिव के साथ विदेश मंत्री ने बैठक की। इसमें सहयोग की स्थिर वृद्धि पर चर्चा की गई। श्रीलंका के विदेश मंत्री के साथ द्विपक्षीय साझेदारी पर बातचीत की गई।

अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन में फंसी सुनीता ने दी जानकारी


# अंतरिक्ष से सहयोगी संग जुलाई के अंत में धरती पर लौटेंगी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर अब भी फंसे हुए हैं। दरअसल विलियम्स और विल्मोर को 13 जून तक धरती पर वापस आ जाना था लेकिन स्पेसशिप में खराबी आने की वजह से दोनों अंतरिक्ष में फंस गए हैं।

बोइंग स्पेस कैप्सूल में तकनीकी खामी के कारण उनकी वापसी अब तक संभव नहीं हुई है। बता दें कि सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर 5 जून को अंतरिक्ष मिशन के लिए स्टारलाइनर में सवार होकर रवाना हुए थे। नासा को उम्मीद है कि दोनों यात्रियों की जल्द वापसी होगी।





### विलियम्स ने कहा सुरक्षित आएंगे घर

*हालांकि बुधवार को एक प्रेस कांफ्रेंस करके दोनों ने कहा कि उन्हें स्टारलाइनर टीम और अंतरिक्ष यान भरोसा है कि थ्रस्टर की खराबी को दुरुस्त कर लिया जाएगा और उनकी सुरक्षित घर वापसी होगी। सुनीता विलियम्स ने कहा, मेरे दिल में यह अच्छी भावना है कि अंतरिक्ष यान हमें घर ले आएगा, कोई समस्या नहीं आएगी।*

## रूस-ऑस्ट्रिया दोनों देशों के साथ भारत की दोस्ती बढ़ीः पीएम



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी दो दिवसीय रूस-ऑस्ट्रिया यात्रा के बाद भारत वापस आ चुके हैं। पीएम मोदी का यह दौरा कई मायने में खास रहा। उन्होंने अपने इस यात्रा के दौरान रूस और ऑस्ट्रिया में रह रहे भारतयी प्रवासियों को संबोधित किया। अपने संबोधन के माध्यम से पीएम मोदी ने एक बार फिर संदेश दिया कि भारत ने दुनिया को 'युद्ध' नहीं 'बुद्ध' दिया है। पीएम मोदी ऑस्ट्रिया की यात्रा करने वाले तीसरे भारतीय प्रधानमंत्री बन गए। उन्होंने अपनी वापसी की जानकारी खुद सोशल मीडिया के माध्यम से दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि यह भारत के लिए ऐतिहासिक यात्रा रही। रूस-ऑस्ट्रिया दोनों देशों के साथ भारत की दोस्ती बढ़ी। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रिया यात्रा ऐतिहासिक और अत्यधिक उपयोगी रही। भारत का दोनों देशों के बीच मित्रता में नया जोश जुड़ा है। उन्होंने कहा कि मुझे वियना में विविध कार्यक्रमों में भाग लेने पर काफी खुशी है। साथ ही उन्होंने ऑस्ट्रियाई सरकार और लोगों को उनके आतिथ्य और स्नेह के लिए धन्यवाद दिया। पीएम मोदी ने ऑस्ट्रिया में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हजारों साल पहले से हम अपना ज्ञान और विशेषज्ञता साझा करते रहे हैं।

12 जुलाई से लेकर 2 अगस्त तक किया जाएगा आयोजन

# पिच ब्लैक युद्धाभ्यास में भाग लेने के लिए ऑस्ट्रेलिया पहुंचा वायुसेना दल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती चीन की आक्रामकता के बीच ऑस्ट्रेलिया में शुक्रवार से बहुराष्ट्रीय 'पिच ब्लैक-2024' युद्धाभ्यास की शुरुआत होगी। इसमें भाग लेने के लिए भारतीय वायुसेना का एक दल गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया के डार्विन वायुसैन्य अड्डे पर पहुंचा। वायुसेना ने एक बयान जारी कर बताया कि इस वर्ष यह द्विवार्षिक युद्धाभ्यास 12 जुलाई से लेकर 2 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। इसकी मेजबानी रॉयल ऑस्ट्रेलियाई वायुसेना करेगी। पिच ब्लैक युद्धाभ्यास में दुनिया के 20 देशों की वायुसेनाओं के 140 विमान और 4 हजार 400 सैन्यकर्मी भाग लेंगे। पिच ब्लैक को रात के समय में आबादी विहीन इलाकों में उड़ान के रूप में परिभाषित किया जाता है।



### हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ेगी क्षमता

पिच ब्लैक युद्धाभ्यास वायुसेना को एक ऐसा अवसर प्रदान करता है। जिसकी मदद से विभिन्न भागीदार देशों की वायुसेनाओं के बीच एकीकरण और एक-दूसरे की अच्छी आदतों का आदान प्रदान करने का अवसर मिलता है। लंबी दूरी के इस तरह के क्रियाकलापों में भाग लेने से उसकी रणनीतिक क्षमता मजबूत होती है और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एकीकृत अभियानों में सहयोग करने चुनौतीपूर्ण माहौल में मजबूत हवाई सहयोग का निर्माण करना भी आसान होता है। वायुसेना ने पिच ब्लैक युद्धाभ्यास के 2018 और 2022 में आयोजित किए गए अन्य संस्करणों में भी भाग लिया था।

### बढ़ेगा अंतरराष्ट्रीय सहयोग

वायुसेना ने बताया कि इस बार युद्धाभ्यास की समयावधि बीते 43 वर्षों के इसके इतिहास में सबसे ज्यादा होगी। इसमें मुख्यतः अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने पर खासा जोर दिया जाएगा। भारतीय वायुसेना के चार सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान युद्धाभ्यास में शामिल होंगे। इसके अलावा ग्रिपन और टाइफून के लड़ाकू विमान जैसे एफ-35, एफ-22, एफ-18 और एफ-15 भी इसका हिस्सा बनेंगे। भारतीय वायुसेना के दल में 150 उच्च कौशल वाले वायु कर्मी शामिल हैं। इनमें पायलट, इंजीनियर, तकनीशियन, कंट्रोलर और विषय से जुड़े अन्य विशेषज्ञ शामिल हैं। सुखोई विमानों के अलावा वायुसेना के दल में सी-17 ग्लोबमास्टर और आईएल-78 विमान शामिल हैं।

वैज्ञानिकों ने शोध कर किए ये दावे

# लद्दाख की पहाड़ियों में मिली मंगल ग्रह जैसी चट्टानें

एजेंसी ▶▶ लेह

लद्दाख की पहाड़ियों में मंगल ग्रह जैसी चट्टानें पाई गई हैं। इनके रंग, चित्र, बनावट तथा इनमें पाए जाने वाले रासायनिक तत्वों में समानता देखी गई है। बीरबल साहनी पुराविज्ञान संस्थान (बीएसआईपी) के वैज्ञानिकों ने लंबी रिसर्च के बाद यह साबित किया कि लद्दाख की चट्टानों के चित्र और रंग मंगल ग्रह से आए चित्रों और वहां के वातावरण के अध्ययन से मेल खाते हैं। वैज्ञानिकों ने रॉक वार्निश के रंग, आकार, तथा रासायनिक तत्वों के अध्ययन से यह निष्कर्ष निकाला है कि मंगल ग्रह पर भी ऐसी चट्टानें हो सकती हैं। बीएसआईपी का यह शोध आने वाले दिनों में भारत के मिशन मंगल को सफल बनाने में मददगार साबित होगा।

### काले-भूरे रंग की मिलती जुलती चट्टानें पाई गई हैं

लैब में चित्रों और रॉक वार्निश के पार्टिकल्स का अध्ययन किया। इसके बाद इस नतीजे पर पहुंचे कि नासा के 2020 के मिशन मार्स से आए चित्रों और अन्य एलीमेंट में काफी समानता है। जब मंगल ग्रह के चित्रों और लद्दाख के रॉक वार्निश के चित्रों को मिलान कराया गया तो दोनों लगभग एक जैसे दिखे। मंगल ग्रह की ब्राउन चमकीली चट्टानें लद्दाख की चट्टानों से मिलती-जुलती पाई गईं। काले-भूरे रंग की चट्टानों में मैग्नीज, आयरन जैसे तत्व पाए गए। नासा के रोवर ने जो सैंपल भेजे थे उसमें भी यह तत्व पाए गए थे। लद्दाख में मेग्नेटोफॉसिल्स की उपस्थिति जीवनचक्र की पुष्टि करती है। चट्टानों और रासायनिक तत्वों की समानता यह संकेत देती है मंगल ग्रह पर भी जीवन चक्र की उपस्थिति हो सकती है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109